वित्तीय लेखांकन

टिप्पणी

बी.बी.ए.

१. मूलभूत जानकारी

वर्ष	शिक्षाक्रम सां.	शिक्षाक्रम का नाम	प्रकार
१		वित्तीय लेखांकन	TH

२. शिक्षण क्रम के उद्‌देश्य

शिक्षण क्रम के उद्‌देश्यः– इस शिक्षाक्रम का उद्‌देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय लेखांकन विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी बतलाना है।

३. इकाई

इकाई	इकाई का नाम
१	लेखांकन
३	प्रविष्टियां एवं तलपट
४	शाख एवं विभागीय खाते, साझेदारी खाते
५	साझेदारी खाते, साझेदारी फर्म का विलयन

४. पाठ्यक्रम

इकाई	इकाई की विस्तृत जानकारी
१	**लेखांकनः** अर्थ, असवश्यकता, विकास, बहीखाता एवं लेखांकन, लेखांकन की अवधारणा, लेखांकन के सिद्धान्त, जर्नल प्रविष्टियां एवं दोहरा लेखा पद्धति, खाता बही एवं खाता बही में खतौनी (Ledger and Ledger Report)
२	**प्रविष्टियाँ एवं तलपटः** सहायक पुस्तकों में प्रविष्टियां, समायोजन प्रविष्टियां, तलपट तैयार करना, अंतिम खाते तैयार करना
३	**शाखा एवं विभागीय खातेः** स्वतंत्र एवं निर्भर (Independent and Dependent) शोखओं के खाते (विदेशी शाखा सहित) **साझेदारी खातेः–** समायोजन, साझेदारी फर्म का पुर्नगठन, साझेउारी का प्रवेश, साझेदार की सेवानिवृत, साझेदार की मृत्यु
४	**सोझेदारी खातेः** साझेदारी फर्म का समापन, फर्म के समापन की विधियां, साझेदारों का दिवालिया होना

टिप्पणी

	सोझेदारी फर्म का विलयनः फर्म का कंपनी को विक्रय, सम्पत्तियों का क्रमशः वसूलीकरण (Realization) एवं नकद का खण्डशः (Picemeal)

Financial Accounting BBA Unit 1-4

इकाई – 1 शिक्षण के उद्देश्य (Learning Objectives)

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपको ज्ञात होगा कि –

- लेखांकन क्या है और एक व्यावसायी के लिए लेखांकन करना क्यों आवश्यक है ?
- लेखांकन किस क्रम से विकसित होकर वर्तमान स्थिति में पहुंचा है।
- बहीखाता क्या है तथा यह लेखांकन से किस प्रकार भिन्न है ?
- लेखांकन के सिद्धान्तों, अवधारणाओ एवं परम्पराओं का पालन करना लेखांकन कार्य में क्यों आवश्यक माना गया है ?
- दोहरा लेखा पद्धति क्या है, यह व्यापारी के लिए किस प्रकार उपयोगी है तथा इसके अन्तर्गत व्यवहारों का लेखांकन करने से पूर्व किन किन शब्दों की जानकारी होना आवश्यक है।
- दोहरा लेखा पद्धति के अन्तर्गत प्रभावित होने वाले खाते कितने प्रकार के होते है तथा इनके सम्बंध में जर्नल में प्रविष्टियां करने के नियम कौन कौन से हैं।
- खाताबही क्या है तथा जर्नल से खाताबही में खतौनी किस प्रकार की जाती है ?

संरचना (Structure)

1.1 लेखांकन का परिचय

1.1.1 लेखांकन का अर्थ

1.1.2 लेखांकन की आवश्यकता

1.1.3 लेखांकन का विकास

1.1.4 बहीखाता एवं लेखांकन

1.1.5 लेखांकन के सिद्धान्त

1.1.5.1 लेखांकन की अवधारणाऐं

1.1.5.2 लेखांकन की परम्पराऐं

1.1.6 दोहरा लेखा पद्धति

1.1.7 जर्नल

1.1.8 खाताबही

1.1 लेखांकन का परिचय (Introduction to Accounting)

लेखांकन की कला अत्यन्त प्राचीन काल से चली आ रही है किन्तु उस समय यह इतने विकसित रूप में नहीं थी जितनी कि आधुनिक युग में है। लेखांकन के पुराने स्वरूप का विकास मुख्य रूप से व्यावसायिक इकाईयों का बाह्य पक्षों के साथ सम्बन्ध दर्शाने, अपनी सम्पत्तियों को सूचीबद्ध करने तथा व्यवसाय के संचालन से सम्बन्धित विभिन्न पक्षकारों से बकाया राशियों के सही निर्धारण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर हुआ था। पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर उत्पादन, तीव्र प्रतिस्पर्धा, बाजारों के विस्तार एवं तकनीकी परिवर्तनों ने लेखांकन के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। व्यक्ति के लिए सभी लेनदेनों एवं घटनाओं को याद रखना सम्भव नहीं है इसलिए वह इनका लेखा करता है ताकि आवश्यकता पड़ने पर सभी आवश्यक सूचनाऐं प्राप्त कर सके और उनके आधार पर निर्णय ले सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लेखाशास्त्र का विकास किया गया। आज लेखांकन व्यावसायिक संगठन की आर्थिक क्रियाओं के इतिहास को न केवल व्यवस्थित रूप से मुद्रा रूपी पैमाने में लिखता है अपितु व्यावसायिक व्यवहारों एवं घटनाओं के मौद्रिक प्रभावों के परिणामों को विभिन्न सम्बन्धित पक्षकारों के लिए सारांशित एवं निर्वचित करने के लिए लेखांकित एवं वर्गीकृत भी किया जाता है।

लेखांकन विज्ञान भी है और कला भी। किसी भी ज्ञान के सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध एवं नियमबद्ध अध्ययन को विज्ञान कहते है। इस रूप में लेखांकन के भी निश्चित नियम हैं। वर्तमान में लेखांकन अपने सर्वमान्य सिद्धान्तों एवं अवधारणाओं पर आधारित है, अतः यह विज्ञान है। दूसरी तरफ किसी कार्य को सर्वोत्तम तरीके से करने की विधि को कला कहा जाता है। कला, विज्ञान द्वारा प्रतिपादित नियमों को क्रियान्वित करती है। लेखांकन में भी लेखापाल लेखांकन के सिद्धान्तों का उपयोग उचित योग्यता एवं निपुणता से करता है ताकि लेखांकन के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। अतः, लेखांकन कला भी है।

1.1.1 लेखांकन का अर्थ (Meaning of Accounting)

लेखांकन को विभिन्न विद्वानों एवं लेखा संस्थानों ने भिन्न–भिन्न रूप से परिभाषित किया है। विभिन्न विद्वानों द्वारा दी गई कुछ परिभाषाएँ इस प्रकार हैं :

''लेखांकन प्रणाली व्यवसाय से सम्बन्धित सूचनाओं को मौद्रिक शब्दों में एकत्रित करने, सारांशित करने, विश्लेषण करने और सूचित करने का एक साधन है।''

आर.एन. एन्थोनी

''लेखांकन को – वित्तीय सूचनाओं को पहचानना, मापना, लिखना और संवहन करना कहा जा सकता है।''

हेरोल्ड बायरमेन एवं एलन आर. ड्रेबिन

उपर्युक्त दोनों परिभाषाएँ लेखांकन के कार्यक्षेत्र पर प्रकाश डालती हैं।

''लेखांकन प्रधान रूप में व्यावसायिक व्यवहारों और घटनाओं के लिखने का विज्ञान है और वित्तीय व्यवहारों एवं घटनाओं का महत्त्वपूर्ण सारांश बनाने, विश्लेषण करने, उनकी व्याख्या और परिणामों को उन व्यक्तियों तक पहुँचाने की कला है, जिन्हें उनके आधार पर निर्णय लेने हैं।''

स्मिथ और एशबर्न

इस परिभाषा में लेखांकन को कला एवं विज्ञान दोनों बतलाते हुए इसके क्षेत्र को अधिक स्पष्ट एवं व्यापक बना दिया गया है।

''लेखांकन व्यवसाय के लेखे एवं घटनाओं को जो पूर्णतः या आंशिक रूप में वित्तीय प्रकृति के होते हैं, मुद्रा में प्रभावपूर्ण विधि से लिखने, वर्गीकृत करने, सारांश में व्यक्त करने एवं उनके परिणामों की आलोचनात्मक विधि से व्याख्या करने की कला है।'' **अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउन्टेन्ट्स**

उपर्युक्त परिभाषाओं का अध्ययन करने पर लेखांकन के सम्बन्ध में निम्नलिखित विशेषताएं उभर कर सामने आती हैं :

1. लेखांकन एक सेवा सम्बन्धी क्रिया–कलाप है।
2. यह व्यावसायिक लेनदेनों एवं घटनाओं को लिखने एवं वर्गीकृत करने की कला एवं विज्ञान है।
3. लेखांकन में उन्हीं लेनदेनों का लेखा किया जा सकता है, जो वित्तीय प्रकृति के होते हैं तथा जिन्हें प्रायः मुद्रा में व्यक्त किया जा सकता है।
4. लेखांकन सारांश लिखने, विश्लेषण और निर्वचन करने की भी कला है।
5. लेखांकन द्वारा सम्बन्धित पक्षकारों को परिमाणात्मक वित्तीय सूचनाऐं प्रदान की जाती है।
6. इसकी सहायता से व्यक्ति उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में से तर्क–सम्मत विकल्प का चुनाव करने में सक्षम होता है व उसके लिए अभिसूचित निर्णय करना सम्भव होता है।
7. प्रारम्भिक लेखा, वर्गीकरण व सारांश लेखन के माध्यम से विभिन्न सूचनाओं की सभी मदों को उचित ढंग से एकत्रित करके सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रतिवेदन दिया जा सकता है।
8. एक सूचना प्रणाली के रूप में निर्णयन प्रक्रिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है।
9. यह ज्ञान की एक विशिष्ट शाखा है जिसके माध्यम से आर्थिक क्रियाकलापों को प्रतिरूपित किया जा सकता है।

1.1.2 लेखांकन की आवश्यकता (Need for Accounting)

एक व्यापारी या व्यावसायिक संस्था को लेखांकन की आवश्यकता इसलिए होती है जिससे यह ज्ञात हो सके कि जिन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए लेखांकन किया गया है उनकी पूर्ति हो रही है या नहीं। लेखांकन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक व्यवहारों को लेखा पुस्तकों में दर्ज कर इनकी सहायता से निर्णयन हेतु सूचनाएँ उपलब्ध करवाना होता है। संक्षेप में, लेखांकन की आवश्यकता निम्नलिखित कारणों से होती है –

(1) समस्त आर्थिक व्यवहारों का लेखा (Recording of all Economic Transactions) : व्यावसायिक व्यवहारों एवं घटनाओं का उचित वर्गीकरण कर उनका उचित पुस्तकों में लेखा करना तथा सम्पत्ति, दायित्व, पूंजी, आय एवं व्यय के रूप में उन्हें प्रदर्शित करना, आवश्यक होता है।

(2) लाभ–हानि का निर्धारण (Determination of Profit or Loss) : व्यावसायिक क्रियाऐं मुख्यतः लाभ कमाने के उद्देश्य से की जाती हैं। प्रत्येक व्यवसायी एक निश्चित अवधि में किये गये व्यवहारों का परिणाम जानना चाहता है। इसके लिए वह लेखा पुस्तकों में अंकित व्यवहारों के आधार पर आय विवरण अर्थात् लाभ हानि खाता तैयार करता है। यदि सम्बन्धित अवधि की आय, व्ययों से

टिप्पणी

अधिक है तो व्यवसायी को लाभ होता है और यदि व्यय, आय से अधिक है तो हानि होती है और परिणाम प्रतिकूल माने जाते हैं।

(3) वित्तीय स्थिति का चित्रण (Depiction of Financial Position) : प्रत्येक व्यवसायी समय–समय पर अपनी वित्तीय स्थिति की जानकारी प्राप्त करना चाहता है। वह जानना चाहता है कि एक निश्चित तिथि को व्यवसाय में उसका कितना हित है? व्यवसाय में विनियोजित धन किस स्वरूप में है, अर्थात् व्यवसाय के पास कौन–कौन सी सम्पत्तियाँ हैं? व्यवसाय पर देयतायें कितनी हैं? इन सब बातों की जानकारी एक विवरण पत्र की सहायता से प्राप्त की जाती है जिसे स्थिति विवरण या चिट्ठा कहते हैं। यह स्थिति विवरण वास्तव में एक दर्पण है, जो कि किसी तिथि विशेष को सम्पत्तियों एवं दायित्वों की स्थिति प्रदर्शित करता है।

(4) व्यवसाय पर प्रभावी नियन्त्रण (Effective Control over the Business) : लेखांकन के माध्यम से व्यवसाय के उत्पादन, विक्रय, लाभ, हानि, उत्पादन लागत आदि के वास्तविक समंको (आंकड़ों) की जानकारी प्राप्त होती है। वास्तविक समंको की बजटेड समंको से तथा अन्य प्रतियोगी फर्मों के समंको से तुलना की जा सकती है। इससे व्यापार से सम्बंधित क्रिया कलापों के अनुकूल व प्रतिकूल विचरणों का पता चलता है। विचरणों को दूर करने के लिए सुधारात्मक कार्यवाही की जा सकती है। इस प्रकार व्यवसाय पर लेखांकन द्वारा प्रभावी नियन्त्रण किया जाता है।

(5) व्यवसाय में हित रखने वाले पक्षों को सूचनाएँ उपलब्ध कराना (Providing information to Parties having interest in Business) : व्यवसाय में स्वामी के अतिरिक्त अनेक पक्षों, जैसे प्रबन्धकों, लेनदारों, कर्मचारीगण, समाज, वर्तमान एवं भावी विनियोग करने वाले शोधकर्ताओं सरकार आदि का भी हित होता है। इन सबको वांछित सूचनाऐं उपलब्ध करवाने के लिए लेखांकन आवश्यक है। व्यवसाय के स्वामी की रूचि लाभ में होती है। ऋणदाता एवं विनियोगकर्त्ता की रूचि अपनी विनियोजित राशियों की सुरक्षा में एवं ब्याज तथा लाभांश की प्राप्ति में होती है। कर्मचारियों का हित अपनी मजदूरी, बोनस तथा स्थायित्व में होता है। लेखांकन के द्वारा इन सबको वाँछित सूचनाएँ उपलब्ध करवायी जाती है।

(6) कर सम्बन्धी सूचनायें तैयार करना (Preparation of Details Regarding Tax) : वर्तमान व्यावसायिक जगत पर सरकार द्वारा अनेक प्रकार से करारोपण किया जाता है जैसे, आयकर, धनकर, वैट, विक्रय कर आदि। लेखांकन की सहायता से इन सब करों से सम्बन्धित विवरण तैयार किया जाता है। कर योग्य आय व धनकर का निर्धारण क्रमशः लाभ हानि खाते एवं स्थिति विवरण के आधार पर किया जाता है।

(7) वित्तीय संस्थाओं को आवश्यक सूचनाएँ उपलब्ध करवाना (Providing Necessary Information to Financial Institutions) : विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से धन की व्यवस्था करवाने के लिए व्यापारी को व्यवसाय से सम्बन्धित अनेक सूचनाएँ इन संस्थाओं को प्रदान करनी पड़ती है। जैसे गत वर्षों की बिक्री, स्टॉक की स्थिति, व्यवसाय की लाभदायकता, आर्थिक स्थिति आदि। इन सब सूचनाओं का विवरण प्रस्तुत करना लेखांकन के कारण ही संभव हो पाता है।

1.1.3 लेखांकन का विकास (Development of Accounting) :

लेखांकन उतना ही प्राचीन है जितनी मुद्रा। लिपिबद्ध इतिहास काल से पूर्व भी भारत में आय–व्यय के लेखांकन के संकेत मिलते हैं। वैदिक काल में लेखा–जोखा रखने की परम्परा विद्यमान

टिप्पणी

थी। लेखांकन तथा लाभ सम्बन्धी अवधारणा का मनु संहिता में भी स्पष्ट उल्लेख मिलता है। इतिहासकारों को वेदों, रामायण एवं महाभारत में भी लेखांकन अभिलेखों का उल्लेख मिला है। परन्तु तत्कालीन लेखांकन सीमित स्मरण–शक्ति के कारण सौदों को दर्ज करने का माध्यम मात्र रह गया था। लेखांकन विषय आज ज्ञान की एक विशिष्ट शाखा बन गया है। प्राचीन समय में मात्र अपने स्वामी के प्रति उत्तरदायी समझा जाने वाला लेखांकन वर्तमान युग में सम्पूर्ण समाज के लिए उत्तरदायी माना जाने लगा है। आज की अवस्था तक पहुंचने में लेखांकन का विकास क्रम इस प्रकार रहा –

(i) **कारिन्दा लेखांकन (Stewardship Accounting) :** सभ्यता के प्रारम्भिक युग में लेखांकन कारिन्दों या प्रबन्धकों (Stewards) को उनके कर्त्तव्य निर्वाह में सहायता प्रदान करता था। यही कारिन्दा लेखांकन वित्तीय लेखांकन प्रणाली की जड़ है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि लेखांकन प्रणाली की उत्पत्ति ईसा से भी 4500 वर्ष पुरानी है। वर्तमान में प्रचलित दोहरा लेखा पद्दति केवल 15वीं शताब्दी के अन्त में विकसित हुई है। इटली के वेनिस नगर के गणितज्ञ लुकास पैसियोली ने 1494 ई. में दोहरा लेखा प्रणाली के सिद्धान्तों को सर्वप्रथम प्रतिपादित किया। लेखांकन की बहीखाता शाखा का विकास इसी चरण में हुआ।

(ii) **वित्तीय लेखांकन (Financial Accounting) :** लेखांकन का यह कदम संयुक्त स्कन्ध कम्पनियों की उत्पति से जुड़ा हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप स्वामित्व एवं प्रबन्ध अलग–अलग हो गये। औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप व्यवसाय के आकार एवं स्वामित्व का विस्तार हो जाने के कारण व्यवसाय के संचालक एवं स्वामियों का उत्तरदायित्व बहुत बढ़ गया। संयुक्त पूंजी वाली कम्पनियों के रूप में स्थापित वृहद् उद्योगों ने लोगों का जीवन–स्तर तीव्र गति से विकसित किया है। परिवर्तित सामाजिक–आर्थिक विकास एवं कल्याणकारी राज्य की विचारधारा ने व्यावसायिक जगत में राज्य एवं लोगों की आशाओं को बहुत बढ़ा दिया है। परिणामस्वरूप, व्यवसाय के बारे में सभी पक्षकारों, जैसे – विनियोगकर्त्ता, प्रबन्धक–वर्ग, समाज, सरकार, श्रमिक–वर्ग आदि को सन्तुष्टि प्रदान करने के लिए लेखांकन ने भी अपने स्वरूप में परिवर्तन कर समाज के साथ कदम–से–कदम मिलाया और सौदों को दर्ज करने की क्रिया मात्र कहलाने वाला यह विषय एक सूचना प्रणाली के रूप में उभर कर सामने आया।

(iii) **प्रबन्धकीय लेखांकन (Management Accounting) :** इसका विकास 20वीं शताब्दी में हुआ है। अब लेखा सूचनाओं का प्रबन्धकीय निर्णयों हेतु उपयोग किया जाने लगा। इस प्रकार लेखांकन के क्षेत्र में 1950 ई. के बाद से प्रबन्धकीय कार्यों में सहायता पहुंचाने के लिए प्रबन्धकीय लेखांकन के रूप में एक नई दिशा का विकास हुआ है। अब लेखांकन एक पेशा बन गया है। लेखांकन के अपने निश्चित सिद्धान्त एवं मान्यतायें हैं जो देश व काल की विभिन्नता के बावजूद भी एक ही तरह से अपनाये जाते हैं। यद्यपि ये सिद्धान्त विशुद्ध विज्ञान की तरह अकाट्य नहीं हैं और इसलिए इसे विज्ञान की एक अन्य शाखा–सामाजिक विज्ञान के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(iv) **सामाजिक उत्तरदायित्व लेखांकन (Social Responsibility Accounting) :** लेखांकन के विकास का सबसे नया क्षेत्र सामाजिक उत्तरदायित्व लेखांकन है जो व्यवसाय द्वारा समाज को प्रदान की जा रही सेवाओं एवं समाज से प्राप्त की जा रही सुविधाओं की लागतों का लेखा रखता है। इससे समाज की व्यवसाय के प्रति जागरूकता बढ़ती है। लेखांकन समाज के भले के लिए है, सामाजिक उद्देश्य को पूरा करता है, सामाजिक प्रगति में योगदान देता है एवं समाज की प्रगति के साथ जुड़ा हुआ है। अतः, इसे सामाजिक विज्ञान के रूप में जाना जाता है।

टिप्पणी

1.1.4 बहीखाता एवं लेखांकन (Book-keeping & Accounting)

बहीखाता लेखांकन का ही एक अंग है। बहीखाता लेखांकन का वह हिस्सा है जिसमें प्रारम्भिक लेखा पुस्तकों में प्रविष्टि करना, वर्गीकरण, खतौनी, तलपट तैयार करना आदि कार्य किये जाते है। आधुनिक समय में लेखांकन का जो विकास हुआ है, उसकी प्रारम्भिक सीढ़ी बहीखाता है। लेखांकन सर्वप्रथम बहीखाता से ही प्रारम्भ हुआ था।

बहीखाता का अर्थ (Meaning of Book-keeping) : बहीखाता अंग्रेजी के दो शब्दों बुक तथा कीपिंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है – पुस्तकें रखना। पुस्तकें रखने से अभिप्राय निश्चित नियम एवं विधि के अनुसार आर्थिक व्यवहारों का पूर्ण लेखा करने के लिए लेखा पुस्तकों को रखना है। यहां लेखा करने का तात्पर्य नियमानुसार लेन–देनों को पुस्तकों में लिखने से है।

बहीखाता किसी व्यक्ति अथवा व्यावसायिक संगठन द्वारा व्यापार के समस्त लेन–देनों को लेखा पुस्तकों में निश्चित विधि तथा सिद्धान्तों के आधार पर शुद्धतापूर्वक लिखने का एक विज्ञान एवं कला है जिससे किसी भी निश्चित अवधि में व्यापार में होने वाले लाभ अथवा हानि को जाना जा सके तथा व्यापार की आर्थिक स्थिति का भी ज्ञान हो सके।

बहीखाता व लेखांकन में अन्तर (Difference between Book-keeping and Accounting)

अन्तर का आधार	बहीखाता (Book keeping)	लेखांकन (Accounting)
1. क्षेत्र	इसका क्षेत्र केवल व्यापारिक व्यवहारों का लेखा करने तक ही सीमित होता है। यह वास्तव में लेखांकन का प्रारम्भिक स्वरूप है।	इसका क्षेत्र बहीखाता की तुलना में विस्तृत होता है। बहीखाता इसमें सम्मिलित होता है।
2. उद्देश्य	बहीखाता का उद्देश्य प्रारम्भिक मौलिक पुस्तकें (जर्नल व खाताबही) तैयार करना है।	लेखांकन का उद्देश्य व्यावसायिक व्यवहारों का लेखांकन (Accounting), विश्लेषण (Analysis) एवं निर्वचन (Interpretation) करना है।
3. कार्य का स्तर	इसका कार्य निचले स्तर पर होता है और मुख्यतया लिपिक द्वारा किया जाता है।	इसका कार्य निचले, मध्यम एवं उच्च तीनों स्तरों पर होता है। निम्न स्तर पर लिपिक खातों को तैयार करते हैं, मध्यवर्ती स्तर पर लेखाकार इसकी रिपोर्ट तैयार करते हैं और उच्च स्तर पर प्रबन्धकीय लेखाकार इसका विश्लेषण एवं निर्वचन करते हैं।
4. पारस्परिक	बहीखाता केवल लेखा करने	लेखांकन, बहीखाता पर निर्भर करता है।

अन्तर का आधार	बहीखाता (Book keeping)	लेखांकन (Accounting)
निर्भरता	की कला है। लेखांकन इससे अर्थपूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण बनाता है।	बहीखाता इसका प्रमुख आधारभूत अंग है।
5. वित्तीय व्यवहारों का परिणाम	इससे व्यापार के वित्तीय व्यवहारों का परिणाम मालूम नहीं हो पाता है।	लेखांकन व्यवसाय के परिणाम को प्रदर्शित करता है। यह व्यवसाय के लाभ/हानि, सम्पत्तियों एवं दायित्वों को प्रकट करता है।
6. लेखांकन के सिद्धान्त	बहीखाता में लेखांकन के सिद्धान्तों को सभी व्यवसाय समान रूप से अपनाते हैं।	लेखांकन के तथ्यों की रिपोर्ट, विश्लेषण एवं निर्वचन के तरीकों में विभिन्न व्यवसायों में थोड़ी बहुत भिन्नता हो सकती है।

1.1.5 लेखांकन के सिद्धान्त (Principles of Accounting)

लेखांकन, व्यवसाय से सम्बन्धित सूचनाओं के सम्प्रेषण का आधार है। इनके द्वारा दी गई सूचनाऐं सभी सम्बन्धित पक्षों के लिए एकरूप होना आवश्यक है। इसके लिए विश्वभर के लेखाकारों ने कुछ ऐसे सिद्धान्त, अवधारणाएँ और परम्पराएँ विकसित की है जो लेखांकन से सम्बन्धित संस्थाओं एवं पेशेवरों के सर्वमान्य विचारों का प्रतिनिधित्व करती हैं, उन्हें 'लेखांकन सिद्धान्तों' या 'लेखांकन के सामान्यतः स्वीकृत सिद्धान्तों'' के नाम से जाना जाता है। लेखांकन सूचनाओं से विश्वसनीय एवं सर्वमान्य परिणाम उसी दशा में दिये जा सकते हैं जबकि लेखांकन के लिए सामान्यतः स्वीकृत सिद्धान्तों तथा प्रथाओं का पालन किया गया हो तथा अपेक्षित परिणाम एवं निष्कर्ष ऐसे सिद्धान्तों एवं प्रथाओं के अनुसार निकाले गये हों।

सिद्धान्त का अर्थ (Meaning of Principle) : सिद्धान्त से तात्पर्य ऐसे मूलभूत सत्य से है जिसे सर्वत्र एक समान स्वीकार किया जाता है।

''सिद्धान्त से अभिप्राय किसी कार्य के मार्ग–दर्शन हेतु प्रतिपादित या स्वीकृत सामान्य नियम से लिया जाता है।''

अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउन्टेन्ट्स

''किसी व्यवस्था या कार्य के नियन्त्रण हेतु प्रतिपादित कोई विचार, जिसे समाज के योग्य समझे जाने वाले व्यावसायिक वर्ग के सदस्यों द्वारा स्वीकार कर लिया जाय, सिद्धान्त कहलाता है।''

ई. एल. कोहलर

लेखांकन विज्ञान विकास की अन्तिम स्थिति में न होकर अभी विकास प्रक्रिया के दौर में ही है, परिणामस्वरूप लेखांकन सिद्धान्तों का तेजी से विकास हो रहा है। अतः, यह सिद्धान्त व्यवहार में होने वाले विभिन्न परिवर्तनों एवं सरकारी नीतियों आदि से प्रभावित होते रहते हैं।

लेखांकन सिद्धान्तों की विशेषताएँ (Characteristics of Accounting Principles) : लेखांकन सिद्धान्तों में निम्नलिखित विशेषताएँ पायी जाती हैं :–

1. लेखांकन सिद्धान्त मानव द्वारा निर्मित होते हैं, अतः वे भौतिक विज्ञान के प्राकृतिक नियमों की तरह स्वयंसिद्ध नहीं होते हैं।

टिप्पणी

2. लेखांकन सिद्धान्त लेखा–व्यवहार (Accounting Practice) में एकरूपता लाने के लिए और उनको बोधगम्य बनाने के लिए विकसित किये जाते हैं।

3. सिद्धान्त लेखाकारों के लेखांकन कार्य में दिशा निर्देशन करते है तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करते हैं।

4. ये सिद्धान्त अभी विकास की प्रक्रिया में हैं।

5. ये सिद्धान्त लोचपूर्ण (Flexible) होते हैं न कि कठोर अर्थात् लेखाशास्त्र से सम्बन्धित सिद्धान्तों (Theories) में परिवर्तन के साथ–साथ इनमें संशोधन आवश्यक हो जाता है। इस प्रकार का संशोधन राष्ट्रीय व अन्तर्रराष्ट्रीय स्तर पर अनेक मानकों (Standards) में किया जा चुका हैं।

लेखाकंन सिद्धान्तों के नियम (Rules governing Accounting Principles) : लेखांकन सिद्धान्त अथवा मानक निम्नलिखित नियमों से शासित होते हैं :

(अ) सम्बद्धता (Relevance) : लेखांकन सिद्धान्त लेखांकन सम्बन्धी विभिन्न विवरण पत्रों को तैयार करने में सहायक और उपयोगी होने चाहिए। ये सिद्धान्त उन व्यक्तियों के लिए अर्थपूर्ण भी होने चाहिए जो इन विवरण पत्रों का उपयोग करने वाले हैं।

(ब) वस्तुपरकता (Objectivity) : लेखांकन सिद्धान्त ऐसे होने चाहिए कि उनका उपयोग करने वाले विभिन्न व्यक्ति उनका एक ही अर्थ लगावें तथा वे व्यक्तिगत पक्षपात से पूर्णतः अप्रभावित रहे।

(क) व्यावहारिकता (Feasibility) : लेखांकन सिद्धान्त व्यावहारिक होने चाहिए अर्थात् वे ऐसे होने चाहिए कि व्यवहार में उन्हें लागू किया जा सके। सिद्धान्त आसानी से समझ में आने वाले होने चाहिए।

लेखांकन के सिद्धान्त कुछ आधारभूत अवधारणाओं, परम्पराओं एवं मान्यताओं के आधार पर विकसित हुए हैं। लेखांकन के इन सिद्धान्तों को निम्नलिखित दो मुख्य भागों में बांटा गया है –

(अ) लेखांकन की अवधारणायें या संकल्पनाएँ (Accounting Concepts or Postulates); तथा

(ब) लेखांकन की परम्परायें या प्रथाएँ (Accounting Conventions)

१.१.५.१ लेखांकन की अवधारणाएँ (Accounting Concepts)

अवधारणाओं का तात्पर्य उन मूलभूत विचारों से है जिन पर किसी भी विषय का सम्पूर्ण ढांचा टिका हुआ होता है तथा जिन्हें प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं रहती। लेखांकन अवधारणाऐं वे स्वयंसिद्ध आवश्यक मान्यताऐं हैं जिनके आधार पर लेखांकन सिद्धान्तों का निर्माण हुआ है। दूसरे शब्दों में वे सिद्धान्त जो बिना किसी प्रमाण के स्वीकार कर लिए जाते है, अवधारणाऐं कहलाती हैं। अवधारणाओं को जब जाँच, तर्क, अनुभव व युक्ति के आधार पर उपयोगी प्रमाणित कर लिया जाता है तथा उनको सर्वमान्य रूप से स्वीकार कर लिया जाता है तो वे लेखांकन के सिद्धान्तों के रूप में प्रयोग में आने लगती है।

(1) पृथक अस्तित्व की अवधारणा (Separate Entity Concept) : लेखांकन में हम व्यवसाय के अस्तित्व को उसके स्वामियों से पृथक मानते है। लेखांकन के दृष्टिकोण से व्यवसाय को एक अलग इकाई माना जाता है। लेखांकन का सम्बन्ध व्यवसायी से न होकर व्यवसाय से होता है। लेखांकन का उद्देश्य व्यवसाय के क्रियाकलापों का परिणाम एवं व्यवसाय की स्थिति जानना है अतः लेखा व्यावसायिक इकाई, फर्म, दुकान, कम्पनी, कारखाने आदि की पुस्तकों में किया जाता है न कि व्यवसाय के स्वामी, साझेदार, अंशधारियों आदि की पुस्तकों में। पृथक अस्तित्व की अवधारणा के

टिप्पणी

आधार पर ही व्यवसाय में उसके मालिकों द्वारा लगाई गई पूँजी को व्यवसाय की दृष्टि से दायित्व मानते हैं। इसी कारण से पूँजी पर ब्याज दिया जाता है। इसी प्रकार जब व्यवसायी अपने निजी प्रयोग हेतु राशि व्यापार से निकालता है तो उसे आहरण के रूप में दिखाते हैं। यदि लेखांकन में इस अवधारणा का पालन नहीं किया जाता है तो व्यवसाय के स्वामियों के निजी आय–व्यय व्यवसाय के आय–व्ययों में सम्मिलित हो जाएंगे और इसके परिणामस्वरूप व्यापार की सही लाभ–हानि का निर्धारण नहीं किया जा सकेगा। इसी प्रकार, व्यवसाय की सम्पत्तियों में निजी सम्पत्तियाँ तथा व्यवसाय के दायित्वों में निजी दायित्वों को मिला दिया जाए तो व्यवसाय की सही आर्थिक स्थिति का निर्धारण नहीं हो सकेगा।

(2) मुद्रा माप सम्बन्धी अवधारणा (Money Measurement Concept) : लेखांकन में हम केवल उन्हीं व्यवहारों का लेखा करते हैं जिनका मुद्रा रूपी पैमाने में मापन किया जा सके। जिन घटनाओं एवं व्यवहारों को मुद्रा में व्यक्त नहीं किया जा सकता है उनका लेखांकन भी नहीं किया जा सकता है चाहे वे व्यवसाय के लिए अत्यन्त उपयोगी ही क्यों न हो। जैसे – व्यवसाय में विश्वसनीय, कर्त्तव्यनिष्ठ, अच्छे कर्मचारियों की टीम का होना व्यवसाय की एक सम्पत्ति है परन्तु इसे मुद्रा में नहीं मापा जा सकता है अतः उसका लेखा पुस्तकों में लेखांकन नहीं किया जा सकता है। स्पष्टतः, उन घटनाओं एवं तथ्यों का लेखांकन नहीं किया जा सकता जिनका मौद्रिक रूप में मापन न हो सके जैसे, सभी पक्षों का पारस्परिक सहयोग अथवा मन–मुटाव, कर्मचारियों का अनुभव एवं योग्यता, व्यापारिक एकाधिकार एवं गलाकाट प्रतियोगिता, अच्छी या बुरी व्यापारिक परिस्थितियाँ, सरकारी नीतियां एवं ग्राहकों की रूचि में परिवर्तन आदि। ये घटनाऐं आपके व्यवसाय को प्रभावित करती हैं परन्तु इनका मुद्रा में मापन नहीं होने से इसका व्यवसाय में कोई लेखा नहीं हो सकता है।

(3) निरन्तरता की अवधारणा (Going Concern Concept) : लेखांकन इस मान्यता के आधार पर किया जाता है कि व्यवसाय दीर्घकाल तक चलता रहेगा जब तक कि कोई ऐसे कारण उपस्थित न हो जो कि विपरीत परिस्थितियाँ उत्पन्न करे। इसी मान्यता के आधार पर ही हम दीर्घकाल में उपयोग के लिए भूमि, भवन, प्लान्ट, मशीन आदि स्थायी सम्पत्तियाँ खरीदते हैं। यदि व्यवसाय दीर्घकाल तक जारी रखने का उद्देश्य न होता तो हम इन स्थायी सम्पत्तियों को खरीदने के बजाय किराये पर लेते। चालू व्यापार की अवधारणा के आधार पर ही सम्पत्तियों का चालू एवं स्थायी में वर्गीकरण किया जाता है तथा स्थायी सम्पत्तियों का लेखा हम लागत मूल्य पर करते हैं। स्थायी सम्पत्तियों के भावी उपयोगी जीवन काल की गणना भी इसी मान्यता पर आधारित है कि व्यवसाय भविष्य में निरन्तर चलता रहेगा तथा इसी वजह से हम प्रति वर्ष वार्षिक ह्रास का लेखा करते हैं।

(4) द्विपक्षीय अवधारणा (Dual Aspect Concept) : लेखांकन में प्रत्येक व्यवहार अथवा घटना दो या दो से अधिक खातों को प्रभावित करती है। एक खाते का 'नाम' पक्ष तथा दूसरे खाते का 'जमा' पक्ष प्रभावित होता है। यही द्विपक्षीय सिद्धान्त दोहरा लेखा प्रणाली का आधार है। कोई भी व्यवहार एक पक्षीय नहीं होता है। अतः, नाम व जमा पक्ष पर प्रभाव हमेशा बराबर रहता है। यदि सम्पत्तियों में वृद्धि होगी तो लेनदार अथवा पूंजी किसी में वृद्धि अवश्य होगी जो चिट्ठे तथा तलपट के योग को बराबर कर देगी। उदाहरणार्थ – किसी व्यावसायिक संस्था के मालिक ने 1,00,000 रु. की अतिरिक्त पूंजी लगाई तो इससे पूंजी खाता तथा बैंक शेष अथवा रोकड़ शेष प्रभावित होगा। इस तरह पूंजी खाते का जमा शेष 1,00,000 रु. से तथा बैंक अथवा रोकड़ का नाम शेष 1,00,000 रु. से बढ़ जायेगा।यह द्विपक्षीय सिद्धान्त ही दोहरा लेखा प्रणाली का आधार है। अतः, किसी लेनदेन से एक सम्पत्ति में वृद्धि होने पर दूसरी सम्पत्ति में कमी या दायित्व में वृद्धि हो सकती है। इसी प्रकार एक

टिप्पणी

सम्पत्ति में कमी होने पर किसी दूसरी सम्पत्ति में वृद्धि या किसी दायित्व में कमी भी हो सकती है। इसके विपरीत एक दायित्व में वृद्धि होने पर किसी दूसरे दायित्व में कमी या किसी सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। इसी प्रकार एक दायित्व में कमी होने पर किसी दूसरे दायित्व में वृद्धि या किसी सम्पत्ति में कमी हो सकती है।

(5) लागत अवधारणा (Cost Concept) : इस मान्यता के आधार पर विभिन्न व्यावसायिक लेनदेनों का लेखांकन उनकी लागत पर ही किया जाता है। लेखा पुस्तकों में चल व अचल सम्पत्तियों का लेखांकन उनकी लागत पर ही किया जाता है। अगर किसी वस्तु अथवा सेवा को प्राप्त करने में कोई लागत न लगे तो उसका पुस्तकों में लेखांकन ही नहीं किया जायेगा। यह अवधारणा व्यवसाय की निरन्तरता की अवधारणा पर ही आधारित होने से स्थायी सम्पत्तियों को उनके लागत मूल्य पर ही पुस्तकों में दर्ज किया जाता है। इस प्रकार लागत अवधारणा के आधार पर सम्पत्ति को चिट्ठे में उसके प्रतिस्थापन या विक्रय मूल्य पर नहीं दर्शाते हैं। लागत अवधारणा का आशय यह नहीं है कि सम्पत्तिया हमेशा अपनी मूल लागत (ऐतिहासिक लागत) पर ही चिट्ठे में दर्शायी जायेंगी। ह्रास योग्य सम्पत्तियों पर प्रतिवर्ष मूल्य ह्रास लगाया जाता है तथा उनकी लागत में से मूल्य ह्रास घटाकर उन्हें चिट्ठे में अपलिखित मूल्यों पर दर्शाया जायेगा। चालू सम्पत्तियाँ – जैसे रोकड़, देनदार आदि के पुस्तक मूल्य व बाजार मूल्य में कोई अन्तर नहीं होता है।

(6) वसूली या आगम अवधारणा (Concept of Realisation or Revenue Recognition) : आय के मापने का महत्वपूर्ण सिद्धान्त है। लेखांकन करते समय एक समस्या यह होती है कि किसी आय विशेष को कब अर्जित मान लेना चाहिए। इस सिद्धान्त के अनुसार आय उस तिथि को अर्जित मानी जाती है जिस तिथि को उसे वसूल कर लिया जाता है। यहाँ पर वसूली का तात्पर्य रोकड़ में मूल्य प्राप्त करने की तिथि से न होकर उस तिथि से है जिस तिथि को माल या सेवाऐं किसी ग्राहक को दे दी जाती है। इसे विक्रय के आधार पर आगम निर्धारण कहते है।

नकद बिक्री की स्थिति में यह समस्या उत्पन्न नहीं होती है क्योंकि उसमें माल की सुपुर्दगी एवं भुगतान में अन्तर नहीं होता लेकिन उधार बिक्री में ऐसी समस्या उत्पन्न होती है तब हम आगम निर्धारण की इसी अवधारणा को आधार बनाते हैं। आगम निर्धारण की इस परम्परा के आधार पर आगम उस अवधि में प्राप्त मानी जाती है जब ग्राहक को मूल्य के बदले माल या सेवायें दी जाती हैं।

(i) रोकड़ के आधार पर (Cash Basis) : इस आधार का प्रयोग उस समय करना उचित रहता है जब आगम की प्राप्ति अनिश्चित एवं सन्देहास्पद हो। उदाहरणार्थ किराया किस्त पद्धति, किस्त भुगतान पद्धति आदि के आधार पर विक्रय आदि की दशा में वास्तव में किस्त की राशि प्राप्त होने पर ही आय को अर्जित माना जाता है। इस प्रकार रोकड़ के आधार पर आगम निर्धारण में आय को अर्जित तभी मानते हैं जब वास्तव में भुगतान प्राप्त हो जाए।

(ii) उत्पादन के आधार पर (Production Basis) : इस सिद्धान्त के आधार पर काम के पूर्ण हुए भाग की आगम को अर्जित मान लिया जाता है। इसमें माल के विक्रय या भुगतान प्राप्ति की कोई शर्त नहीं होती है। निर्माण कार्यों में विशेष कर बड़ी एवं बहुमंजिली इमारतों के निर्माण के ठेकों में इस आधार का प्रयोग किया जाता है। यदि इन बड़े ठेकों की स्थिति में आगम की प्राप्ति को ठेका पूरा होने की अवधि तक स्थगित किया जाता है तो यह काफी बड़ी राशि हो जाती है। अतः, वर्ष के अन्त तक ठेके का जितना भाग पूरा हो जाता है उसके आधार पर आय का आनुपातिक भाग अर्जित आगम मान लिया जाता है।

टिप्पणी

(7) आय व व्ययों के मिलान की अवधारणा (Matching Concept) : इस अवधारणा के आधार पर जो व्यय जिस लेखा वर्ष से सम्बन्ध रखते हों उन्हें उसी लेखा वर्ष से सम्बन्धित आय में से चार्ज किया जाना चाहिये। लाभ या हानि के सही निर्धारण के लिए आय व व्ययों का ठीक प्रकार से मिलान किया जाना आवश्यक है। इस सिद्धान्त के आधार पर पहले लेखावधि की आगम का निर्धारण करना चाहिए तत्पश्चात् उस आगम को प्राप्त करने में हुए खर्चों को लाभ–हानि खाते में से चार्ज करना चाहिए। इसी अवधारणा के आधार पर ही बकाया खर्चों को लाभ–हानि खाते में लिखा जाता है। आय व व्ययों का मिलान करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं का ध्यान रखा जाता है :–

(i) जब आगम के किसी मद को लाभ–हानि खाते में लिखा जाता है तो उससे सम्बन्धित सभी व्ययों को लाभ–हानि खाते में लिखना आवश्यक है चाहे उनका भुगतान किया गया हो अथवा बकाया हो।

(ii) जब कोई व्यय जैसे बीमा प्रीमियम आदि अंशतः अगले वर्ष के लिए भी चुका दिया जाता है तो उसका वह भाग जो अगले वर्ष से सम्बन्धित है उसे अगले वर्ष के लाभ–हानि खाते में दिखाया जायेगा। इस प्रकार बीमा प्रीमियम का वह भाग जिसका लाभ अगले वर्ष में प्राप्त होगा, स्थिति विवरण में पूर्वदत्त व्यय के रूप में दर्शाया जायेगा तथा केवल चालू वर्ष से सम्बन्धित भाग को ही चालू वर्ष का व्यय माना जायेगा और लाभ हानि खाते में दिखाया जायेगा।

(iii) इसी आधार पर ऐसी आयें जो चालू वर्ष में अर्जित कर ली गई हैं जैसे ब्याज आदि परन्तु प्राप्त नहीं हुई है तो उन्हें इसी वर्ष की आय माना जाएगा तथा ऐसी भावी आयें जिनका अर्जन अगले वर्ष में होना है परन्तु अग्रिम प्राप्त हो गई है तो जो भाग अगले वर्ष से सम्बन्धित है उसे अनार्जित आय के रूप में अगले वर्ष में हस्तान्तरित किया जायेगा।

(iv) वर्ष के अन्त में जो बिना बिका माल बच जाता है उसकी लागत व उसकी प्राप्ति के खर्चों को अगली लेखावधि के लिए हस्तान्तरित कर देते हैं। उस पर इस वर्ष कोई लाभ अर्जित नहीं दिखाते हैं क्योंकि उसे अगले वर्ष बेचा जायेगा। इस प्रकार चालू वर्ष का अन्तिम स्टॉक अगले वर्ष के लिए प्रारम्भिक स्टॉक के रूप में आगे ले जाया जाता है।

(8) उपार्जन अवधारणा (Accrual Concept) : लेखांकन के दो प्रमुख आधार हैं – रोकड़ आधार और उपार्जन आधार। रोकड़ आधार में आय रोकड़ में प्राप्त होने पर उसे आय के रूप में तथा व्ययों का रोकड़ में भुगतान होने पर ही उन्हें व्यय के रूप में लेखांकित करते है। परन्तु व्यवसाय के लिए यह आधार उपयुक्त नहीं है। व्यवसाय निरन्तरता की अवधारणा के आधार पर चलता है जिसमें हम लाभ–हानि ज्ञात करने के लिए लेखा वर्ष के आधार पर आयगत मदों का लेखा करते है परन्तु व्यापारिक क्रियाऐं सतत् चलती रहती हैं उसमें लेखावधि की समाप्ति रूकावट नहीं डालती है। अतः, व्यवसाय के लिए यह उपार्जन अवधारणा विशेष महत्व रखती है। इस अवधारणा के आधार पर आय व व्यय की मदों को लेखा पुस्तकों में उस समय लिखते हैं जबकि वे देय (due) हो जाती हैं। यदि कोई व्यय–चालू वर्ष से सम्बन्धित है तो चाहे वह इस वर्ष चुकाया गया हो अथवा नहीं उसे इस वर्ष के लाभ–हानि खाते में लिखा जायेगा। इसी तरह से आयों के सम्बन्ध में भी जो आय चालू वर्ष से सम्बन्धित है तथा चालू वर्ष में प्राप्त हो गई, वे आयें जो चालू वर्ष से सम्बन्धित है परन्तु अभी तक प्राप्त नहीं हुई है तथा ऐसी आयें जो चालू वर्ष से सम्बन्धित है परन्तु गत वर्ष में ही अग्रिम रूप से प्राप्त कर ली गई थी तो इन सब आयों को चालू वर्ष के लाभ–हानि खाते में क्रेडिट किया जायेगा।

(9) लेखा–अवधि अवधारणा (Accounting Period Concept) : व्यवसाय की निरन्तरता की अवधारणा के अनुसार व्यवसाय दीर्घकाल तक चलता रहता है। अगर व्यवसाय के समापन के समय ही

टिप्पणी

उसके परिणाम अर्थात् लाभ–हानि आदि ज्ञात किये जाय तो वह किसी भी तरह से ठीक नहीं होगा। व्यवसाय की स्थिति की जानकारी तो समय–समय पर उसमें हित रखने वाले सभी पक्षकारों को होनी ही चाहिए। अतः, प्रत्येक व्यवसाय द्वारा एक लेखा–अवधि का चुनाव किया जाता है जो सामान्यतः एक वर्ष की होती है। यह लेखा अवधि व्यवसाय का लेखा वर्ष कहलाती है। वर्तमान में आयकर प्रावधानों के अनुसार लेखावर्ष सरकारी वित्तीय वर्ष के अनुरूप अर्थात् 1 अप्रेल से अगले वर्ष के 31 मार्च तक रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इस लेखा अवधि की अवधारणा पर ही आयगत और पूंजीगत का भेद सम्भव होता है। ऐसे मद जो एक लेखा वर्ष से सम्बन्धित हों उन्हें आयगत तथा जो एक से अधिक लेखावधियों तक उपयोगी हों उन्हें पूंजीगत में विभक्त किया जाता है।

उदाहरण (Illustration) १

बताइये कि निम्नलिखित वाक्य 'सत्य' है या 'असत्य'। (State whether the following sentences are "True" or "False").

(i) लागत अवधारणा के आधार पर बनाये गये चिट्ठे का एक विनियोजक के लिये कोई उपयोग नहीं है।

(The Balance sheet prepared on the basis of cost concept is of no use to an investor).

(ii) सम्पत्तियाँ चिट्ठे में उस मूल्य पर दिखायी जाती है जो मूल्य समापन पर वसूली योग्य हो।

(Assets are shown in the Balance sheet at the value realizable on liquidation).

(iii) एक लेखाकार का व्यक्तिगत निर्णय लेखा अभिलेखों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है।

(Personal judgement of the accountant greatly affects the accounting records).

(iv) मुद्रा माप सम्बंधी अवधारणा मुद्रा की इकाई में होने वाले परिवर्तनों पर विचार करती है।

(Money measurement concept consider the changes in the value of monetary unit)

(v) लेखांकन सेवा कार्य तथा सामाजिक विज्ञान है।

(Accounting is a service function and a social science)

(vi) पृथक अस्तित्व अवधारणा के अनुसार व्यक्तिगत व्यवहार व्यापारिक व्यवहारों से अलग किये जाते है।

(Personal transactions are separated from business transactions according to entity concept).

हल (Solution) :

(i) सत्य है (ii) असत्य है (iii) सत्य है (iv) असत्य है (v) सत्य है (vi) सत्य है।

टिप्पणी

उदाहरण (Illustration) 2

बताइये कि निम्नलिखित वाक्य 'सत्य' है या 'असत्य'। (State whether the following sentences are "True" or "False").

(i) लेखांकन मात्रात्मक सूचनाओं से सम्बन्ध रखता है। (Accounting deals with quantifiable information).

(ii) लेखांकन का उद्देश्य वित्तीय सूचनाओं का सम्प्रेषण केवल विनियोजकों को ही करना है। (Accounting aims to communicate financial information to investors only).

(iii) वित्तीय लेखांकन प्रबन्ध के लिये सूचनाऐं उपलब्ध करवाता है। (Financial Accounting provides information for management).

(iv) पुस्तपालन और लेखांकन शब्द का प्रयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जा सकता है। (The term book-keeping and accounting can be used interchangeably).

टिप्पणी

(v) लेखांकन का दृष्टिकोण एक ऐसी सूचना प्रणाली से हो सकता है जिसकी स्वयं की निवेश प्रक्रिया विधि तथा उत्पादन विधि हों। (Accounting can be viewed as an information system which has its input processing method and output).

(vi) मानव संसाधन का मूल्य सामान्यतया चिट्ठे में सम्पत्ति के रूप में दर्शाया जाता है। (The value of human resources is generally shown as assets in the balance sheet.)

(vii) लेखांकन में केवल ऐसे व्यवहारों तथा घटनाओं को लिखा जाता है जो वित्तीय प्रकृति के हो। (Accounting records only those transactions and events which are of financial nature).

(viii) एकरूपता की मान्यता तभी उपयोगी है जबकि अन्य लेखांकन विधियां समान रूप से स्वीकृत हो। (The consistency convention is valuable when other accounting methods are equally acceptable).

हल (Solution) :

(i) सत्य है (ii) असत्य है (iii) असत्य है (iv) असत्य है (v) सत्य है (vi) असत्य है। (vii) सत्य है (viii) सत्य है।

उदाहरण (Illustration) – 3

उन लेखांकन सिद्धान्तों के नाम बताइये जिन पर निम्नलिखित टिप्पणियां निर्भर हैं। (Write the name of the accounting principles on which following comments are based).

(i) चिट्ठा मूल्यांकन का विवरण पत्र नहीं है।

(Balance sheet is not a valuation statement).

(ii) देनदार से प्राप्त अग्रिम को आय या विक्रय नहीं माना जाता है।

(Advance received from debtors are not taken as income or sale).

(iii) कर्मचारी को लागत पर किये गये माल के विक्रय को क्रय में समयोजित किया गया।

(Goods sold to an employee at cost is adjusted to purchase account).

(iv) स्थायी सम्पत्तियों के मूल्यों में न वसूल हुई वृद्धि को लाभांश के भुगतान में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता।

(Unrealised appreciation in the value of fixed assets cannot be used for the payment of dividend).

(v) योग्यता या प्रबन्धकीय दल की विशेषता को प्रत्यक्ष रूप से चिट्ठे में प्रकट नहीं किया जाता।

(Skill or quality of management team is not directly disclosed in the balance sheet).

(vi) आगम की सामान्यतया उस समय पहचान की जाती है जबकि विक्रय होता है। (Revenue is usually recognized as earned at the point of time when sale is made).

हल (Solution) :

(i) निरन्तरता एवं लागत अवधारणा। (Going concern concept and cost concept)
(ii) लेखा अवधि अवधारणा। (Accounting period concept),
(iii) लागत अवधारणा। (Cost concept)
(iv) वसूली अवधारणा। (Realisation concept),
(v) लागत अवधारणा। (Cost concept)
(vi) वसूली अवधारणा। (Realisation concept)

उदाहरण (Illustration) 4

उन लेखांकन अवधारणाओं एवं परम्पराओं के नाम बताइये जिन पर निम्नलिखित टिप्पणियां आधारित है –(Explain the name of concepts and conventions on which following comments are based) :

(i) लाभों का पूर्वानुमान नहीं किया जाता तथा सभी संभव हानियों का प्रबन्ध किया जाता है। (Profits are not anticipated and all possible losses are provided for).

(ii) चालू सम्पत्तियों का मूल्यांकन लागत या बाजार मूल्य जो दोनों में से कम हो उस पर होता है। (Current assets are valued at lower of the cost or market value).

(iii) समान विशेषताओं वाली घटनाओं को समान लेखा विधि से व्यवहारित किया जाता है जब तक कि विधि परिवर्तन के लिये समुचित कारण न हो। (Events of same character should be treated by the same accounting method, unless there are adequate reasons for changing the method).

(iv) संदिग्ध दायित्व जिन्हें चिट्ठे में प्रदर्शित किया जाता है। (Contingent liability is shown in the Balance Sheet).

(v) लेखा नीतियां एक से दूसरी लेखावधि में परिवर्तित नहीं होती है। (Accounting policies should not be changed from one period to another).

हल (Solution) :

(i) रूढिवादिता की परम्परा। (Conservation convention)
(ii) रूढिवादिता की परम्परा (Conservation convention)
(iii) एकरूपता की परम्परा (Consistency concept)

टिप्पणी

(iv) पूर्ण प्रकटिकरण की परम्परा (Disclosure convention)
(v) एकरूपता की परम्परा। (Consistency concept)

उदाहरण (Illustration) 5

बताइये कि निम्नलिखित वाक्य 'सत्य' है या 'असत्य'। (State whether the following sentences are 'True' of 'False'):

(i) लागत तथा खर्चे एक समान है। (Cost and expenses are same).

(ii) लेखांकन के अन्तर्गत सभी व्यापारिक व्यवहारों को द्विपक्षीय अवधारणा के आधार पर लिखा जाता है।

(In accounting all business transactions are recorded as having dual aspect concept).

(iii) उपार्जन अवधारणा में रोकड़ आधार पर लेखांकन अन्तर्निहित है। (Accrual concept implies accounting on cash basis).

(iv) निरन्तरता की अवधारणा के लिये आवश्यक है कि सभी व्यवसायिक उपक्रम समान विधि को अपनाये।

(The consistency concept requires that all business enterprises should follow the same method).

(v) बुद्धिमानी की अवधारणा है कि अनुपार्जित लाभ को पहचाने तथा हानियों को नहीं। (Prudence is a concept to recognize unrealized profits and not losses).

(vi) निरन्तरता अवधारणा का आशय है कि व्यवसाय समापन की प्रक्रिया में प्रवेश कर चुका है। (Going concern means that business has entered into a process of liquidation).

(vii) लेखांकन के सिद्धान्त सामान्यतया स्वीकार्य है। (Accounting principles are generally acceptable).

(viii) मिलान सिद्धान्त के अनुसार आगम का खर्चों से मिलान हो। (Revenue are matched with expenses in accordance with the matching principle).

(ix) व्यवहार तथा घटनाऐं देश के नियमों के अधीन सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों से निर्देशित होती है।

(Transactions and events are guided by generally accepted accounting principles subject to laws of Land).

(x) वित्तीय विवरणों द्वारा सभी सम्बंधित एवं विश्वसनीय सूचनाऐं पूर्ण प्रकटीकरण के सिद्धान्त के अनुसार प्रकट की जानी चाहिये। (The financial statements must disclose all the relevant and reliable information in accordance with full disclosure principle).

(xi) लेखांकन नीतियां एक अवधि से दूसरी अवधि में परिवर्तित नहीं होती है। यहां किस सिद्धान्त का वर्णन किया गया है। (Accounting policies should not be changed from one period to another. What principle is described herein?)

(xii)आगम की सामान्यतया पहचान तब होती है जब आगम प्रक्रिया शुद्धता से पूर्ण हुई है तथा सार्थक जोखिम एवं प्रतिफल का आदान प्रदान हुआ है। यहां कौनसे सिद्धान्त का वर्णन किया गया है ?

Revenue is generally recognized when the earning process is virtually completed and significant risk and rewards has been exchanged. What principle is described herein?

हल (Solution) :

(i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य (iv) असत्य (v) असत्य (vi) असत्य (vii) सत्य (viii) सत्य (ix) सत्य (x) सत्य (xi) संगति या एकरूपता का सिद्धान्त (Consistency concept) (xii) वसूली या आगम अवधारणा (Realisation concept)

१.१.५.२ लेखांकन की परम्पराएँ (Accounting Conventions) :

कुछ व्यवहार उपयोगिता और महत्व के अनुसार अधिकाधिक प्रचलन में आ जाते हैं तथा धीरे–धीरे जीवन का आवश्यक अंग बन जाते हैं तो इन्हें बाद में परम्पराओं अथवा प्रथाओं के नाम से जाना जाता है। ये परम्परायें जब सर्वमान्य हो जाती हैं तो नियम, सिद्धान्त या अवधारणाओं का रूप ले लेती हैं।

''परम्परा आम सहमति पर आधारित व्यवहार अथवा रस्म है।'' – ऑक्सफोर्ड एडवान्स्ड लर्नर्स शब्द कोष

अन्तर्रराष्ट्रीय लेखा मानकों में परम्पराओं को लेखांकन नीतियों के नाम से वर्णित किया गया है। व्यवहार में जो सामान्य सहमति पाई जाती है उसे ही परम्परा कहते हैं। लेखांकन में बहुत–सी ऐसी परम्परायें हैं जिन्हें एक रस्म के रूप में लेखापाल दीर्घकाल से अपनाते आ रहे हैं। इन परम्पराओं का अनुसरण न करने पर कभी कभी कोई अशुद्धि नहीं भी होती हो लेकिन इनका पालन करने से लेखों की उपयोगिता अवश्य बढ़ जाती है। वर्तमान में लेखांकन में पालन की जा रही प्रमुख परम्परायें निम्नलिखित है :–

(1) रूढ़िवादिता की परम्परा (Convention of Conservatism) : रूढ़िवादिता को 'सुरक्षा की नीति' के रूप में जाना जाता है। इसके अनुसार सभी सम्भावित हानियों का प्रावधान लेखांकन में कर दिया जाना चाहिए चाहे उनकी वास्तविक राशियों का स्पष्ट ज्ञान न भी हो, परन्तु लाभों की वसूली की पहले से आशा नहीं करनी चाहिए। लेखांकन में इस परम्परा के उपयोग के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं जिसका अधिकांशतः लेखाकार पालन करते हैं :–

(i) स्टॉक का मूल्यांकन लागत मूल्य या बाजार मूल्य जो दोनों में से कम हो उस पर करना,

(ii) डूबत एवं संदिग्ध ऋणों तथा बट्टे के लिए देनदारों पर आयोजन का निर्माण करना,

(iii) विनियोगों के मूल्य में होने वाले उतार–चढ़ावों के लिए आयोजन करना,

(iv)अनिश्चित जीवनकाल वाली अमूर्त सम्पत्तियों जैसे ख्याति को अपलिखित करना,

टिप्पणी

(2) पूर्ण प्रकटीकरण की परम्परा (Convention of Full Disclosure) : इस परम्परा के अनुसार व्यवसाय से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं का पूर्ण रूपेण प्रदर्शन होना चाहिए। वर्ष भर में किये गये व्यवहारों का सारांश अन्तिम खातों के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है। लाभ–हानि खाता अथवा आय–विवरण वर्ष भर की क्रियाओं का परिणाम प्रदर्शित करता है जबकि स्थिति विवरण वर्ष के अन्त में आर्थिक स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करता है। इन अन्तिम लेखा–विवरणों में अनेक व्यक्तियों की रूचि तथा हित होता है जैसे – व्यवसाय के स्वामी, कर्मचारी, ऋणदाता, विनियोजक, लेनदार, बैंक, सरकार, उपभोक्ता आदि। अतः यह आवश्यक है कि इन विवरण पत्रों में अभिव्यक्त सूचनायें निष्पक्ष रूप से ईमानदारी व निष्ठा के साथ प्रकट की जानी चाहिए। इसी परम्परा के आधार पर ऐसी मदें जिन्हें इन वार्षिक विवरणों में स्थान नहीं मिलता है परन्तु वे महत्वपूर्ण हैं तो उन्हें चिट्ठे के नीचे टिप्पणी के रूप में दर्शाया जाना चाहिए। व्यवसाय के विरूद्ध उत्पन्न हो सकने वाले संदिग्ध दायित्वों को जिनका प्रावधान नहीं किया गया है, जैसे न्यायालय में संस्था के विरूद्ध चल रहे दावों की बड़ी राशियों को अवश्य ही टिप्पणी के रूप में वित्तीय विवरण में दर्शाया जाना चाहिये अन्यथा ये विवरण भविष्य में भ्रामक सिद्ध हो सकते हैं। विनियोगों का बाजार मूल्य टिप्पणी के रूप में दर्शाना चाहिये। पिछली लेखावधि से वर्तमान लेखावधि में अगर कोई लेखांकन नीतियों में परिवर्तन किये गये हैं तो उन्हें स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए, जैसे स्टॉक के मूल्यांकन की विधि में परिवर्तन, मूल्य ह्रास की विधि में परिवर्तन अथवा संदिग्ध ऋणों के प्रावधान करने की विधि में परिवर्तन आदि।

(3) महत्वता की परम्परा (Convention of Materiality) : इस परम्परा के अनुसार तथ्यों एवं घटनाओं की व्यवसाय में तुलनात्मक महत्ता के आधार पर उनका लेखा करना चाहिये। अगर प्रत्येक मद का लेखांकन लेखा सिद्धान्तों के आधार पर कर, प्रत्येक सूचना अन्तिम वित्तीय विवरणों में प्रकट की जाय तो वे अनावश्यक रूप से बड़े हो जायेंगे तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं का महत्व भी गौण हो जायेगा। अतः, व्यावसायिक दृष्टि से कम महत्वपूर्ण एवं सारहीन बातों की उपेक्षा करनी चाहिये। कौन सी घटनाऐं एवं तथ्य महत्वपूर्ण हैं यह व्यवसाय के आकार, प्रकृति, स्वामित्व एवं प्रबन्ध को देखते हुए लेखापाल के स्वविवेक पर निर्भर करती है। कोई एक सूचना किसी एक व्यवसाय में निरर्थक हो सकती है तो वही सूचना दूसरे व्यवसाय में अति महत्वपूर्ण हो सकती है। जैसे छोटे औजारों की लागत एक छोटे मरम्मत करने वाले गैराज के लिए महत्वपूर्ण है परन्तु एक ओटोमोबाइल कम्पनी के लिए यही राशि नगण्य सिद्ध होगी। इसी प्रकार व्यवहारों की प्रकृति भी महत्वपूर्णता को प्रभावित करती है। स्टॉक के मूल्यांकन में 1,000 रु. का अन्तर इतना महत्वपूर्ण नहीं हो सकता है परन्तु रोकड़ शेष में 1,000 रु. का अन्तर एक महत्वपूर्ण तथ्य है। इसी प्रकार छोटे–छोटे सभी व्ययों के अलग अलग शीर्षक से खाते लिखने के बजाय उन सबको मिलाकर विविध व्ययों के नाम से एक खाता खोल कर समय एवं श्रम का अपव्यय रोका जा सकता है।

(4) संगति या एकरूपता की परम्परा (Convention of Consistency) : इस परम्परा के अनुसार विभिन्न वर्षों में समान लेखा–नीतियों एवं सिद्धान्तों को अपनाना चाहिये। व्यवसाय का जीवनकाल दीर्घकालीन एवं सतत् होता है। चालू वर्ष की उपलब्धियों की पिछले वर्षों की उपलब्धियों से तुलना करके भविष्य के लिए नीतियाँ बनाई जाती हैं और प्रबन्धकों द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाते हैं। यह कार्य तभी सम्भव हो सकता है जबकि प्रत्येक वर्ष की लेखांकन की नीतियों में एकरूपता अथवा संगति हो।

अतः, लेखापाल को यह चाहिये कि जिन लेखा नीतियों एवं परम्पराओं को एक बार अपना लिया जाय उनमें यथा सम्भव परिवर्तन न करें और अगर परिवर्तन करना उचित एवं आवश्यक हो तो इस प्रकार के परिवर्तन के कारणों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए उसके अन्तिम खातों पर पड़ने वाले प्रभाव को टिप्पणी के रूप में अवश्य दिखाया जाना चाहिये। इस प्रकार इस परम्परा का उद्देश्य यही है

टिप्पणी

कि अपनायी जाने वाली विभिन्न नीतियों में स्थिरता व एकरूपता होनी चाहिए जिससे लेखों में संगति एवं तुलनात्मकता बनी रहे तथा लेखा नीतियों में परिवर्तन के कारण अन्तिम खातों पर पड़ने वाले प्रभावों का स्पष्ट उल्लेख हो। अगर स्टॉक का मूल्यांकन ''लागत अथवा बाजार मूल्य में से कम'' के आधार पर करने की नीति के अन्तर्गत किसी वर्ष लागत मूल्य कम है तो मूल्यांकन लागत मूल्य पर व अन्य वर्ष में बाजार मूल्य कम होने पर बाजार मूल्य पर मूल्यांकन हो सकता है।

(5) कानून के पालन की परम्परा (Convention of Observance of Law) : इस परम्परा के अनुसार लेखांकन करते समय वर्तमान कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना आवश्यक है। विभिन्न व्यावसायिक कानूनों जैसे – कम्पनी अधिनियम, साझेदारी अधिनियम, आयकर एवं बिक्रीकर अधिनियम आदि कई अधिनियमों का पालन करना होता है। लेखापाल को लेखांकन करते समय इन सभी कानूनों को ध्यान में रखते हुए अन्तिम खाते वैधानिक आवश्यकता के अनुरूप तैयार करने चाहिये। कभी–कभी ऐसा भी होता है कि वैधानिक आवश्यकताऐं लेखांकन सिद्धान्तों के अनुरूप न भी हो तो भी हमें वैधानिक प्रावधानों का पालन करना होगा।

१.१.६ दोहरा लेखा पद्धति (Double Entry Method) :

लेखांकन करने की यह पूर्ण वैज्ञानिक एवम् सर्वोपयुक्त पद्धति है जिसके अपने नियम है। इस पद्धति की यह विशेषता है कि इसमें प्रत्येक व्यापारिक व्यवहार के दो पक्ष होते है जिसमें से एक पक्ष को 'नाम' (Debit) किया जाता है तथा दूसरे पक्ष को 'जमा' (Credit) किया जाता है। इस विधि का प्रयोग सम्पूर्ण विश्व में होता है तथा इसके अन्तर्गत किया गया लेखांकन न्यायालय में भी प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है। भारत में यह प्रणाली अंग्रेजों के शासनकाल से प्रचलन में आयी। इससे पूर्व भारत में महाजनी बहीखात पद्धति चलन में थी तथा आज भी एकल व्यापार एवं साझेदारी फर्मों के लेखांकन में यह पद्धति चलन में है परन्तु कम्पनियों में लेखांकन कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत दोहरा लेखा पद्धति से ही किया जाता है।

इस पद्धति में प्रत्येक व्यवहार में दो पक्ष होते है। एक पक्ष प्राप्त करने वाला है और दूसरा पक्ष देने वाला है। एक विक्रेता है तो दूसरा क्रेता होगा। अर्थात प्रत्येक व्यवहार में दो खाते प्रभावित होंगे। अतः, प्रत्येक व्यवहार को दो पक्षों (जमा एवं नाम) या दो खातों (एक खाते के जमा पक्ष में तथा दूसरे खाते के नाम पक्ष में) में लिखने की इस विधि को दोहरा लेखा विधि कहते है। इस विवेचना से दोहरा लेखा पद्धति की निम्नलिखित विशेषताऐं प्रकट होती है –

१. प्रत्येक व्यवहार के दो पक्ष होते है।

२. प्रत्येक व्यवहार का लेखा दो खातों में होता है।

३. व्यवहार से प्रत्येक पक्ष पर समान राशि का प्रभाव पड़ता है।

टिप्पणी

दोहरा लेखा पद्धति के लाभ (Advantages of Double Entry Method)

१. नियमानुसार लेखांकन होने से यह पूर्ण वैज्ञानिक पद्धति है।

२. प्रत्येक पक्ष पर समान प्रभाव पड़ने से त्रुटि होने पर आसानी से ज्ञात की जा सकती है।

३. व्यवसाय से सम्बंधित प्रत्येक सूचना कम समय में तथा आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

४. व्यवसाय के लाभ या हानि की जानकारी सुगमता से प्राप्त की जा सकती है।

५. व्यवसाय की आर्थिक स्थिति आसानी से ज्ञात की जा सकती है।

६. विभिन्न विभागों तथा व्यवसायों की तुलनात्मक जानकारी प्राप्त करनें में आसानी।

दोहरा लेखा पद्धति के दोष (Diadvantages of Double Entry Method)

१. इसमें लेखांकन करने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति की आवश्यकता होती है।

२. यह पद्धति खर्चीली है।

३. इस पद्धति को व्यवसाय में लागू करना कठिन होता है।

४. कोई व्यवहार लिखने से छूट जाय तो पता लगाना कठिन होता है।

५. लेखांकन करते समय गलत रकम लिख दी जाय तो पता लगाना कठिन होगा।

दोहरा लेखा प्रणाली की अवस्थाऐं (Stages of Double Entry System)

दोहरा लेखा पद्धति की क्रमानुसार निम्नलिखित तीन अवस्थाऐं है –

१. प्रारंभिक लेखा (Original Entries) : व्यवसाय में होने वाले व्यवहारों को सबसे पहले लिखा जाता है, यह लिखने की प्रक्रिया ही प्रारंभिक लेखा कहलाती है। जिन पुस्तकों में लेखांकन किया जाता है उन्हें प्रारंभिक लेखे की पुस्तकें कहते है।

२. वर्गीकरण एवं संग्रहण (Classification and Collection): व्यवहारों का प्रारंभिक लेखा हो जाने के पश्चात एक अन्य पुस्तक जिसे खाताबही कहते है उसमें इन व्यवहारों की प्रकृति के अनुसार अलग अलग छांटकर खाते खोल दिये जाते है। इसे वर्गीकरण कहते है। भिन्न भिन्न अवधियों में हुए एक ही तरह के विभिन्न व्यवहारों को एक वर्ग के अन्तर्गत लिख दिया जाता है इसे संग्रहण या खतौनी (Posting) कहते है।

३. सारांश (Summary) :

व्यवहारों का वर्गीकरण एवं संग्रहण कर लेने के पश्चात प्रत्येक खातों का योग करके शेष निकाला जाता है। इसके पश्चात अंतिम खाते बनाये जाते है ताकि संस्था की लाभ–हानि एवं आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सके।

दोहरा लेखा पद्धति के अन्तर्गत प्रयुक्त होने वाली आधारभूत शब्दावली (Basic Accounting Terminology used in Double Accounting System)

१. पूंजी (Capital) : व्यापार के मालिकों द्वारा अपने पास विद्यमान धन में से जितनी राशि व्यापार में विनियोजित की जाती है उसे व्यापार की पूंजी कहा जाता है।

२. क्रय (Purchases) : जो वस्तु व्यापार में लाभ कमाने के उद्देश्य से बेचने के लिए रोकड़ तथा उधार में खरीदी जाती है उसे क्रय कहते है।

३. विक्रय (Sales) : खरीदी गई या उत्पादित की गई वस्तु किसी प्रतिफल के बदले रोकड़ या उधार आधार पर हस्तांतरित की जाती है तो उसे विक्रय कहते है।

टिप्पणी

४. **क्रय वापसी (Purchase Return) :** खरीदे हुए माल का वह भाग जो उसके पूर्तिकर्ता को व्यापारी द्वारा वापस लौटा दिया जाता है उसे क्रय वापसी कहते है।

५. **विक्रय वापसी (Sales Return) :** विक्रय किये गये माल का वह भाग जो ग्राहक द्वारा व्यापारी को वापस भेज दिया जाता है विक्रय वापसी कहलाता है।

६. **रहतिया (Stock) :** व्यापारी के पास जो माल किसी निश्चित तिथि को उपलब्ध रहता है उसे रहितया कहते है। वर्ष के शुरू में विद्यमान माल को प्रारंभिक रहतिया तथा लेखा वर्ष के अन्त में विद्यमान माल को अंतिम रहतिया कहते है।

७. **व्यवहार (Transaction) :** दो पक्षकारों के मध्य नकद / माल / सेवा या सम्पत्ति का हस्तांतरण हो और यदि उसे मुद्रा रूपी पैमाने में मापा जा सकता है तो उसे व्यवहार या सौदा या लेनदेन कहते है।

८. **माल (Goods) :** व्यापारी लाभ कमाने के उद्देश्य से जिन वस्तुओं का उत्पादन करता है या क्रय करता है उन वस्तुओं को माल कहते है।

९. **व्यय (Expenses) :** लाभ कमाने के लिए जिन व्यापारिक गतिविधियों को संचालित किया जाता है उनकी लागत व्यय कहलाती है।

१०. **प्रत्यक्ष व्यय (Direct Expenses) :** ऐसे व्यय जो विक्रय करने के लिए उत्पादित किये जाने वाले माल या क्रय किये जाने वाले माल से सम्बन्धित होते है प्रत्यक्ष व्यय कहलाते है।

११. **आयगत व्यय (Revenue Expenses) :** ऐसे व्यय जो व्यवसाय को संचालित करने के लिए किये जाते है तथा जिनका लाभ चालू लेखा वर्ष में ही प्राप्त हो जाता है उन्हें आयगत व्यय कहते है।

१२. **पूंजीगत व्यय (Capital Expenses) :** ऐसे व्यय जिनका लाभ दीर्धकाल (एक से अधिक वर्षों) तक मिलता है पूंजीगत व्यय कहलाते है।

१३. **सकल लाभ (Gross Profit) :** शुद्ध विक्रय (विक्रय में से विक्रय वापसी घटाकर) में से विक्रय किये गये माल की लागत घटाने पर जो राशि प्राप्त होती है उसे सकल लाभ कहते है।

Date	Particulars	L.F.	Amount Rs.		Date	Particulars	L.F.	Amount Rs.	
			Discount	Cash				Discount	Cash

(iii) तीन खानों वाली रोकड़ बही (Three Column Cash Book) : वर्तमान समय में अधिकतर व्यवहार चैक से होते है इसलिए रोकड़ तथा बट्टे के खाने के साथ साथ बैंक का खाना भी रोकड़ बही में हो तो व्यापार के लिए सुविधाजनक रहता है। विपरीत प्रविष्टि (Contra Entry) के अतिरिक्त तीन खानों वाली रोकड़ बही ठीक उसी प्रकार बनायी जाती है जिस प्रकार दो खानों वाली रोकड़ बही बनायी जाती है। ऐसे व्यवहार जो तीन खानों वाली रोकड़ बही के दोनों पक्षों पर प्रभाव डालते है वे व्यवहार विपरीत प्रविष्टी के रूप में लेखांकित किये जाते है। बैंक में धन जमा करवाना, बैंक से धन निकालना ऐसे व्यवहार है जो बैंक तथा रोकड़ दोनों ही खातों में लेखांकित होते है। बैंक में राशि जमा करवाने पर बैंक को नाम किया जायेगा और रोकड़ को जमा किया जायेगा अर्थात रोकड़ बही के नाम पक्ष में विवरण के खाने में To Cash लिखकर राशि बैंक के खाने में लिखी जायेगी। इसी प्रकार रोकड़ बही के जमा पक्ष में विवरण के खाने में By Bank लिखकर राशि रोकड़ के खाने में लिखी जायेगा। यह विपरीत प्रविष्टि होने से LF के दोनों खानों में C लिखा जायेगा जिसकी अर्थ है कि इस व्यवहार का दोहरा लेखा रोकड़ बही में ही पूरा हो गया है तथा खाताबही में किसी प्रकार की खतौनी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि रोकड़ का खाना रोकड़ खाता तथा बैंक का खाना बैंक खाता होता है। ठीक इसी प्रकार बैंक से राशि निकालने पर रोकड़ बही के नाम पक्ष में To Bank लिखकर राशि रोकड़ के खाने में लिखी जायेगी। इसी प्रकार रोकड़ बही के जमा पक्ष में By Cash शब्द लिखकर राशि बैंक के खाने में लिखी जायेगी। इस विपरीत प्रविष्टि के लिए दोनों LF खानों मे C लिखकर दोहरा लेखा पूरा कर लिया जायेगा। रोकड़ का खाना हमेशा नाम शेष बतलायेगा परन्तु बैंक का खाना जमा का शेष भी बतला सकता है जिसे बैंक अधिविकर्ष कहते है। इसका प्रारूप निम्नलिखित है -

Three column cash book

Date	Particulars	L.F.	Amount (Rs.)			Date	Particulars	L.F.	Amount (Rs.)		
			Discount Rs.	Cash Rs.	Bank Rs.				Discount Rs.	Cash Rs.	Bank Rs.

(v) फुटकर रोकड़ बही (Petty Cash Book): बड़े बड़े व्यापार ग्रहों में छोटे छोटे खर्चों के भुगतानों को यदि मुख्य रोकड़ बही में लिखा जाता है तो यह मुख्य रोकड़पाल (Main Cashier) पर अधिक भार हो जायेगा और इससे न केवल उसका छोटी छोटी चीजों में समय व्यर्थ नष्ट होगा बल्कि महत्वपूर्ण कार्यों के सम्पादन में देरी होगी जो व्यापार के लिए हानिकारक होगी। इसलिए ऐसे खर्चों के लिए अलग से रोकड़ बही बनवा ली जाती है जिसे फुटकर रोकड़ बही कहते है जिसे एक अलग व्यक्ति द्वारा बनाया जाता है उसे फुटकर रोकड़िया (Petty Cashier) कहते है। यदि व्यापार छोटा हो तो फुटकर रोकड़ के व्यवहार साधारण रोकड़ बही में जिस प्रकार लेखांकित होते है वैसे ही कर सकते है परन्तु व्यापार बड़ा होने पर खानों वाली फुटकर रोकड़ बही बनाई जाती है जिसमें प्रत्येक खर्चें के शीर्षक के लिए अलग खाना होता है। इसकी खतौनी करते समय प्रत्येक खाने के योग को सम्बंधित खाते में खता दिया जाता है। इस विधि में मुख्य रोकड़िये द्वारा कुछ राशि एक निर्धारित अवधि के लिए फुटकर रोकड़िये को फुटकर खर्चों के भुगतान हेतु दे दी जाती है जब उसके द्वारा वह राशि खर्च हो जाय या उस अवधि के बीतने पर फुटकर रोकड़िया हिसाब बनाकर मुख्य रोकड़ियें को दे देता है। मुख्य रोकड़िया उतनी राशि फुटकर रोकड़िये को दे देता है जितनी राशि के खर्चों का हिसाब उसने दिया है इस प्रकार फुटकर रोकड़िये के पास उतनी ही राशि हो जाती है जितनी शुरू में उसे दी गई थी। यही क्रम आगे भी चलता रहता है। इसे अग्रदाय पद्धति (Imprest System) कहते है। बड़े व्यापार ग्रहों में प्रयुक्त होने वाली खानों वाली फुटकर रोकड़ बही का प्रारूप निम्नलिखित है -

Petty Cash Book

Amount Received	Date	Particulars	Voucher No.	Total Payments	Printing & Stationery	Postage & Telegr-ams	Carriage	Cartage	Refres-hments	Travelling Exp.	Misc. Exp.
Rs.				Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.

8. मुख्य जर्नल (Journal Proper): जिन व्यवहारों का लेखा क्रय बही, विक्रय बही, क्रय वापसी बही, विक्रय वापसी बही, रोकड़ बही, प्राप्य बिल बही एवं देय बिल बही में नहीं किया जाता है उनका लेखा मुख्य जर्नल में किया जाता है। जिन व्यवहारों का लेखा मुख्य जर्नल में करते हैं उनके कुछ उदाहरणों का उल्लेख निम्नलिखित प्रकार से है :

१. **प्रारम्भिक प्रविष्टि (Opening Entry) :** प्रारम्भिक प्रविष्टि का लेखा मुख्य जर्नल में किया जाता है। प्रारम्भिक प्रविष्टि प्रत्येक वर्ष के प्रथम दिन की जाती है। प्रारम्भिक प्रविष्टि पिछले वित्तीय वर्ष के चिट्ठे से संपत्तियों एवं दायित्वों के शेषों का चालू वर्ष में लाने के लिए की जाती है।

२. **अंतिम प्रविष्टियाँ (Closing Entries) :** अंतिम प्रविष्टियाँ माल से सम्बन्धित वस्तुगत खातों तथा नाममात्र के खातों को बंद करने के लिए लेखा वर्ष के अन्तिम दिन की जाती है। इन खातों के शेष व्यापारिक खाते अथवा लाभ हानि खाते में स्थानांतरित किये जाते हैं। माल से सम्बंधित खाते एवं प्रत्यक्ष व्यय खाते व्यापारिक खाते में तथा अन्य नाममात्र के खातों के शेष लाभ हानि खाते में स्थानांतरित किये जाते हैं।

३. **स्थानांतरण प्रविष्टियाँ (Transfer Entries) :** स्थानांतरण प्रविष्टियाँ एक खाते के शेष को दूसरे खाते में स्थानांतरित करने के लिए की जाती हैं जैसे आहरण खाते के शेष का पूंजी खाते में स्थानांतरण।

४. **समायोजन प्रविष्टियाँ (Adjustment Entries) :** समायोजन प्रविष्टियाँ लेखा वर्ष के अंतिम दिन की जाती हैं ताकि सम्बन्धित लेखा वर्ष का लाभ हानि खाता 'सही एवं उचित' लाभ तथा चिट्ठा 'सही एवं उचित' आर्थिक स्थिति का चित्र प्रस्तुत कर सके। जिन समायोजनों का लेखा वित्तीय वर्ष में नहीं किया गया है उनका प्रभाव सम्बन्धित वर्ष की लेखा पुस्तकों में लाने के लिए अन्तिम प्रविष्टियाँ की जाती हैं जैसे - अंतिम रहतिया, अदत्त खर्चे (Outstanding Expenses), अग्रिम खर्चें (Prepaid Expenses), स्थायी सम्पत्तियों पर मूल्य ह्रास (Depreciation) इत्यादि। समायोजन प्रविष्टियों का विस्तृत अध्ययन इसी इकाई में आगे करेंगे।

५. **सुधार प्रविष्टियाँ (Rectification Entries) :** खाताबही बन्द करने के बाद कुछ अशुद्धियों का पता चलता है तो ऐसी अशुद्धियों के सुधार हेतु सुधार प्रविष्टियाँ की जाती हैं। जैसे कोई व्यवहार प्रारम्भिक लेखा पुस्तकों में लिखने से छूट जाय, किसी व्यवहार की खाते में खतौनी नहीं की गई हो या गलत की गई हो।

६. **विविध प्रविष्टियाँ (Miscellaneous Entries) :** मुख्य जर्नल में निम्नलिखित प्रविष्टियों का लेखा भी किया जाता है :

(अ) नकद के अतिरिक्त पूँजी के रूप में व्यापार में लाई जाने वाली सम्पत्ति।
(ब) सम्पत्ति का उधार क्रय एवं विक्रय।
(स) लेनदार को बिल का बेचान।
(द) बेचना किये गये बिल का अनादरण।
(य) डूबत ऋण अपलिखित करना।
(र) माल दान में देना।
(ल) माल चोरी चला जाना।
(व) माल आग द्वारा नष्ट होना।
(श) माल घर खर्च के लिए निकालना।
(ष) माल की असामान्य हानि इत्यादि।
(ह) नकद के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के बदले में खरीदी गई सम्पत्तियाँ।

उदाहरण (Illustration) – 1

निम्नलिखित व्यवहारों को क्रय बही तथा क्रय वापसी बही में लेखांकित कीजिये। (Enter the following transactions in the Purchase Book and Purchase Return Book) :

2009

Jan. 1 रमेश एण्ड कम्पनी से खरीदा : 100 साड़ियें दर 176 रु. प्रति साड़ी तथा 50 थान पोपलीन दर 75 रु. प्रति थान बिल नम्बर 10314, व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत। (Purchase from Ramesh & Company : 100 Sarees @ Rs. 176 each and 50 thans of Poplin @ Rs. 75 per than. Bill No. 10314, trade discount 10%).

टिप्पणी

" 8 रमेश एण्ड कम्पनी से खरीदे हुए पोपलीन के 10 थान रास्ते में क्षतिग्रस्त हो गये। उनसे निवेदन किया गया कि 25 रु. प्रति थान छूट प्रदान करे जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। नाम की चिट्ठी संख्या 1032. (10 Thans of Poplin purchased from Ramesh & Co. were damaged in transit. They were requested to grant an allowance of Rs. 25 per than, which was accepted by them. Debit note no. 1032).

" 12 शिव एजेन्सीज से खरीदा : 200 धोती जोड़े दर 250 रु. प्रति जोड़ा, 150 थान (एक थान में 20 मीटर) सर्टिंग दर 40 रु. प्रति मीटर, दलाली 500 रु., धर्मादा 50 रु. तथा बारदाना 150 रु. बिल नम्बर 1564, व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत। (Purchased from Shiv Agencies : 200 Dhoti Pairs @ Rs. 250 per pair, 150 Thans of Shirting containing 20 meters per than @ Rs. 40 per meter. Brokerage Rs. 500. Dharmada Rs. 50 and Bardana Rs. 150, Bill No. 1564. Trade discount 10%).

" 23 शिव एजेन्सीज से प्राप्त माल की जांच करते समय पाया कि 10 धोती जोड़े कम थे और उसके लिए जमा की की चिट्ठी संख्या 1286 प्राप्त हुई। (On checking the goods with the invoice received from Shiv Agencies 10 Dhoti pairs were found short and credit note received for the same. credit note no. 1286).

" 26 पी. के. भाटिया एण्ड कम्पनी से जमा की चिट्ठी प्राप्त हुई क्योंकि 31.12.2008 के बिल संख्या 10691 की जोड़ 10,000 रु. अधिक लगी हुई थी। इस बिल पर 10 प्रतिशत व्यापारिक बट्टा दिया गया था। (Received a credit note from P.K. Bhatiya & Company because of the Bill No. 10691 dated 31.12.2008 was over cast by Rs. 10,000. 10% Trade discount was allowed on this bill).

" 27 घटिया किस्म की होने के कारण रमेश एण्ड कम्पनी को 10 साड़िया लौटाई। नाम की चिट्ठी संख्या 1061। (10 Sarees were returned to Ramesh & Co. due to inferior quality. Debit note no. 1061).

" 30 किशोर एण्ड कम्पनी से खरीदा : 5 गांठे धोती जोड़े प्रत्येक गांठ में 100 जोड़े दर 150 रु. प्रति जोड़ा। (Purchased from Kishore & Company : 5 Bales of dhoti pairs containing 100 pairs each @ Rs. 150 each pair).

" 30 शिव एजेन्सीज को 1,600 रु. का माल लौटाया। (Goods returned to Shiv Agencies Rs. 1,600).

" 31 क्षतिग्रस्त धोती जोड़ों की एक गांठ किशोर एण्ड कम्पनी को वापस लौटाई। (One defective bale of dhoti pair returned to Kishore and Company).

हल (Solution) :

Purchase Book

Date	Particulars	Invoice No.	L.F.	Rs.	Rs.
2009					
Jan 1	**Ramesh & Company**				
	100 Sarees @ Rs. 176 each			17,600	
	50 Thans of Poplin @ Rs. 75 per than	10,314		3,750	
	Less : Trade Discount 10%			21,350	
				2,135	19,215
Jan 12	**Shiv Agencies :**				
	200 Dhoti Pairs @ Rs. 250 per pair	1,564		50,000	
	150 Thans shirting @ Rs. 800 per than			1,20,000	
				1,70,000	
	Less : Trade Discount 10%			17,000	
				1,53,000	
	Brokerage			500	
	Dharmada			50	
	Bardana			150	1,53,700
Jan. 30	**Kishore & Company :**				
	5 Bales of Dhoti pairs @ Rs. 15,000 per bale				75,000
Jan. 31	Purchase A/c Dr.				2,47,915

Purchase Return Book

Date	Particulars	Debit Note No.	L.F.	Rs.	Rs.
2009					
Jan 27	**Ramesh & Company :**	1061			
	10 Sarees @ Rs. 176 each			1,760	
	Less : Trade Discount 10%			176	1,584
Jan 30	**Shiv Agencies :**				
	Goods returned.				1,600
Jan. 31	**Kishore & Company :**				
	01 Bales of Dhoti pairs @ Rs. 15,000				15,000
Jan. 31	Purchase Return A/c Cr.				18,184

टिप्पणी

उदाहरण (Illustration) – 2.

शिवानन्द फर्नीचर एवं स्टेशनर्स के निम्नलिखित व्यवहारों से विक्रय बही तथा विक्रय वापसी बही बनाइये। (From the following transactions prepare sales book and sales return book of M/s. Shivanand Furnitures and Stationers) :

2009

April 1 सेकिंड हैन्ड बुक कम्पनी को बेचा - (Sold to Second Hand Book Company) :

100 वित्तीय लेखांकन - लेखक बिस्सा, चितलंगी दर 500 रु. प्रत्येक (100 Financial Accounting by Bissa & Chitlangi @ Rs. 500 each)

100 लेखाशास्त्र - लेखक वडेरा, भार्गव दर 50 रु. प्रत्येक (100 Accountancy by Vadera & Bhargava @ Rs. 50 each)

50 लागत लेखांकन - लेखक ओसवाल, माहेश्वरी दर 250 रु., प्रत्येक व्यापारिक बट्टा 20 प्रतिशत। (50 Cost Accounting by Oswal & Maheshwari @ Rs. 250 each Trade Discount 20%)

" 5 सैकिंड हेन्ड बुक कम्पनी ने सूचित किया कि बरसात के कारण लेखाशास्त्र - लेखक वडेरा, भार्गव की 20 प्रतियां रास्ते में खराब हो गई जमा की चिट्ठी संख्या 1033 से उन प्रतियों पर 20 प्रतिशत छूट प्रदान की गई। (Second Hand Book Company informed that 20 copies of Accountancy by Vadera & Bhargava damaged in transit due to rain. An allowance on those copies @ 20% was given to him vide credit note no. 1033).

April 7 महिला महाविद्यालय को बेची - (Sold to Mahila Mahavidhyalaya) :

200 टेबल दर 200 रु. प्रति टेबल। (200 Tables @ Rs. 200 each)

200 कुर्सिया दर 100 रु. प्रति कुर्सी। (200 Chairs @ Rs. 100 each)

5 सोफासेट दर 5000 रु. प्रति सोफासेट। (5 Sofa set @ Rs. 5,000 each)

5 ड्रेसिंग टेबल दर 2000 रु. प्रति ड्रेसिंग टेबल। (5 Dressing Table @ Rs. 2,000 each)

20 बैंच दर 500 रु. प्रति बेंच। (20 Benches @ Rs. 500 each)

व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत। (Trade discount 10%)

" 10 महिला महाविद्यालय ने अधिक मात्रा में भेजी गई एक ड्रेसिंग टेबल तथा दो बेंचें वापस लौटाई। (Mahila Mahavidhyalaya returned excess quantity of one dressing table and two benches)

" 12 बिल की जोड़ 1000 रु. से अधिक लगने के कारण सैकिंड हैण्ड बुक कम्पनी को जमा की चिट्ठी संख्या 1039 भेजी। (Credit note no. 1039 sent to second hand book company for overcastting of invoice sent to them Rs. 1,000)

" 25 गोयल बुक डिपो को बेचा : (Sold to Goyal Book Depot) :

200 दर्जन केमलीन पैंसिलें दर 10 रु. प्रति दर्जन। (200 Dozen Camlin Pencils @ Rs.10 per dozen)

260 सेट केमलीन पेन दर 50 रु. प्रति सेट। (260 set Camlin Pen @ Rs. 50 per set)

100 कागज रिमें दर 70 रु. प्रति रिम। (100 Paper rims @ Rs. 70 each)

500 चेतक कॉपी दर 10 रु. प्रति कॉपी। (500 Chetak note book @ Rs. 10 each)

व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत, दलाली 2 प्रतिशत, धर्मादा 100 रु.। (Trade discount 10%, Brokerage 2%, Dharmada Rs. 100)

" 28 गोयल बुक डिपो ने केमलीन पेन के 60 सेट लौटाये। (Goyal Book Depot returned 60 set Camlin Pen).

" 30 प्रत्येक कागज की रिम की दर 10 रु. अधिक लगाने के कारण गोयल बुक डिपो को जमा की चिट्ठी संख्या

1051 भेजी। (A Credit note no. 1051 sent to Goyal Book Depot for excess charge of Rs. 10 per paper rim)

" 30 किताब महल को बेचा। (Sold to Kitab Mahal) :

1200 ऊंट छाप स्याही की दवातें दर 25 रु. प्रति दवात। (1200 Inkpots Camel brand @ Rs. 25 per inkpot)

1200 ऊंट छाप लेई 300 मिली लीटर दर 20 रु. प्रति नग। (1200 Camel brand paste 300 ml. @ Rs. 20 per piece)

व्यापारिक बट्टा 20 प्रतिशत। (Trade discount 20%)

हल (Solution) :

M/s. Shivanand Furnitures & Stationers

Sales Book

Date	Particulars	Invoice No.	L.F.	Amount				
				Details	Sales	Brokerage	Dharmada	Total
				Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
2009								
1.4	**Second Hand Book Company :**							
	100 Financial Accounting by Bissa & Chitlangi @ Rs. 500 each			50,000				
	100 Accountancy by Vadera & Bhargava @ Rs. 50 each			5,000				
	50 Cost Accounting by Oswal & Maheshwari @ Rs. 250 each			12,500				
				67,500				
	Less : Trade discount 20%			13,500	54,000	—	—	54,000
7.4	**Mahila Mahavidhyalaya :**							
	200 Tables @ Rs. 200 each			40,000				
	200 Chairs @ Rs. 100 each			20,000				
	5 Sofa set @ Rs. 5000 each			25,000				
	5 Dressing table @ Rs. 2000 each			10,000				
	20 Benches @ Rs. 500 each			10,000				
				1,05,000				
	Less : Trade discount 10%			10,500	94,500	—	—	94,500
25.4	**Goyal Book Depot :**							
	200 Dozen Camlin Pencils @ Rs. 10 per dozen			2,000				
	260 set Camlin Pen @ Rs. 50 per set			13,000				
	100 Paper rims @ Rs. 70 each			7,000				
	500 Chetak note book @ Rs. 10 each			5,000				
				27,000				
	Less : Trade discount 10%			2,700	24,300			
	Add : Brakerage 2%			486		486		
	Dharmada			100			100	24,886

टिप्पणी

Date	Particulars	Invoice No.	L.F.	Amount				
				Details	Sales	Brokerage	Dharmada	Total
				Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
2009								
30.4	**Kitab Mahal :**							
	1200 Inkpots Camel brand @ Rs. 25 per inkpot			30,000				
	1200 Camel paste 300 ml. @ Rs. 20 per piece			24,000				
				54,000				
	Less : Trade discount 20%			10,800	43,200	—	—	43,200
	Total				2,16,000	486	100	2,16,586

Sales Return Book

Date	Particulars	Credit Note No.	L.F.	Rs.	Rs.
2009					
10.4	**Mahila Mahavidhyalaya :**				
	1 Dressing tale @ Rs. 2,000 each			2,000	
	2 Benches @ Rs. 500 each			1,000	
				3,000	
	Less : Trade discount 10%			300	2,700
28.4	**Goyal Book Depot :**				
	60 set Camlin Pen @ Rs. 50 per set			3,000	
	Less : Trade discount 10%			300	2,700
	Sales Return A/c Dr.				5,400

उदाहरण (Illustration) – 3.

मयंक की प्राप्य बिल बही तथा देय बिल बही में निम्नलिखित व्यवहारों को लिखिये – (Enter the following transactions in bills receivable and bills payable books of Mayank) :

2009

July 1 सोहन एण्ड सन्स ने 2,500 रु. का एक बिल 3 माह की अवधि का स्वीकार किया। (Sohan & Sons accepted a bill of Rs. 2,500 for the term of 3 months)

8 कपिल एण्ड कम्पनी से 12,000 रु. का एक बिल 2 माह की अवधि का प्राप्त हुआ। (A bill received from Kapil & Company of Rs. 12,000 for the term of 2 months).

July 12 नवीन ट्रेडर्स पाली का 10,000 रु. का एक बिल 4 माह की अवधि का स्वीकार किया। (Accepted a bill of Rs. 10,000 drawn by Naveen Traders Pali for the period of 4 months)

17 मुकुल एण्ड कम्पनी द्वारा स्वीकृत 5,000 रु. का बिल 3 माह की अवधि का प्राप्त हुआ। (Received a bill of Rs. 5,000 duily accepted by Mukul & Company for 3 months)

20 हेमन्त कम्पनी द्वारा लिखा हुआ 2 माह की अवधि का 7,000 रु. का बिल स्वीकार किया। (Accepted a bill drawn by Hemant & Company for Rs. 7,000 for the period of two months)

July 24 रमेश द्वारा लिखित 4,000 रु. का 3 माह की अवधि का बिल स्वीकार किया जिसका कि भुगतान शिव को किया जायेगा। (Accepted Ramesh's draft for the period of three months for Rs. 4,000, the payment of which would be given to Shiv).

हल (Solution) :

विनिमय बिलों की परिपक्वता (Maturity) तिथि ज्ञात करते समय देय तिथि में तीन दिन ओर जोड़े जाते है जिन्हें अनुग्रह दिवस (Days of Grace) कहते है।

Bills Receivable Book

Sl. No.	Date of receipt	From whom Received	Drawer	Acceptor	Date of Bill	Term	Due Date	L.F.	Amount	Remark
	2009				2009		2009		Rs.	
1	July 1	Sohan & Sons	Mayank	Sohan & Sons	July 1	3 months	Oct. 4		2,500	
2	July 8	Kapil & Sons	Mayank	Kapil & Co.	July 8	2 months	Sept. 11		12,000	
3	July 17	Mukul & Co.	Mayank	Mukul & Co.	July 17	3 months	Oct. 20		5,000	
									19,500	

Bills Payable Book

Sl. No.	Date of given	To whom given	Payee	Where payable	Date of Bill	Term	Due Date	L.F.	Amount	Remark
	2009				2009		2009		Rs.	
1	July 12	Naveen Traders	Naveen Traders	Pali	July 12	4 months	Nov. 15		10,000	
2	July 20	Hemant & Co.	Hemant & Co.	—	July 20	2 months	Sept. 23		7,000	
3	July 24	Ramesh	Shiv	—	July 24	3 months	Oct. 27		4,000	
									21,000	

उदाहरण (Illustration) – 4.

निम्नलिखित व्यवहारों को साधारण रोकड़ बही में लिखिये। (Enter the following transactions in a simple cash book).

2009		Rs.
April 1	हाथ में रोकड़ (Cash in hand)	3,000
" 1	रोकड़ विक्रय (Cash Sales)	40,000
" 2	रोकड़ क्रय (Cash Purchases)	15,000
" 4	रिषभ से प्राप्त (Received from Rishabh)	18,000
" 8	स्कूटर खरीदा (Purchase of Scooter)	35,000
" 12	मजदूरी चुकाई (Wages paid)	6,600
" 15	आनन्द से प्राप्त (Received from Anand)	21,500
" 17	कमीशन प्राप्त (Commission received)	4,500
" 20	किराया चुकाया (Rent paid)	6,000
" 22	डाक टिकट खरीदे (Purchase of postage stamp)	1,000
" 23	स्टेशनरी खरीदी (Stationery purchased)	2,400
" 26	बिक्री कर चुकाया (Sales tax paid)	8,000
" 27	थेला भाड़ा चुकाया (Cartage paid)	500
" 28	ब्याज प्राप्त (Interest received)	2,900
" 29	अनिल को चुकाये (Paid to Anil)	15,000
" 30	संजय से प्राप्त (Received from Sanjay)	3,000

हल (Solution) :

Cash Book

Dr. Cr.

Date	Particulars	L.F.	Amount	Date	Particulars	L.F.	Amount Rs.
2009			Rs.	2009			Rs.
April 1	To Balance b/d		3,000	April 2	By Purchases A/c		15,000
" 1	To Sales A/c		40,000	" 8	By Scooter A/c		35,000
" 4	To Rishabh		18,000	" 12	By Wages A/c		6,600
" 15	To Anand		21,500	" 20	By Rent A/c		6,000
" 17	To Commission A/c		4,500	" 22	By Postage A/c		1,000
" 28	To Interest A/c		2,900	" 23	By Stationery A/c		2,400
" 30	To Sanjay		3,000	" 26	By Sales Tax A/c		8,000
				" 27	By Cartage A/c		500
				" 29	By Anil		15,000
				" 30	By Balance c/d		3,400
			92,900				92,900

उदाहरण (Illustration) – 5.

निम्नलिखित व्यवहारों को दो खातों वाली रोकड़ बही में लिखिये। (Enter the following transactions in two column cash book) :

2009		Rs.
Jan. 1	सुरेश ने रोकड़ से व्यापार प्रारंभ किया। (Suresh started a business with cash)	1,00,000
" 3	बैंक में जमा करवाये। (Deposited in to bank)	90,000
" 5	हरी से रोकड़ माल खरीदा। (Goods purchased from Hari in cash)	8,000
" 7	रोकड़ विक्रय। (Cash Sales)	6,000
" 9	मोहन से 11,100 रु. के पूर्ण भुगतान में 10,000 रु. प्राप्त। (Received from Mohan Rs. 10,000 in full settlement of Rs. 11,100)	
" 12	रोकड़ खरीद। (Cash Purchases)	3,000
" 15	रमेश को 12,500 रु. के पूर्ण भुगतान में 10,800 रु. चुकाये। (Paid to Ramesh Rs. 10,800 in full settlement of Rs. 12,500)	
" 17	हेमन्त से 8,000 रु. का चैक प्राप्त हुआ, उसे 750 रु. का बट्टा दिया। (Received a cheque from Hemant Rs. 8,000 and discount allowed to him Rs. 750)	
" 18	पंकज को 9,000 रु. के पूर्ण भुगतान में 8,200 रु. चुकाये। (Paid to Pankaj Rs. 8,200 in full settlement of Rs. 9,000)	
" 20	यात्रा व्यय चुकाये। (Travelling expenses paid)	2,500
" 21	कमीशन प्राप्त। (Commission received)	3,750
" 24	बिजली एवं पानी के चुकाये। (Paid for electricity and water)	700
" 26	थेला भाड़ा चुकाया। (Cartage paid)	100
" 28	डाक व तार व्यय चुकाये। (Postage and telegram exp. Paid)	80
" 30	मजदूरी चुकाई (Wages paid)	1,200
" 31	वेतन चुकाया। (Salaries paid)	2,000

टिप्पणी

हल **(Solution) :**

Dr. Two Column Cash Book Cr.

Date	Particulars	L.F.	Amount		Date	Particulars	L.F.	Amount	
			Discount	Cash				Discount	Cash
2009			Rs.	Rs.	2009			Rs.	Rs.
Jan 1	To Capital A/c			1,00,000	Jan 3	By Bank A/c			90,000
" 7	To Sales A/c			6,000	" 5	By Purchase A/c			8,000
" 9	To Mohan's A/c		1,100	10,000	" 12	By Purchases A/c			3,000
" 17	To Hemant's A/c		750	8,000	" 15	By Ramesh's A/c		1,700	10,800
" 21	To Commission A/c			3,750	" 18	By Pankaj's A/c		800	8,200
					" 20	By Travelling Exp. A/c			2,500
					" 24	By Electricity and Water Exp. A/c			700
					" 26	By Cartage A/c			100
					" 28	By Postage & Telagram Exp. A/c			80
					" 30	By Wages A/c			1,200
					" 31	By Salaries A/c			2,000
					" 31	By Balance c/d			1,170
			1,850	1,27,750				2,500	1,27,750

उदाहरण (Illustration) – 6.

निम्नलिखित व्यवहारों की तीन खानों वाली रोकड़ बही में लिखिये। (Enter the following transactions in three column cash book) :

2009		Rs.
April 1	हस्तगत रोकड़ (Balance in hand)	1,250

2009		Rs.
"	बैंक अधिविकर्ष (Bank Overdraft)	15,000
"3	रोकड़ विक्रय (Cash Sales)	8,000
"4	मुकेश से 11,500 रु. के पूर्ण भुगतान में प्राप्त (Received from Mukesh in full settlement of Rs. 11,500)	11,000
"7	सोफा खरीदा व चैक से चुकाये। (Purchase sofa set and paid by cheque)	6,800
"9	बैंक में रोकड़ जमा करवाये (Cash deposited in to bank)	15,000
" 10	रोकड़ खरीदा (Cash purchases)	5,000
" 12	माल बेचा व चैक से भुगतान प्राप्त (Goods sold and payment received by cheque)	9,800
" 14	सुनील को चैक से चुकाये तथा बट्टा प्राप्त 500 रु. (Paid to Sunil by cheque and discount received Rs. 500)	5,800
" 15	कार्यालय प्रयोग हेतु बैंक से निकाले (Withdrew from bank for office use)	1,000
" 17	रोकड़ विक्रय (Cash Sales)	7,250
" 18	राम से माल खरीदा 13,000 रु., तथा 5 प्रतिशत बट्टा काटकर चैक से भुगतान किया। (Purchased goods from Ram Rs. 13,000 and paid by cheque after deducting 5% discount)	
" 19	बैंक में चैक जमा करवाया। (Cheques deposited in to bank)	
" 20	बिजली व टेलीफोन के बिल चैक से चुकाये (Electricity and Telephone bills paid by cheque)	3,400
" 21	बीमा प्रीमियम चैक से चुकाया (Paid for insurance premium by cheque)	1,200
" 23	व्यक्तिगत प्रयोग हेतु बैंक से निकाले (Withdrew from bank for personal use)	4,000
" 24	रमेश से चैक प्राप्त हुआ (Received a cheque from Ramesh)	15,000
" 27	संजय से रोकड़ प्राप्त व बट्टा दिया 150 रु. (Received cash from Sanjay and discount allowed Rs. 150)	780
" 28	रमेश का चैक बैंक में जमा करवाया (Ramesh cheque deposited in to bank)	
" 29	किराये का चैक से भुगतान किया (Rent paid by cheque)	2,000
" 30	वेतन चुकाया (Salaries paid)	7,200
30	रमेश का चैक अप्रतिष्ठित हुआ तथा बैंक ने लौटाय। (Ramesh cheque dishonoured and returned by bank)	

टिप्पणी

हल (Solution) :

Dr. Three Column Cash Book Cr.

Date	Particulars	L.F	Amount			Date	Particulars	L.F	Amount		
			Dis.	Cash	Bank				Dis.	Cash	Bank
2009			Rs.		Rs.	2009			Rs.		Rs.
1.4	To Balance b/d		—	1,250	—	1.4	By balance b/d		—	—	15,000
3.4	To Sales A/c		—	8,000	—	7.4	By Furniture A/c		—	—	6,800
4.4	To Mukesh's A/c		500	11,000	—	9.4	By Bank A/c	C		15,000	—
9.4	To Cash A/c	C	—	—	15,000	10.4	By Purchases A/c		—	5,000	—
12.4	To Sales A/c		—	9,800	—	14.4	By Sunil		500	—	5,800
15.4	To Bank A/c	C	—	1,000	—	15.4	By Cash A/c	C	—	—	1,000
17.4	To Sales A/c		—	7,250	—	18.4	By Purchases A/c		—	—	12,350
19.4	To Cash A/c	C	—	—	9,800	19.4	By Bank A/c	C	—	9,800	—
24.4	To Ramesh		—	15,000	—	20.4	By Electricity &				
27.4	To Sanjay		150	780	—		Telephone Exp. A/c		—	—	3,400
28.4	To Cash A/c	C	—	—	15,000	21.4	By Insurance Pre. A/c		—	—	1,200
30.4	To Balance c/d		—	—	26,750	23.4	By Drawings A/c		—	—	4,000
						28.4	By Bank A/c	C	—	15,000	—
						29.4	By Rent A/c		—	—	2,000
						30.4	By Salaries A/c		—	7,200	—
						30.4	By Ramesh		—	—	15,000
						30.4	By Balance c/d		—	2,080	—
			650	54,080	66,550				500	54,080	66,550

उदाहरण (Illustration) – 7

निम्नलिखित व्यवहारों को फुटकर रोकड़ बही में लिखिये -(Enter the following transactions in petty cash book) :

01.04.2009 को फुटकर रोकड़िये को फुटकर खर्चों के लिए 1,500 रु. दिये माह के अन्तर्गत फुटकर रोकडियें ने निम्नलिखित भुगतान किये - (On 01.04.2009 Rs. 1,500 were given to the petty cashier for petty expenses. The petty cashier made the following payments during the month) :

April 1 थेला भाड़ा 50 रु., चाय, कॉफी आदि 125 रु. तथा स्टेशनरी के 15 रु. (Cartage Rs. 50, Tea, Coffee etc. Rs. 125 and stationery Rs. 15)

3 डाक के 25 रु., स्टाम्प पेड के 10 रु., ठण्डा पेय के 112 रु. तथा मजदूरी के 25 रु. (Postage Rs. 25, Stamp pad Rs. 10, Cold drinks Rs. 112 and Wages 25)

6 टेक्सी भाड़ा 20 रु., लिफाफे 15 रु. तथा नमकीन व बिस्कीट 120 रु. (Taxi hire Rs. 20, Envelops Rs. 15 and namkeen & biscuits Rs. 120)

9 रेल भाड़ा 120 रु., कुली के व्यय 10 रु. तथा थेला भाड़ा 5 रु. (Railway freight Rs. 120, Coolie

charges Rs. 10 and Thela hire Rs. 5)

15 थेला भाड़ा 15 रु., रबड़ की मोहरें खरीदी 25 रु. तथा फिनाईल के 28 रु. (Thela charges Rs. 15, purchase rubber stamp Rs. 25 and Phenyle Rs. 28)

20 झाड़ू 12 रु., पोचा 20 रु. तथा मिठाई 250 रु. (Zadu Rs. 12, Pocha Rs. 20 and Sweets Rs. 250)

26 पेंसिल व रबड़ 128 रु., फोटो प्रति 7 रु. तथा पानी का बिल चुकाया 54 रु. (Pencils & erasors Rs. 128, Photo copies Rs. 7 and Water bill paid Rs. 54)

30 थेला भाड़ा 20 रु., पेट्रोल 56 रु. तथा कागज की रिम 100 रु. (Thela hire Rs. 20, Petrol Rs. 56 and Paper rim Rs. 100)

हल (Solution) :

Pettty Cash Book

Receipts	Date	Particulars	Voucher No.	Total Amount	Wages	Carriage & Cartage	Printing & Stationery	Postage & Telegram	Refres-hment	Misc. Exp.
Rs.	2009		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
1,500	1.4	To Cash A/c								
	"	By Cartage A/c	4/1	50	—	50	—	—	—	—
	"	By Refreshment A/c	4/2	125	—	—	—	—	125	—
	"	By Stationery A/c	4/3	15	—	—	15	—	—	—
	3.4	By Postage A/c	4/4	25	—	—	—	25	—	—
	"	By Misc. Exp. A/c	4/5	10	—	—	—	—	—	10
	"	By Refreshment	4/6	112	—	—	—	—	112	—
	"	By Wages A/c	4/7	25	25	—	—	—	—	—
	6.4	By Misc. Exp.	4/8	20	—	—	—	—	—	20
	"	By Stationery A/c	4/9	15	—	—	15	—	—	—
	"	By Refreshment	4/10	120	—	—	—	—	120	—
	9.4	By Carriage A/c	4/11	120	—	120	—	—	—	—
	"	By Wages A/c	4/12	10	10	—	—	—	—	—
	"	By Cartage	4/13	5	—	5	—	—	—	—
	15.4	By Cartage	4/14	15	—	15	—	—	—	—
	"	By Misc. Exp.	4/15	25	—	—	—	—	—	25
	"	By Misc. Exp.	4/16	28	—	—	—	—	—	28
	20.4	By Misc. Exp.	4/17	12	—	—	—	—	—	12
	"	By Misc. Exp.	4/18	20	—	—	—	—	—	20
	"	By Refreshment	4/19	250	—	—	—	—	250	—
	26.4	By Stationery	4/20	128	—	—	128	—	—	—
	"	By Printing	4/21	7	—	—	7	—	—	—
	"	By Misc. Exp.	4/22	54	—	—	—	—	—	54
	30.4	By Cartage	4/23	20	—	20	—	—	—	—
	"	By Misc. Exp.	4/24	56	—	—	—	—	—	56
	"	By Stationery	4/25	100	—	—	100	—	—	—
	"	By Balance c/d		133	—	—	—	—	—	—
1,500				1,500	35	210	265	25	607	225
133	1.5	To Balance b/d								
1,367	1.5	To Cash A/c								

टिप्पणी

उदाहरण (Illustration) – 8.

शिव ऐजेन्सीज बालोतरा के निम्नलिखित व्यवहारों से क्रय बही, विक्रय बही, क्रय वापसी बही, विक्रय वापसी बही रोकड़ बही तथा मुख्य जर्नल बनाईये – (Prepare Purchase Book, Sales Book, Purchase Return Book, Sales Return Book and Journal proper from the following transactions of M/s Shiv Agencies of Balotra) :

2009

Apr il 1 अक्षय एण्ड सन्स से खरीदा : 1000 मीटर लट्ठा दर 20 रु. प्रति मीटर, 200 मीटर सिल्क दर 100 रु. प्रति मीटर / बिल नम्बर 10125 (Purchased from Akshay & Sons : 1000 meters lattha cloth @ Rs. 20 per meter, 200 meters Silk @ Rs. 100 per meter vide invoice no. 10125)

3 राकेश वस्त्र भण्डार से 45000 रु. पूर्ण भुगतान में प्राप्त। (Cash received from Rakesh Vashtra Bhandar in full settlement Rs. 45,000)

4 राकेश वस्त्र भण्डार को बेचा : 200 मीटर सर्टिंग दर 100 रु. प्रति मीटर, 160 मीटर सूटिंग दर 200 रु. प्रति मीटर। व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत बिल नम्बर 100620 (Sold to Rakesh Vashtra Bhandar : 200 meters shirting @ Rs. 100 per meter, 160 meters suiting @ Rs. 200 per meter, Trade discount 10% vide Bill No. 100620).

6 कोहिनूर स्टील कम्पनी से 5000 रु. में आलमारी खरीदी (Almiragh purchased from Kohinoor Steel Company Rs. 5,000)

7 कमीशन चुकाया 2000 रु., किराया चुकाया 5000 रु. (Commission paid Rs. 2,000 and Rent paid Rs. 5,000)

8 ऋषभ वस्त्र भण्डार से खरीदा : 100 थान पोपलीन (एक थान में 50 मीटर) दर 25 रु. प्रति मीटर, 200 मीटर शर्टिंग दर 200 रु. प्रति मीटर। व्यापारिक बट्टा 5 प्रतिशत बिल नम्बर 16421 (Purchased from Rishib Vashtra Bhandar : 100 than Poplin @ Rs. 25 per meter @ 50 meter in each than, 200 meter shirting @ Rs. 200 per meter, Trade discount 5% vide invoice no. 16421).

10 1200 रु. का घटिया माल लौटाने के बदले राजू साड़िज से जमा का पत्रक संख्या 1201 प्राप्त हुआ। (Received credit note no. 1201 from Raju sarees due to return of inferior goods Rs. 1,200).

11 किशोर एण्ड कम्पनी से 10000 रु. अग्रिम प्राप्त हुए। (Received from Kishore and Company Rs. 10,000 in advance)

11 निजी प्रयोग के लिए 1800 रु. का माल निकाला। (Goods withdrawn for personal use Rs. 1,800)

13 खर्चे चुकाये 2000 रु. तथा अक्षय को चुकाये 40000 रु. (Expenses paid Rs. 2,000 and paid to Akshay Rs. 40,000)

2009

14 कपिल क्लोथ स्टोर को बेचा : 200 चद्दरें दर 300 रु. प्रति चद्दर, 120 दर्जन रूमाल दर 20 रु. प्रति रूमाल। व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत, पैकिंग खर्च 30 रु. तथा भाड़ा 40 रु. बिल नम्बर 109312 (Sold to Kapil cloth stores : 200 Bed sheets @ Rs. 300 per bed sheet, 120 dozens Napkin @ Rs. 20 per napkin, Trade discount 10%, packing charges Rs. 30 and freight Rs. 40 vide Bill No. 109312)

15 रोकड़ विक्रय 58,000 रु. (Cash Sales Rs. 58,000)

18 कल्पना साड़ीज सूरत में खरीदा - 300 पोलिस्टर की साडियां दर 150 रु. प्रति साड़ी, दलाली 2 प्रतिशत, भाड़ा 190 रु., पैकिंग व्यय 500 रु. तथा व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत (Purchased from Kalpana Sarees, Surat : 300 Polyster Sarees @ Rs. 150 each, Brokerage 2%, Freight Rs. 190 packing charges 500 and trade discount 10%.)

Apr
il 22 किशोर एण्ड कम्पनी पोकरण को बेचा - 100 पोलिस्टर की साड़िया दर 180 रु. प्रति साड़ी बिक्री कर 10 प्रतिशत व्यापारिक बट्टा 5 प्रतिशत (Sold to Kishore & Company Pokaran : 100 Polyster Sarees @ Rs. 180 each, Sales tax 10%, Trade discount 5%).

23 कल्पना साड़ीज को चुकाया 40,000 रु. तथा बट्टा प्राप्त 650 रु.। (Paid to Kalpana Sarees Rs. 40,000 and discount received Rs. 650).

24 आनन्द मिल्स से खरीदा - 500 साड़ियां दर 200 रु. प्रति साड़ी व्यापारिक बट्टा 5 प्रतिशत इसमें से सुभद्रा साड़ीज फलौदी को 200 साड़ियां 25 प्रतिशत लाभ जोड़कर बेची। व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत, धर्मादा 100 रु., बिक्री कर 10 प्रतिशत बिल नम्बर 18112 तथा 110991. (Purchased from Anand Mills 500 Sarees @ Rs. 200 per Saree at 5% trade discount and out of it he sold to Subhadra Sarees Phalodi, 200 Sarees by adding 25% profit on it at 10% trade discount, Charity Rs. 100 and Sales tax 10% vide bill no. 18112 & 110991).

25 कपिल क्लोथ स्टोर ने 10 चादरें लौटायी। (Goods returned by Kapil cloth stores : 10 Bed sheets).

25 रोकड़ विक्रय 1,20,000 रु. तथा थेला भाड़ा चुकाया 3,000 रु. (Cash sales Rs. 1,20,000 and cartage paid Rs. 3,000).

27 राम किशोर दिवालिया हो गया और उससे 1,200 रु. ही प्राप्त हो सके। (Ram Kishore became insolvant and could not receive Rs. 1,200 from him).

27 1,00,000 रु. ऋषभ वस्त्र भण्डार को चुकाये। (Paid to Rishabh Vashtra Bhandar Rs. 1,00,000).

28 क्षतिग्रस्त 8 साड़ियां लौटाने के कारण आनन्द मिल्स से जमा पत्रक संख्या 1021 प्राप्त हुआ। (Received credit Note No. 1021 from Anand Mills due to return of 8 defective sarees).

28 किशोर एण्ड कम्पनी से पूर्ण भुगतान में 7,000 रु. प्राप्त हुए। (Received from Kishore & Company Rs.

2009

7,000 in full settlement).

29 सुभद्रा साड़ीज फलौदी ने 10 साड़िया लौटायी। (Subhadra Sarees Phalodi returned 10 Sarees).

29 कपिल क्लोथ स्टोर्स से पूर्ण भुगतान में 75,000 रु. प्राप्त हुए। (Received from Kapil cloth stroes Rs. 75,000 in full settlement).

30 मोतीलाल एण्ड कम्पनी को माल बेचा : 500 मीटर वेलवेट दर 250 रु. प्रति मीटर, 300 मीटर गारडन दर 100 रु. प्रति मीटर। व्यापारिक बट्टा 10 प्रतिशत, भाड़ा 300 रु., दलाली 2 प्रतिशत, धर्मादा 200 रु. तथा बिक्री कर 10 प्रतिशत बिल नम्बर 121011 (Goods sold to Moti Lal & Company : 500 meters valvet @ Rs. 250 per meter, 300 meters garden @ Rs. 100 per meter, Trade discount 10%, freight Rs. 300, Brokerage 2%, Charity Rs. 200 and Sales tax 10% vide Bill No. 121011)

30 1,000 रु. का माल दान में दिया। (Goods given as charity Rs. 1,000)

30 वेतन चुकाया 10,000 रु. तथा बिक्री कर चुकाया 19,035 रु. (Salaries paid Rs. 10,000 and sales tax paid Rs. 19,035)

30 एक पुरानी कार यश को बेची 50,000 रु. (An old car sold to Yash Rs. 50,000)

30 डाक तार व्यय चुकाये 650 रु. (Postage charges paid Rs. 650)

30 बिल की जोड़ 1,000 रु. से अधिक लग जाने के कारण अनुपम साड़ीज से जमा की चिट्ठी प्राप्त हुई। (Credit note received from Anupam Sarees due to overcast of invoice Rs. 1,000)

2009

Apr ऋषभ वस्त्र भण्डार को पूर्ण भुगतान में चुकाये 55,000 रु. (Paid to Rishabh Vashtra
il 30 Bhandar in full settlement Rs. 55,000)

30 कल्पना साड़ीज को 10 क्षतिग्रस्त पोलिस्टर की साड़िया लौटाई (Return 10 defective polyster sarees to Kalpana Sarees)

30 यात्रा व्यय के चुकाये 6,400 रु. (Traveling Expenses paid Rs. 6,400)

30 मोती लाल एण्ड कम्पनी ने 50 मीटर क्षतिग्रस्त गार्डन तथा 20 मीटर वेलवेट लौटाया। (Moti Lal & Co. returned 50 meters defective garden and 20 meter valvet)

30 1,680 रु. का माल चुरा लिया गया। (Goods stolen worth Rs. 1,680)

हल (Solution) :

Sales Book

Date	Particulars	L.F.	Invoice No.	Amount					
				Details	Sales	Sales Tax	Exp.	Charity	Total
				Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
2009 April 4	**Rakesh Vashtra Bhandar :**		100620						
	200 meter Shirting @ Rs. 100 per meter			20,000					
	160 meters Suiting @ Rs. 200 per meter			32,000					
				52,000					
	Less : Trade discount 10%			5,200	46,800	—	—	—	46,800
14	**Kapil Cloth Stores :**		109312						
	200 Bed sheets @ Rs. 300 per bed sheet			60,000					
	1440 Napkin @ Rs. 20 per napkin			28,800					
				88,800					
	Less : Trade discount 10%			—8,880	79,920				
	Packing Charges			30					
	Freight			40			70		79,990
22	**Kishore & Co.; Pokaran :**								
	100 Polyster Sarees @ Rs. 180 each			18,000					
	Less : Trade discount 5%			900	17,100				
	Sales Tax 10%					1,710			18,810
24	**Subhadra Sarees, Phalodi :**		110991						
	200 Sarees @ Rs. 250 per saree			50,000					

टिप्पणी

	Less : Trade discount 10%			5,000	45,000				
	Sales Tax 10%					4,500		100	49,600
	Charity								
30	**Moti Lal & Company :**		121011						
	500 Meters Valvet @ Rs. 250 per meter			1,25,000					
	300 meters Garden @ Rs. 100 per meter			30,000					
				1,55,000					
	Less : Trade discount 10%			15,500	1,39,500				
	Sales Tax 10%					13,950			
	Freight			300					
	Brokerage 2%			2,790			3,090		
	Charity							200	1,56,740
	Total				3,28320	20,160	3,160	300	3,51,940

Purchase Book

Date	Particulars	L.F.	Invoice No.	Amount Details	Amount Total
2009				Rs.	Rs.
April 1	**Akshay & Sons :**				
	1000 meters Lattha @ Rs. 20 per meter		10125	20,000	
	200 meters Silk @ Rs. 100 per meter			20,000	40,000
8	**Rishibh Vashtra Bhandar :**				
	5000 meters Poplin @ Rs. 25 per meter		16421	1,25,000	
	200 meters Shirting @ Rs. 200 per meter			40,000	
				1,65,000	
	Less : Trade discount 5%			8,250	1,56,750

Date	Particulars		L.F.	Invoice No.	Amount	
					Details	Total
2009					Rs.	Rs.
18	**Kalpana Sarees, Surat :**					
	300 Polyster Sarees @ Rs. 150 each				45,000	
	Less : Trade discount				4,500	
					40,500	
	Add : Brakerage 2%	810				
	Freight	190				
	Packing charges	500			1,500	42,000
24	**Anand Mills :**					
	500 Sarees @ Rs. 200 each			18112	1,00,000	
	Less : Trade discount 5%				5,000	95,000
30	**Purchase A/c**	Dr.				3,33,750

Purchase Return Book

Date	Particulars		L.F.	Dr./Cr. Note No.	Amount	
					Details	Total
					Rs.	Rs.
2009						
April 10	**Raju Saries :**			Cr. Note		1,200
	Inferior goods returned			No. 1201		
" 28	**Anand Mills :**			Cr. Note		
	8 Saries @ Rs. 200 each			No. 1021	1,600	
	Less : Trade discount 5%				80	1,520
" 30	**Kalpana Sarees :**					
	10 Polyster sarees @ Rs. 150 each				1,500	
	Less : Trade discount 10%				150	1,350
"30	**Purchase Return A/c**	Cr.				4,070

Sales Return Book

Date	Particulars	L.F.	Dr./Cr. Note No.	Amount	
				Details	Total
2009				Rs.	Rs.
April 25	**Kapil Cloth Stroes :**				
	10 Bed sheets @ Rs. 300 each			3,000	
	Less : Trade discount 10%			300	2,700
" 29	**Subhadra Sarees :**				
	10 sarees @ Rs. 250 each			2,500	
	Less : Trade discount @ 10%			250	
				2,250	
	Add : Sales Tax @ 10%			225	2,475
" 30	**Moti Lal & Company :**				
	20 meters Valvet @ Rs. 250 per meter			5,000	
	50 meters Garden @ Rs. 100 per meter			5,000	
				10,000	
	Less : Trade discount 10%			1,000	
				9,000	
	Add : Sales Tax 10%			900	9,900
" 30	**Sales Return A/c** Dr.				13,950
	Sales Tax A/c Dr.				1,125

Journal Proper

Date	Particulars	L.F.	Amount (Rs.)	
2009				
April 6	Furniture A/c Dr.		5,000	
	To Kohinoor Steel Company			5,000
	(Being Almiragh purchased)			
" 7	Discount A/c Dr.		1,800	

Date	Particulars		L.F.	Amount (Rs.)	
2009					
	To Rakesh A/c				1,800
	(Being discount allowed to Rakesh)				
" 11	Drawings A/c	Dr.		1,800	
	To Purchases A/c				1,800
	(Being goods withdraw for personal use)				
" 23	Kalpana Sarees A/c	Dr.		650	
	To Discount A/c				650
	(Being discount received from Kalpana Sarees)				
" 27	Bad Debts A/c	Dr.		1,200	
	To Ram Kishore				1,200
	(Being Ram Kishore became insolvant)				
" 28	Discount A/c	Dr.		1,810	
	To Kishore & Co				1,810
	(Being discount allowed to Kishore & Co.)				
" 29	Discount A/c	Dr.		2,290	
	To Kapil cloth stores				2,290
	(Being discount allowed to Kapil cloth stores)				
" 30	Rishabh Vashtra Bhandar	Dr.		1,750	
	To Discount A/c				1,750
	(Being discount received from Rishabh Vashtra Bhandar)				
" 30	Charity A/c	Dr.		1,000	
	To Purchase A/c				1,000
	(Being goods given as charity)				
" 30	Yash	Dr.		50,000	
	To Car A/c				50,000
	(Being old car sold to Yash)				
" 30	Anupam Sarees	Dr.		1,000	
	To Purchases A/c				1,000
	(Being credit note received for over casting of invoice)				
" 30	Loss by theft A/c	Dr.		1,680	
	To Purchase A/c				1,680

टिप्पणी

टिप्पणी

Date	Particulars	L.F.	Amount (Rs.)	
2009	(Being goods stolen)			
	Total		69,980	69,980

Dr. Cash Book Cr.

Date	Particulars	L.F.	Amount Rs.	Date	Particulars	L.F.	Amount Rs.
2009				2009			
3.4	To Rakesh Vashtra Bhandar		45,000	7.4	By Commission A/c		2,000
11.4	To Kishore & Co.		10,000	7.4	By Rent A/c		5,000
15.4	To Sales A/c		58,000	13.4	By Expenses A/c		2,000
25.4	To Sales A/c		1,20,000	13.4	By Akshay		40,000
28.4	To Kishore & Co,		7,000	23.4	By Kalpana Sarees		40,000
29.4	To Kapil cloth stores		75,000	25.4	By Cartage A/c		3,000
				27.4	By Rishabh Vashtra Bhandar		1,00,000
				30.4	By Salaries A/c		10,000
				"	By Sales Tax A/c		19,035
				"	By Postage charges A/c		650
				"	By Rishabh Vashtra Bhandar		55,000
				"	By Travelling Exp. A/c		6,400
				"	By Balance c/d		31,915
			3,15,000				3,15,000

2.2 तलपट का अर्थ एवं परिभाषा (Meaning and Definition of Trial Balance)

व्यापार में होने वाले समस्त व्यवहारों को सर्वप्रथम बहियों में लिखा जाता है। लेखन कार्य के पश्चात् उन व्यवहारों की खाता बही में खतौनी की जाती हैं। व्यवहारों का लेखांकन, उनकी खतौनी, खातों के योग लगाने तथा शेष निकालने में कोई गणितीय अशुद्धि न रह जाय, इस बात की पुष्टि करने के लिए जो तालिका या सूची बनाई जाती है उसे तलपट कहते हैं। यदि तलपट के नाम तथा जमा पक्ष के योग बराबर आ जाते हैं तो व्यापारी इतना आश्वस्त हो सकता है कि उसकी बहियों में किसी तरह की गणितीय अशुद्धि नहीं रही है, अर्थात् जितनी राशि नाम पक्ष में लिखी गई है उतनी ही जमा पक्ष में भी लिखी जा चुकी है। तलपट का मिल जाना इस बात का द्योतक नहीं है कि प्रारम्भिक बहियों तथा खाताबही में कहीं भी अशुद्धियाँ नहीं हैं।

''एक निश्चित तिथि को प्रत्येक व्यवहार का दोहरा लेखा हो जाता है तब उनके शेषों की सूची बनायी जाती है। इसी सूची को तलपट कहा जाता है।''

स्पाइसर एण्ड पैगलर

तलपट का प्रारूप (Form of Trial Balance) :

Trial Balance of ....

As on ....

Sl.No.	Name of Ledger Accounts	L.F.	Amount (In Rs.)	
			Debit	Credit

2.2.1 खातों की पहचान करके तलपट बनाना :

यदि प्रश्न में खातों के शेषों के बारे में जानकारी न दी हो कि उनके नाम के शेष है या जमा के शेष, तो उनसे तलपट बनाते समय खातों की प्रकृति के आधार पर उन्हें नाम या जमा की तरफ लिखा जाता है। विभिन्न प्रकार के खातों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाता है -

1. व्यक्तिगत खाते, 2. वास्तविक खाते, 3. अवास्तविक खाते।

इनके शेषों के बारे में जानकारी प्राप्त करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेंगे -

१. **व्यक्तिगत खाते :** कुछ व्यक्तिगत खातों के नाम शेष होते है तथा कुछ के जमा के शेष होते है। जमा के शेष वाले खातों में पूँजी खाता, प्राप्त ऋण खाता, लेनदार खाते, बैंक अधिविकर्ष खाता तथा सम्पति की पूर्तिकर्त्ताओं के खातों को शामिल किया जाता है। नाम के शेष वाले खातों में देनदारों के खाते, देय ऋण खाता, बैंक खाता, आहरण खाता आदि को शामिल किया जाता है।

टिप्पणी

२. **वास्तविक खाते :** इनमें सम्पतियों से सम्बन्धित खातों के 'नाम' के शेष होते है जैसे भवन, मशीनरी, फर्नीचर, विनियोग, प्रारम्भिक रहतिया, एकस्व, व्यापारिक चिन्ह एवं ख्याति इत्यादि। इसी प्रकार माल से सम्बन्धित खातों में विक्रय वापसी खाते तथा क्रय खाते का 'नाम' शेष होता है। माल से सम्बन्धित खातों में क्रय वापसी खाते का 'जमा' का शेष होता है।

३. **अवास्तविक खाते :** इन खातों के 'जमा' एवं 'नाम' दोनों प्रकार के शेष होते हैं। खातों की प्रकृति के अनुसार उन्हें, 'नाम' तथा 'जमा' के खाने में लिखा जाता है। जैसे - मजदूरी, वेतन, चुंगी, भाड़ा, किराया, छपाई, टेलीफोन व्यय, डाक तार व्यय आदि के 'नाम' शेष होते है। इसी प्रकार किराया प्राप्त, कमीशन प्राप्त, बट्टा प्राप्त, ब्याज प्राप्त, लाभांश प्राप्त, विक्रय आदि खातों के 'जमा' के शेष होते हैं अर्थात् व्यय खातों तथा हानियों के खातों के 'नाम' शेष तथा आय तथा लाभ के खातों के 'जमा' के शेष होते हैं। यदि प्रश्न में किसी खाते के नाम के आगे 'जमा' या 'नाम' लिखा हो तो उन्हें तलपट में उसी के अनुसार दर्शाया जाता है।

नोट :– विक्रय के शेष को अवास्तविक खातों में शामिल किया गया है क्योंकि जब तक माल नहीं बिकता वह रहतिये का हिस्सा होने से वास्तविक खाता होता है परन्तु उसके विक्रय हो जाने पर उसमें लाभ या हानि का हिस्सा शामिल हो जाता है और संस्था की आगम का हिस्सा बन जाता है।

2.2.2 तलपट का मिलान खाताबही की शुद्धता का प्रमाण नहीं :

तलपट का मिलान इस बात को स्पष्ट करता है कि लेखों में किसी तरह की गणितीय अशुद्धि नहीं है। जितनी राशि से व्यवहारों को 'नाम' किया गया है उतनी ही राशि से 'जमा' भी किया गया है। तलपट का मिलान इस बात को सिद्ध नहीं करता कि अब लेखों में किसी भी प्रकार की अशुद्धि नहीं है। ऐसी कई तरह की अशुद्धियाँ हैं जो तलपट के मिल जाने के उपरान्त भी लेखों में रह जाती है। यदि लेखे शुद्ध नहीं है तो उनसे बनने वाले अन्तिम खाते शुद्ध नहीं हो सकते। अतः लाभ हानि खाता सही व उचित लाभ की स्थिति तथा चिट्ठा व्यापार की सही आर्थिक स्थिति को प्रदर्शित नहीं कर सकता है। भूल की अशुद्धि, सिद्धान्त की अशुद्धि, क्षतिपूरक अशुद्धि तथा कुछ हिसाब की अशुद्धियाँ तलपट के मिलान को प्रभावित नहीं करती है।

उपरोक्त अशुद्धियों का पता लगाना अत्यन्त कठिन कार्य है। यह कार्य वही व्यक्ति कर सकता है जो लेखा कार्य में दक्ष हो। सामान्यतया ऐसी अशुद्धियाँ अंकेक्षण कार्य के दौरान पकड़ी जा सकती हैं। यदि अन्तिम खाते बनाने से पहले ऐसी अशुद्धियों का पता लग जाय तो उन्हें तुरन्त सही किया जा सकता है परन्तु विपरीत परिस्थिति में इनका सुधार तो आने वाली लेखा अवधि में सुधार प्रविष्टियों (Rectification Entries) द्वारा ही किया जाता है।

2.2.3 तलपट के मिलान को प्रभावित करने वाली अषुद्धियाँ

ऐसी अशुद्धियाँ जो सहायक बहियों का योग लगाने में हो, सहायक बहियों से खाता बही में गलत राशि से खतौनी करने के कारण हो, खातों का योग करने में हो, खातों का शेष निकालने में हो या खाताबही से खातों को तलपट में लिखते समय हो तो इनसे तलपट का मिलान नहीं होता है। ऐसी अशुद्धियों के कारण व्यवहार का पूर्ण रूप से दोहरा लेखा नहीं होता है और यदि दोहरा लेखा हो गया हो तो वह समान राशि से न होने के कारण तलपट मेल नहीं खा सकता है।

2.2.4 उचंती खाता (Suspense Account) :

यदि काफी प्रयत्न करने पर भी तलपट न मिल रहा हो और व्यापारी द्वारा किन्हीं कारणों से अन्तिम खातों का बनाया जाना आवश्यक हो तो अन्तर की राशि जिस खाते में हस्तान्तरित करके तलपट मिलाया जाता है, उसे उचंती खाता कहते है। यदि तलपट के 'नाम' पक्ष का योग 'जमा' पक्ष के योग से अधिक है तो अन्तर की राशि 'जमा' पक्ष में लिखकर तलपट मिला दिया जाता है। इसी प्रकार यदि 'जमा' का का योग 'नाम' पक्ष के योग से अधिक है तो अन्तर की राशि 'नाम' पक्ष में लिखकर तलपट मिला दिया जाता है।

यह खाता अल्पकाल के लिए अन्तिम खाते बनाने के उद्‌देश्य से खोला जाता है। अगले वर्ष में अशुद्धियों का सुधार हो जाने के पश्चात् यह खाता स्वतः बन्द हो जाता है। इस खाते का 'नाम' का शेष होने पर इसे चिट्‌ठे के सम्पत्ति पक्ष में दर्शाया जाता है और 'जमा' का शेष होने पर इसे चिट्‌ठे के दायित्व पक्ष में दर्शाया जाता है।

उदाहरण (Illustration) – 9.

निम्नलिखित सूचनाओं से तलपट बनाइये। (Prepare trial balance from the following information) :

Name of account	Rs.	Name of account	Rs.
Capital A/c	5,00,000	Debtors A/c	2,20,000
Drawings A/c	1,00,000	B/P A/c	35,000
Purchases A/c	12,00,000	B/R A/c	1,65,000
Sales A/c	15,48,000	Machinery A/c	2,25,000
Purchases Return A/c	60,000	Patents A/c	40,000
Sales Return A/c	85,000	Live Stock A/c	28,000
Loan received A/c	1,00,000	Opening Stock A/c	1,05,000
Bank overdraft A/c	1,50,000	Land & Building A/c	2,00,000
Bank A/c	20,000	Cash A/c	1,000
Creditors A/c	1,60,000	Charity A/c	500
Wages A/c	1,50,000	Loss by fire A/c	5,500
Rent Received A/c	30,000	Profit on sale of investments A/c	60,000
Discount A/c Dr.	40,000	Depreciation A/c	40,000
		Salaries A/c	25,000
		Bad debts A/c	5,000
		Commission A/c 'Credit'	12,000

टिप्पणी

हल (Solution) :

Trial Balance as on ....

Sl. No.	Name of Ledger Account	L.F.	Amount (Rs.)	
			Debit	Credit
1.	Capital A/c		–	5,00,000
2.	Drawing A/c		1,00,000	–
3.	Purchases A/c		12,00,000	–
4.	Sales A/c		–	15,48,000
5.	Purchases Return Ac		–	60,000
6.	Sales Return A/c		85,000	–
7.	Loan Received A/c		–	1,00,000
8.	Bank overdraft A/c		–	1,50,000
9.	Creditors A/c		–	1,60,000
10.	Wages A/c		1,50,000	–
Sl. No.	Name of Ledger Account	L.F.	Amount (Rs.)	
			Debit	Credit
11.	Rent Received A/c		–	30,000
12.	Discount A/c (Dr.)		40,000	–
13.	Bank A/c		20,000	–
14.	Debtors A/c		2,20,000	–
15.	Bills Payable A/c		–	35,000
16.	Bills Receivable A/c		1,65,000	–
17.	Machinery A/c		2,25,000	–
18.	Patents A/c		40,000	–
19.	Live Stock A/c		28,000	–
20.	Opening Stock A/c		1,05,000	–
21.	Land & Building A/c		2,00,000	–
22.	Cash A/c		1,000	–
23.	Charity A/c		500	–
24.	Loss by Fire A/c		5,500	–
25.	Profit on sale of Investments A/c		–	60,000
26.	Depreciation A/c		40,000	–
27.	Salaries A/c		25,000	–
28.	Bad debts A/c		5,000	–
29.	Commission A/c		–	12,000
	Total		26,55,000	26,55,000

उदाहरण (Illustration) – 10.

अनुभवहीन लेखाकार द्वारा बनाये गये निम्नलिखित तलपट को सही कीजिये। (Correct the following Trial Balance prepared by an inexperienced accountant).

Sl. No.	Name of Ledger Account	L.F.	Amount (Rs.)	
			Debit	Credit
			Rs.	Rs.
1.	Purchases A/c		2,50,000	–
2.	Sales A/c		–	2,00,000
3.	Capital A/c		2,00,000	–
4.	Bad debts A/c		–	25,000
5.	Commission Received A/c		25,000	–
6.	Bank Loan A/c		–	1,00,000
7.	Fixed Investments A/c		–	1,00,000
8.	Bills payable A/c		50,000	–
9.	Opening Stock A/c		–	75,000
10.	Other expenses A/c		–	75,000
11.	Debtors & Creditors A/c		2,25,000	1,75,000
			7,50,000	7,50,000

Solution :

Trial Balance as on .....

Sl. No.	Name of Ledger Account	L.F.	Amount (Rs.)	
			Debit	Credit
			Rs.	Rs.
1.	Purchases A/c		2,50,000	–
2.	Sales A/c		–	2,00,000
3.	Capital A/c		–	2,00,000
4.	Bad debts A/c		25,000	–
5.	Commission Received A/c		–	25,000
6.	Bank Loan A/c		–	1,00,000
7.	Fixed Investments A/c		1,00,000	–
8.	Bills payable A/c		–	50,000
9.	Opening Stock A/c		75,000	–
10.	Other expenses A/c		75,000	–
11.	Debtors & Creditors A/c		2,25,000	1,75,000
	TOTAL		7,50,000	7,50,000

2.3 समयोजन एवं समायोजन प्रविष्टियों का अर्थ (Adjustments and Adjustment Entries)

तलपट बनाने के बाद अगला कदम अंतिम खाते बनाने का होता है। एक व्यापारी द्वारा लेखा वर्ष में अर्जित किया गया लाभ या उठाई गई हानि ज्ञात करने के लिए व्यापार एवं लाभ हानि खाता बनाया जाता है तथा व्यापार की आर्थिक स्थिति का पता लगाने के लिए चिट्ठा बनाया जाता है। यह कार्य तभी संभव है जबकि लेखा अवधि से सम्बंधित समस्त व्यवहार पुस्तकों में लेखांकित हो गये हो अन्यथा वर्ष के अन्त में समायोजन प्रविष्टियां करके इस कार्य को पूरा किया जाता है।

लेखांकित आय से सम्बंधित व्ययों एवम् हानियों तथा लेखांकित व्ययों एवम् हानियों से सम्बंधित आयों का पूर्णतः लेखांकन न हुआ हो तो उन्हे ज्ञात कर उनका लेखांकन करना ही समायोजन है। इससे न केवल लेखांकन की अवधारणों एवम् परम्पराओं का पालन होगा बल्कि व्यवसाय का लाभ-हानि खाता, व्यापार की सही एवम् उचित लाभ की स्थिति तथा चिट्ठा व्यापार की सही एवम् उचित आर्थिक स्थिति का प्रदर्शन कर सकेंगे। अतः लेखांकन की अवधारणों एवम् परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए अंतिम खाते बनाने से पूर्व ज्ञात समायोजनों के लिए जो प्रविष्टियों की जाती है उन्हें समायोजन प्रविष्टियां कहते हैं।

2.3.1 प्रमुख समायोजन

प्रमुख समायोजन निम्नलिखित है :-

1. वर्ष के अन्त का रहतिया (Stock at the end of the year)
2. बकाया तथा उपार्जित व्यय (Outstanding and Accrued Expenses)
3. पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenses)
4. उपार्जित आय तथा बकाया आय (Accrued Income and Outstanding Income)
5. अनुपार्जित आय (Unearned Income)
6. मूल्य ह्रास (Depreciation)
7. डूबत एवम संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन (Provision for Bad and Doubtful Debts)
8. देनदारों पर बट्टे के लिए आयोजन (Provision for Discount on Debtors)
9. लेनदारों पर बट्टे के लिए आयोजन (Provision for Discount on Creditors)
10. प्रबन्धकीय पारिश्रमिक (Managerial Remuneration)
11. पूंजी पर ब्याज (Interest on Capital)

12. आहरण पर ब्याज (Interest on Drawings)

13. माल की आग, चोरी या प्राकृतिक प्रकोप से हानि (Loss of Goods by Fire, Theft or Attack by Nature)

14. माल के विक्रय के अतिरिक्त अन्य उपयोग (Use of goods other than sales.)

1. वर्ष के अन्त में रहतिया (Stock at the end of the Year) : जो माल लेखा वर्ष के अन्त में व्यापार में (व्यापारी के गोदाम में) विद्यमान रहता है उसे वर्ष के अन्त का रहतिया कहते है। वर्ष के अन्तिम दिन व्यापार में विद्यमान रहतिया निम्नलिखित तीन रूपों में हो सकता है -

(1) कच्ची सामग्री (Raw Material) (2) अर्द्ध निर्मित माल (Semi Finished Goods)

(3) निर्मित माल (Finished Goods)

वर्ष के अन्त में विद्यमान रहतिये का लेखांकन (Accounting of Stock at the end of the year) दो तरह से किया जाता है -

(1) अंतिम खाते बनाने से पूर्व (2) अंतिम खाते बनाते समय।

(1) अंतिम खाते बनाने से पूर्व यदि लेखांकन किया जाय तो रहतिया क्रय में समायोजित हो जाता है और इसका नाम शेष चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है। इस दशा में निम्नलिखित प्रविष्टि की जाती है -

Stock A/c Dr.

To Purchases A/c

(Being stock at the end adjusted)

(2) अंतिम खाते बनाते समय यदि इसका लेखांकन किया जाय तो इसे निर्माण या व्यापार खाते के जमा पक्ष में तथा चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है। इसके लिए निम्नलिखित समायोजन प्रविष्टि की जाती है -

Stock A/c Dr.

To Manufacturing / Trading A/c

(Being stock at the end adjusted)

यदि वर्ष के अन्त का रहतिया कच्चे माल या अर्द्ध निर्मित माल का हो तो वह निर्माण खाते में जमा होगा। अगले वर्ष यह रहतिया निर्माण या व्यापारिक खाते के नाम पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाता है।

इस प्रविष्टि के पश्चात् शाखा को भेजे गये माल खाते का शेष निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा व्यापार खाते में हस्तान्तरित किया जाता है –

Goods Sent to Branch A/c Dr.

To Trading A/c

(Being balance of goods sent to branch account transferred)

(iv) शाखा खर्च खाते का शेष निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा शाखा समायोजन खाते में हस्तान्तरित किया जाता है –

Branch Adjustment A/c Dr.

To Branch Expenses A/c

(Being balance of branch expenses account transferred)

(v) अब यदि शाखा समायोजन खाते का जमा पक्ष भारी है तो लाभ है अतः प्रविष्टि निम्नलिखित होगी –

Branch Adjustment A/c Dr.

To P&L A/c

(Being of branch profit transferred)

यदि शाखा समायोजन खाते का नाम पक्ष भारी है तो हानि है अतः प्रविष्टि निम्नलिखित होगी –

Profit and Loss A/c Dr.

To Branch Adjustment A/c

(Being branch loss transferred)

उदाहरण (Illustration) : 3

आगरा जनरल स्टोर की एक शाखा जयपुर में है। शाखा को माल विक्रय मूल्य पर भेजा जाता है जो लागत मूल्य से 25 प्रतिशत अधिक होता है। शाखा अपनी विक्रय खाताबही रखती है और नकद प्राप्तियों को स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर में खोले गये प्रधान कार्यालय के खाते में प्रति दिन जमा करा देती है। समस्त खर्च आगरा से चैक द्वारा चुकाये जाते हैं। निम्नलिखित विवरण से प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में शाखा स्टॉक खाता, शाखा देनदार खाता, शाखा खर्च खाता, शाखा समायोजन खाता और शाखा स्टॉक संचय खाता बनाइये – (Agra General Stores operate a branch at Jaipur. Goods are sent to branch at selling price which is cost plus 25%. Branch maintains its Sales Ledger and deposits cash receipts in the H.O. Account opened at the State Bank of Bikaner and Jaipur daily. All the expenses are paid by Agra vide cheques. From

the following particulars, prepare Branch Stock Account, Branch Debtors Account, Branch Expenses Account. Branch Adjustment Account and Branch Stock Reserve Account).

Opening balances : Stock Rs. 2.500 (I.P.) Debtors Rs. 1,400, Closing balances : Stock Rs. 2,900 I.P., Debtors Rs. 1,250, Cash sales Rs. 10,800, Credit sales Rs. 7,000, Cash received on Ledger Accounts Rs. 6,600, Discount allowed Rs. 350, Bad debts Rs. 200, goods sent to branch at I.P. Rs. 18,200, Rent, Rates and Taxes paid by H.O. Rs. 160, wages paid by H.O. Rs. 800, Sundry expenses paid by H.O. Rs. 680

हल (Solution) :

Dr. Branch Stock Account Cr.

			Rs.				Rs.
	To Balance b/d		2,500		By Bank A/c (Cash Sales)		10,800
	To Goods sent to Branch A/c		18,200		By Branch Debtors A/c (Cr. Sales)		7,000
					By Balance c/d		2,900
			20,700				20,700

Branch Debtors Account

			Rs.				Rs.
	To Balance b/d		1,400		By Bank A/c		6,600
	To Branch Stock A/c (Sales)		7,000		By Branch Expenses A/c :		
					Rs.		
					Discount 350		
					Bad debts 200		550
					By Balance c/d		1,250
			8,400				8,400

Branch Stock Reserve Account

	Rs.		Rs.
To Branch Adjustment A/c	500	By Balance b/d (2,500 x $\frac{25}{125}$)	500
To Balance c/d (2,900 x $\frac{25}{125}$)	580	By Branch Adjustment A/c	580
	1080		1080

टिप्पणी

Goods sent to Branch Account

			Rs.				Rs.
	To Branch Adjustment A/c (Loading (18,200 x $\frac{25}{125}$)		3,640		By Branch Stock A/c		18,200
	To Trading A/c		14,560				
			18,200				18,200

Branch Expenses Account

			Rs.				Rs.
	To Branch Debtors A/c		550		By Branch Adjustment A/c		2,190
	To Bank A/c : Rs. Rent & Taxes 160 Wages 800 Sundry Exps. 680		1,640				
			2,190				2,190

Branch Adjustment Account

			Rs.				Rs.
	To Branch Expenses A/c		2,190		By Goods sent to Branch A/c (Loading		3,640
	To Branch Stock Reserve A/c (on Closing Stock)		580		By Branch Stock Reserve A/c (on Opening Stock)		500
	To P&L A/c (Net Profit transferred)		1,370				
			4,140				4,140

शाखा समायोजन खाता बनाने का वैकल्पिक तरीका : उपरोक्त विधि से शाखा समायोजन खाता बनाने पर इस खाते से शाखा का शुद्ध लाभ ही ज्ञात होता है। यदि शाखा का सकल लाभ व शुद्ध लाभ अलग-अलग ज्ञात करना हो तो शाखा समायोजन खाते को दो भागों में बांट देते हैं। प्रथम भाग में केवल लागत में वृद्धि से सम्बन्धित प्रविष्टियां ही होती हैं। यह

प्रथम भाग सकल लाभ दर्शाता है जिसे द्वितीय भाग में हस्तान्तरित कर दिया जाता है तथा शेष प्रविष्टियां द्वितीय भाग में करते हैं और शाखा समायोजन खाते का द्वितीय भाग शुद्ध लाभ दर्शाता है। इस उदाहरण के शाखा समायोजन खाते को इस वैकल्पिक पद्धति से बनाया जाय तो इसका निम्नलिखित स्वरूप होगा :-

Branch Adjustment Account

			Rs.				Rs.
	To Branch Stock Reserve A/c		580		By Goods sent to Branch A/c		3,640
	To Gross Profit		3,560		By Branch Stock Reserve A/c		500
			4,140				4,140
	To Branch Expenses A/c		2,190		By Gross Profit		3,560
	To P&L A/c (Net profit trans.)		1,370				
			3,560				3,560

उदाहरण (Illustration) : ४

निम्नलिखित विवरण से शाखा संबंधी आवश्यक खाते रहतिया तथा देनदार पद्धति से बनाओ – (Prepare necessary accounts related to the Branch under the Stock and Debtors Method with the help of the following particulars).

		Rs.
Balance of Stock at I.P. on 01.01.2008		60,000
Goods sent to branch at I.P.		1,26,000
Credit Sales		70,000
Cash Sales		42,000
Returns by Customers		4,000
Returns by Branch to H.O.		6,000
Cash received from Customers		50,000
Discount to Customers		1,800
Bad Debts		200
Cheques sent to branch :	Rs.	
Salary	9,000	
Rent	2,000	11,000
Cheque sent for petty cash		400
Petty expenses out to petty cash		320
Balance of petty cash on 01.01.2008		80
Sundry Debtors on 01.01.2008		80,000
Balance of Stock at I.P. on 31.12.2008		71,700

टिप्पणी

शाखा को माल लागत पर 20% अधिक लगाकर भेजा गया जो कि माल का विक्रय मूल्य भी है। शाखा द्वारा प्राप्त समस्त रोकड़ मुख्य कार्यालय को भेज दी जाती है। शाखा के खर्चे मुख्य कार्यालय द्वारा चैक से चुकाये जाते हैं। (Goods were sent to the Branch after adding 20% on the cost, which is also the selling price for the Branch. Total receipts at the branch are remitted to H.O. Branch expenses are paid by the H.O. by cheques).

हल (Solution) :

Dr. Branch Stock Account Cr.

2008			Rs.	2008			Rs.
Jan.1	To Balance b/d		60,000	Jan.1	By Bank A/c		42,000
Jan.1	To Goods sent to Branch A/c		1,26,000	to	By Branch Debtors A/c		70,000
to	To Branch Debtors A/c		4,000	Dec. 31	By Goods Sent to Branch A/c		6,000
Dec. 31					By Branch Adjustment A/c		
					(Shortage Balancing Figure)		300
					By Balance c/d		71,700
			1,90,000				1,90,000

Dr. Branch Stock Reserve Account Cr.

2008			Rs.	2008			Rs.
Dec.31	To Branch Adjustment A/c		10,000	Jan. 1	By Balance b/d		10,000
"	To Balance c/d		11,950	Dec.31	By Branch Adjustment A/c		11,950
			21,950				21,950

Dr. Branch Debtors Account Cr.

			Rs.				Rs.
2008				2008			
Jan.1	To Balance b/d		80,000	Jan.1	By Branch Stock A/c		4,000
Jan.1	To Branch Stock A/c		70,000	to	By Bank A/c		50,000
to				Dec. 31			

			Rs.				Rs.
Dec. 31					By Branch Expenses A/c :		
					Discount	1,800	
					Bad Debts	200	2,000
					By Balance c/d		94,000
					(Balancing Figure)		
			1,50,000				1,50,000

Dr. **Branch Petty Cash Account** **Cr.**

2008			Rs.	2008			Rs.
Jan.1	To Balance b/d		80	Jan.1	By Branch Exp. A/c		320
Jan.1	To Bank A/c		400	to Dec.31			
to Dec. 31				Dec. 31	By Balance c/d		160
			480				480

Dr. **Branch Expenses Account** **Cr.**

2008			Rs.	2008			Rs.
Jan.1	To Branch Debtors A/c		2,000	Dec. 31	By Branch Adjustment A/c		13,320
to	To Branch Petty Cash A/c		320				
Dec. 31	To Bank A/c		11,000				
			13,320				13,320

Dr. **Goods Sent to Branch Account** **Cr.**

2008			Rs.	2008			Rs.
01.01 to	To Branch Stock A/c		6,000	01.01 to	By Branch Stock A/c		1,26,000
31.12	To Branch Adjustment A/c		20,000	31.12			
Dec. 31	To Trading A/c		1,00,000				
			1,26,000				1,26,000

टिप्पणी

Dr. Branch Adjustment Account Cr.

2008			Rs.	2008			Rs.
Dec. 31	To Branch Stock A/c		300	Dec. 31	By Goods sent to		
	(Shortage)				Branch A/c		20,000
Dec. 31	To Branch Stock			Dec. 31	By Branch Stock		
	Reserve A/c		11,950		Reserve A/c		10,000
Dec. 31	To Branch Exp. A/c		13,320				
Dec. 31	To P&L A/c						
	(Net Profit transferred)		4,430				
			30,000				30,000

Alternatey :

Branch Adjustment Account

2008			Rs.	2008			Rs.
Dec. 31	To Branch Stock A/c			Dec.31	By Goods Sent to		
	(Loading on Shortage)		50		Branch A/c		20,000
				Dec.31	By Branch Stock		
Dec.31	To Branch Stock Reserve A/c		11,950		Reserve A/c		10,000
Dec.31	To Gross Profit c/d		18,000				
			30,000				30,000
Dec. 31	To Branch Stock A/c			Dec. 31	By Gross Profit b/d		18,000
	(Cost on Shortage)		250				
Dec.31	To Branch Expenses A/c		13,320				
Dec.31	To Profit & Loss A/c						
	(Net Profit transferred)		4,430				
			18,000				18,000

३.१.१.१.३ स्मरणार्थ शाखा व्यापार एवं लाभ-हानि खाता पद्धति (Memorandum Branch Trading and Profit and Loss Account Method)

एक मुख्य कार्यालय अपनी शाखा (जिसकी विक्रय नीति मुख्य कार्यालय से पूर्णतया नियन्त्रित है) का लाभ स्मरणार्थ व्यापार एवं लाभ हानि खाता बनाकर भी ज्ञात कर सकता है। इस विधि में प्रारंभिक रहतिया, अन्तिम रहतिया, शाखा को भेजा गया माल तथा शाखा द्वारा वापिस भेजा गया माल लागत पर ही दिखाया जाता है। यदि प्रश्न में उधार विक्रय नहीं दिया गया है तो शाखा देनदार खाता तैयार करके ज्ञात किया जा सकता है। इसके पश्चात शाखा का व्यापार एवम् लाभ हानि खाता बनाकर शाखा का इस विधि के अनुसार सकल लाभ तथा शुद्ध लाभ ज्ञात कर लिया जाता है।

उदाहरण (Illustration) : ५

जयपुर स्थित गुप्ता एण्ड कम्पनी अपनी जोधपुर शाखा को माल का प्रेषण इस आदेश के साथ करती है कि नकद बिक्री बीजक मूल्य पर हो तथा उधार बिक्री सूची मूल्य के आधार पर हो तथा साथ ही शीघ्र भुगतान करने पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान करने की शर्त भी रखी जाय। सूची मूल्य लागत में 50 प्रतिशत जोड़कर बनाई जाती है तथा शाखा को माल सूची मूल्य से 20 प्रतिशत कम पर बीजक बनाकर भेजा जाता है। निम्नलिखित जानकारी के आधार पर शाखा का व्यापारिक एवं लाभ हानि खाता 31.12.2008 को बनाइये ताकि वर्ष के सही लाभ हानि ज्ञात हो सकें। यह भी बताया गया कि वर्ष में माल का कुछ भाग जलकर नष्ट हो गया जो बीजक मूल्य पर बीमित था। इसका मूल्य ज्ञात करना है। वर्ष भर की शीघ्र भुगतान की प्रवृत्ति के आधार पर 31.12.2008 को देनदारों के देय शीघ्र भुगतान की छूट के लिये प्रावधान भी करना है। (Gupta and company of Jaipur consigns goods to its Jodhpur Branch with an advice to affect cash sales at Invice Price and Credit Sales at the List Price with a condition of 15% cash discount for prompt payment. List price is 50% above cost. Invoice to Branch is prepared at 20% less than the List price. Prepare Trading and Profit and Loss Account of the Branch on the basis of the following particulars as on 31.12.2008 to ascertain correct Profit or Loss. It was also stated that a portion of stock was lost by fire which was insured at Invoice Price. Value of this is tobe calculated. A provision for cash discount tobe allowed to Debtors as on 31.12.2008 is also to be made on the basis of the tendency of prompt payment during the year).

Opening Balances :– Stock Rs. 36,000 (I.P.); Debtors Rs. 30,000; Goods received from H.O. Rs. 3,96,000 (I.P.); Sales : Cash Rs. 1,38,000; Credit Sales Rs. 3,00,000; Cash realized from Debtors Rs. 2,56,905; Discount allowed Rs. 40,095; Expenses at Branch Rs. 18,000; Remittances to H.O. Rs. 3,60,000; Closing Balances : Debtors Rs. 33,000; Cash Rs. 16,905; Stock Rs. 45,000 (I.P.)

हल (Solution) :

Memorandum Branch Stock Account (At IP)

2008			Rs.	2008			Rs.
1.1	To Balance b/d		36,000	1.1 to	By Cash A/c		1,38,000
1.1 to	To Goods from H.O. A/c		3,96,000	31.12			
31.12				"	By Sales at Credit adjusted at I.P.		
					(Rs. 3,00,000 x 120/150)		2,40,000
				"	By Loss due to fire A/c		
					(balancing figure)		9,000
				"	By Balance c/d		45,000
			4,32,000				4,32,000

Branch Debtors Account

2008		Rs.	2008		Rs.
1.1	To Balance b/d	30,000	1.1 to	By Cash A/c	2,56,905
1.1 to	To Sales A/c (Credit)	3,00,000	31.12		
31.12			"	By Discount A/c	40,095
			"	By Balance c/d	33,000
		3,30,000			3,30,000

Trading and Profit and Loss Account

	Rs.			Rs.
To Opening Stock (at Cost)		By Sales :	Rs.	
(Rs. 36,000 x 100/120)	30,000	Cash	1,38,000	
To Goods from H.O. (at Cost)		Credit	3,00,000	4,38,000
(Rs. 3,96,000 x 100/120)	3,30,000	By Insurance claim		9,000
To Gross Profit c/d	1,24,500	By Closing Stock (at Cost)		
		(Rs. 45,000 x 100/120)		37,500
	4,84,500			4,84,500
To Expenses	18,000			
To Discount	40,095	By Gross Profit b/d		1,24,500
To Provision for discount on future prompt payment (W.N.)	4,455			
To Net Profit	61,950			
	1,24,500			1,24,500

Cash at Branch Account

		Rs.		Rs.
	To Sales A/c	1,38,000	By Expenses A/c	18,000
	To Debtors A/c	2,56,905	By Remittance to H.O. A/c	3,60,000
			By Balance c/d	16,905
		3,94,905		3,94,905

Working Notes

31.12.2008 को शीघ्र भुगतान करने वाले बकाया देनदारों को दिये जाने वाले बट्टे के प्रावधान की गणना -

	Rs.
2008 में 15 प्रतिशत बट्टा दिया	40,095
अतः बट्टा प्राप्त करने वाले देनदार $= \text{Rs.}40{,}095 \times \frac{100}{15}$	2,67,300
इन देनदारों से प्राप्त राशि (2,67,300 - 40,095)	2,27,205

इस वर्ष चुकाये गये कुल देनदार = Rs. (2,56,905 + 40,095) = 2,97,000

अतः शीघ्र भुगतान करने वाले देनदार = $\frac{\text{Debtors claiming Discount}}{\text{Total Debtors cleared in 2008}} \times 100 = \frac{\text{Rs. } 2{,}67{,}300}{\text{Rs. } 2{,}97{,}000} \times 100 = 90\%$

31.12.2008 को बकाय देनदार 33,000 जिसमें से शीघ्र भुगतान करने वाले देनदार 90 प्रतिशत

अतः उनको देय बट्टे का प्रावधान = Rs. 33,000 x 90% x 15% = Rs. 4,455

३.१.१.१.४. थोक तथा फुटकर लाभ की पृथक गणना पद्धति (Distinction between wholesale and retail profit Method)

कुछ व्यापार गृह थोक व्यापार करते हैं तथा वे फुटकर माल बेचने के लिए शाखा खोलते हैं। इस परिस्थिति में केवल फुटकर व्यापार से कमाया गया लाभ ही शाखा का सही लाभ माना जाता है क्योंकि थोक व्यापार का लाभ तो मुख्य कार्यालय किसी अन्य व्यक्ति को अपना माल बेचकर भी कमा सकता था। मानाकि किसी वस्तु की लागत मुख्य कार्यालय को 340 रु. लगी। इसका थोक मूल्य 360 रु. है। यह वस्तु शाखा को भेजी जाती है और शाखा कार्यालय इस वस्तु को 375 रु. में बेच देता है। इस वस्तु के बिकने पर कुल लाभ 35 रु. कमाया गया है। इसमें से 15 रु. तो फुटकर व्यापार का लाभ है। यही लाभ शाखा द्वारा कमाया गया माना जायेगा। 20 रु. का लाभ थोक व्यापार का है। वह लाभ मुख्य कार्यालय का माना जाता है क्योंकि मुख्य कार्यालय यह लाभ तो अपना माल किसी भी तृतीय पक्ष को बेच कर भी कमा सकता था।

यदि थोक व फुटकर लाभ अलग-अलग ज्ञात करना है तो मुख्य कार्यालय शाखा को माल थोक मूल्य पर ही भेजेगा। थोक मूल्य ही शाखा को भेजे गये दर्शनार्थ बीजक का मूल्य होगा। शाखा व्यापार खाते में माल बीजक मूल्य पर ही नाम किया जाता है। मुख्य कार्यालय के व्यापार खाते में शाखा को भेजे गये माल का खाता बीजक मूल्य पर ही हस्तान्तरित होता है, न कि लागत पर।

टिप्पणी

यदि शाखा के पास अन्तिम रहतिया है तो इस शेष माल को भी बीजक मूल्य पर दिखाया जाता है। इसलिये इस पर स्कन्ध संचय बनाना आवश्यक है। इस दशा में शाखा के अन्तिम रहतिये के लिये स्कन्ध संचय मुख्य कार्यालय के लाभ-हानि खाते में से बनाया जाता है।

उदाहरण (Illustration) : ६

एक्स लि. की कोटा में शाखा है। ग्राहकों को माल लागत में १००% जोड़कर बेचा जाता है। थोक भाव लागत में ६०% जोड़ने से आते हैं। कोटा को माल थोक मूल्य पर भेजा जाता है। निम्नलिखित विवरणों से मुख्य कार्यालय एवं कोटा शाखा का वर्ष २००८ का लाभ निकालिये। विक्रय मुख्य कार्यालय पर थोक आधार पर एवं शाखा पर केवल ग्राहकों को किया जाता है। शाखा के स्कंध का मूल्यांकन बीजक मूल्य पर किया जाता है। (X Ltd. has a banch at Kota. Goods are sold to customers at cost plus 100%. The wholesale price is cost plus 60%. Goods are invoiced to Kota at wholesale price. From the following particulars, find out the profit made at the Head Office and Kota Branch for the year 2008).

	H.O.	Kota
	Rs.	Rs.
Stock on 1 Jan. 2008	50,000	—
Purchases	3,00,000	—
Goods sent to Kota	96,000	—
Sales	3,04,000	1,00,000
Expenses	80,000	10,000

हल (Solution) :

Trading and Profit & Loss Account for the year ended 31.12.2008

Particulars	H. O.	Branch	Particulars	H.O.	Branch
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
To Opening Bank	50,000	—	By Sales	3,04,000	1,00,000
To Purchases	3,00,000	—	By Goods sent to Branch	96,000	16,000
To Goods recd. from HO	—	96,000	By Closing Stock	1,38,000	
To Gross profit	1,88,000	20,000			

		5,00,000	1,16,000		5,00,000	1,16,000
To Stock Reserve	(Rs. 16000 x 60) / 160	6,000	—	By Gross Profit	1,88,000	20,000
To Expenses		80,000	10,000			
To Net Profit		1,02,000	10,000			
		1,88,000	20,000		1,88,000	20,000

Stock Account

Date	Particulars	H. O.	Branch	Date	Particulars	H.O.	Branch
2008				2008	By Cost of goods sold		
1.1	To Balance b/d	50,000	—	1.1 to	Rs. (3,04,000) x 100 / 200	1,52,000	
1.1 to	To Purchases/Goods			31.12			
31.12	from H.O.	3,00,000	96,000		(Rs. 96000 ÷ 160x100)		
				"	By IP of goods sold	60,000	
				"	(Rs. 100000 ÷ x 160)	—	80,000
				"	By Balance c/d	1,38,000	16,000
		3,50,000	96,000			3,50,000	96,000

३.१.१.२ स्वतन्त्र शाखा का अर्थ (Meaning of Independent Branch)

एक शाखा यदि अपने व्यापार सम्बन्धी नीति निर्धारण में स्वतन्त्र है तो उसको लेखा करने की दृष्टि से स्वतन्त्र शाखा मानते हैं। एक स्वतन्त्र शाखा स्वयं माल खरीद सकती है तथा मुख्य कार्यालय से भी माल प्राप्त करती है। शाखा प्रबन्धक माल उधार या रोकड़ बेच सकता है। शाखा के पास उपलब्ध रोकड़ में से शाखा प्रबन्धक लेनदारों का भुगतान करता है तथा शाखा के खर्चें चुकाता है। यदि प्रबन्धक के पास रोकड़ आवश्यकता से अधिक है तो समय-समय पर वह रोकड़ मुख्य कार्यालय को भेज देता है। असाधारण परिस्थितियों में यदि शाखा में राकेड़ की कमी पड़ती है तो शाखा प्रबन्धक मुख्य कार्यालय से रोकड़ मंगवा लेता है। इस परिस्थिति में शाखा तथा मुख्य कार्यालय का संबंध देनदार व लेनदार का होता है। साधारणतया शाखा कार्यालय का खाता मुख्य कार्यालय की बहियों में नाम का शेष बताता है और देनदार होता है। इसके विपरीत शाखा कार्यालय की बहियों में मुख्य कार्यालय का खाता जमा का शेष दर्शाता है तथा लेनदार होता है।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि मुख्यालय की ही भांति शाखा द्वारा भी मुख्यालय सहित अन्य सभी पक्षों के साथ किये जाने वाले अपने सभी व्यवहारों का लेखा अपनी सहायक बहियों में किया जाता है तथा अपनी खाताबही तैयार की जाती है। स्पष्टतः तलपट बनाने के उपरान्त शाखा कार्यालय के व्यापारिक, लाभ हानि खाता तथा चिट्ठा भी तैयार किया जाता हैं। इसमें मुख्यालय का खाता एक प्रकार से पूंजी खाते के रूप में चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दर्शाया

टिप्पणी

जाता है। मुख्यालाय अपनी लेखांकन परंपरा के अनुसार शाखा कार्यालय के तलपट के आधार पर अथवा शाखा द्वारा तैयार किये गये अंतिम लेखों के आधार पर शाखा के समस्त व्यवहारों को अपने अंतिम लेखों में सम्मिलित करते हुए पूरे व्यापार के अंतिम लेखे तैयार करता है। मुख्यालय के अंतिम लेखों में शाखा के समंको को सम्मिलित (Incorporate) करने की तीन पद्धतियाँ आगे चलकर विस्तार पूर्वक समझाई गई हैं। इससे पहले आवश्यक है कि मुख्य कार्यालय तथा शाखा के पारस्परिक लेखांकन को समझा जाय। इनके बीच में निम्नलिखित व्यवहारों के होने की कल्पना की जा सकती है जिनका लेखा दोनों पक्षों की बहियों में इस प्रकार किया जाना चाहिये :-

संभावित पारस्परिक व्यवहार **Possible transactions**	**मुख्यालय में लेखा** **Accounting in the Head Office**	**शाखा में लेखा** **Accounting in the branch**
1 Goods sent by H.O. to Branch	Branch A/c Dr. To Goods sent to Branch A/c	Goods received from HO A/c Dr. To Head Office A/c
2 Goods returned by Branch	Goods sent to Branch A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Goods received from HO A/c
3 Payment by H.O. to Branch	Branch A/c Dr. To Cash/Bank A/c	Cash/Bank A/c Dr. To Head Office A/c
4 Payment by Branch to H.O. from time to time	Cash / Bank A/c Dr. To Branch Remittance A/c	Remittances to H.O. A/c Dr. To Cash/Bank A/c

संभावित पारस्परिक व्यवहार **Possible transactions**	**मुख्यालय में लेखा** **Accounting in the Head Office**	**शाखा में लेखा** **Accounting in the branch**
5 Entry for total remittances at the end of the year	Branch Remittance A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Remittances to HO A/c
6 Purchase of Fixed Assets or Transfer of some H.O. Fixed Assets for use in Branch & payment by HO where branch Fixed Assets A/c is also	Branch Fixed Assets A/c Dr. To Cash/Bank/Supplier/ Fixed Assets A/c	No entry by Branch

	maintained is HO books		
7	Transaction as above but Fixed Assets Account opened at Branch	Branch A/c Dr. To Cash/Bank/Supplier's/ Fixed Assets A/c	Fixed Assets A/c Dr. To Head Office A/c
8	Payment by Branch for Purchase of H.O.Assets	Fixed Assets A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Cash/Bank/Suppliers' A/c
9	Accounting for Depreciation on Branch F.A. where, H.O. maintains the Account of Branch F.A.	Branch A/c Dr. To Branch Fixed Assets A/c	Depreciation A/c Dr. To Head Office A/c
10	If Account of Branch F.A. is in Branch Books	No Entry	Depreciation A/c Dr. To Fixed Assets A/c
11	Branch Expenses paid by HO	Branch A/c Dr. To Cash/Bank A/c	Expenditure A/c Dr To Head Office A/c
12	HO Expenditure paid by Bracnh	Expenditure A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Cash/Bank A/c
13	HO recovering its Adm Exp. from Branch	Branch A/c Dr. To Exp.A/c OR P&L A/c	Expenditure A/c Dr. To Head Office A/c
14	`A' Branch paying for `B's Branch expenses under the direction of Head Office	B Branch A/c Dr. To A Branch A/c	**A Branch :** Head Office A/c Dr. To Cash/Bank A/c **B Branch :** Expenses A/c Dr. To Head Office A/c
15	Payment by HO for Branch purchases or to Branch Crs.	Branch A/c Dr. To Cash/Bank A/c	Purchases A/c OR Crs A/c Dr. To Head Office A/c
16	Payment by Branch for H.O Purchases or to H.O. Crs.	Purchases A/c OR Crs. A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Cash/Bank A/c
17	Collection of Branch Debtors by HO	Cash/Bank A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Debtors A/c
18	Collection of HO Debtors by Branch	Branch A/c Dr. To Debtors A/c	Cash/Bank A/c Dr. To Head Office A/c

टिप्पणी

संभावित पारस्परिक व्यवहार **Possible transactions**	मुख्यालय में लेखा **Accounting in the Head Office**	शाखा में लेखा **Accounting in the branch**
19 H.O. Goods transferred by `A' Branch to `B' Branch under the direction of H.O.	Goods sent to `A' Branch A/c Dr. To `A' Branch A/c `B' Branch A/c Dr. To Goods sent to `B' Branch A/c	**A Branch :** Head Office A/c Dr. To Goods Recd.from H.O. A/c **`B' Branch:** Goods Recd from HO A/c Dr. To Head Office A/c
20 Branch's income received by Head Office	Bank/Cash A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Income A/c
21 H.O. Income recd. by Branch	Branch A/c Dr. To Income A/c	Cash/Bank A/c Dr. To Head Office A/c
22 Goods lost in transit and Branch not responsible for it	Loss in Transit A/c Dr. To Branch A/c	No Entry
23 Goods or cash in transit which were sent by HO to Branch **OR** when were sent by the Branch to H.O. but which were recd. at the destination after the last working day of the accounting year.	Goods in Transit A/c Dr. Cash in Transt A/c Dr. To Branch A/c No Entry	No Entry Goods in transit A/c Dr. Cash in Transit A/c Dr. To Head Office A/c
24 Net Profit as per Branch Books	Branch A/c Dr. To P&L A/c	Profit & Loss A/c Dr. To Head Office A/c
25 Loss shown by Branch P&L A/c	Profit & Loss A/c Dr. To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Profit & Loss A/c
26 Branch purchases under	Branch A/c Dr.	Purchases A/c Dr.

	H.O. directions payment for which is supposed tobe made by Head Office	To Cash/Bank/Suppliers	To Head Office A/c
27	Purchase returns by Branch from above purchase directly to be supplier	Suppliers OR Crs. A/c Dr. (For Branch goods) To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Purchases Returns A/c
28	Goods or cash in transit reaching the Branch at the beginning of the year	Branch A/c Dr. To Goods in Transit A/c To Cash in Transit A/c	Cash/Bank A/c Dr. Goods From H.O. A/c Dr. To Head Office A/c
(a)	Where accounting was done by Head Office		
		No entry in H.O. Books	Cash/Bank A/c Dr. To Cash in Transit A/c

संभावित पारस्परिक व्यवहार **Possible transactions**		मुख्यालय में लेखा **Accounting in the Head Office**	शाखा में लेखा **Accounting in the branch**
(b)	Where accounting was done by the Branch		Goods Received from H.O. Dr. To Goods in Transit A/c
29	Goods or cash in transit reaching the H.O. at the beginning of the year.	Cash/Bank A/c Dr. To Cash in Transit A/c Goods sent to Branch Dr. A/c To Goods in Transit A/c	No Entry in Branch Books
(a)	Where accounting was done by the Head Office		
(b)	Where accounting was done at the Branch	Cash/Bank A/c Dr. Goods sent to Branch Dr. A/c To Branch A/c	Head Office A/c Dr. To Cash in Transit A/c To Goods in Transit A/c

शाखा का तलपट मुख्य कार्यालय की बहियों में सम्मिलित करना (Incorporation of Branch Trial Balance in Head Office Books) : स्वतन्त्र शाखा चाहे अपना तलपट मुख्य कार्यालय को भेजे अथवा अपने व्यापारिक, लाभ हानि खाता तथा चिट्‌ठा बनाकर भेजे, मुख्यालय के अंतिम लेखों में इन्हें सम्मिलित करना

टिप्पणी

आवश्यक होता है क्योंकि शाखा चाहे अपनी व्यवस्था की दृष्टि से स्वतंत्र हो, वह मुख्यालय के व्यापार का ही एक भाग होती है। शाखा के समंकों को मुख्यालय की बहियों में सम्मिलित करने ;पदबवतचवतंजपवदद्ध का आधारभूत बिन्दु मुख्यालय की बहियों में स्थित शाखा खाते का शेष ही होता है। यही शाखा के पृथक स्वतंत्र व्यवहारों तथा मुख्यालय के साथ किये गये व्यवहारों के बीच की कड़ी का काम करता है, अतः यह देखना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है कि शाखा के अंतिम लेखों में प्रदर्शित मुख्यालय खाते का शेष मुख्यालय की बहियों में खोले गये शाखा खाते के शेष से मेल खाता हो।

कभी-कभी परीक्षा प्रश्नों में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार मुख्यालय खाते का शेष शाखा खाते के शेष से मेल नहीं खाता। इस अंतर के प्रमुख कारण निम्नांकित हो सकते हैं :-

(अ) दोनों पक्षों द्वारा प्रेषित माल अथवा नकद राशि दूसरे पक्ष को न पंहुचने के कारण उस पक्ष द्वारा प्रविष्टि न हो पाई हो।

(आ) शाखा की स्थायी सम्पत्तियों का खाता मुख्यालय की पुस्तकों में हो तथा उस पर ह्रास का लेखा दोनों में से किसी एक पक्ष द्वारा नियमानुसार न किया गया हो।

(इ) मुख्यालय ने अपने प्रशासनिक व्ययों का एक अंश शाखा से वसूल करने का निर्णय किया हो और शाखा द्वारा इसकी उचित प्रविष्टि न की गई हो।

(ई) शाखा तथा मुख्यालय द्वारा एक दूसरे की ओर से कुछ भुगतान किये गये हों अथवा प्राप्त किये गये हों और इसकी सूचना संबंधित पक्ष को न हो पाई हो।

इससे पूर्व पृष्ठों में मुख्यालय तथा शाखा के पारस्परिक 29 प्रकार के व्यवहारों की कल्पना करते हुए उनके समुचित लेखांकन के दिशा निर्देश दिये गये हैं। तदनुसार आवश्यक लेखांकन कर लेने पर मुख्यालय तथा शाखा कार्यालय के पारस्परिक चालू खातों (Current Accounts) के शेष मेल खा जावेंगें।

उपरोक्त समायोजन करने के पश्चात् मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा का तलपट सम्मिलित किया जाता है। शाखा के तलपट को मुख्य कार्यालय की बहियों में सम्मिलित करने की तीन विधियां हैं।

३.१.१.२.१ समामेलन की प्रथम पद्धति (First Method of incorporation) :

(1) मुख्य कार्यालय अपनी बहियों में अपना स्वयं का व्यापार एवं लाभ हानि खाता बनाने के साथ-साथ शाखा के तलपट से शाखा का व्यापारिक एवं लाभ हानि खाता भी बनाता है तथा शाखा कार्यालय का शुद्ध लाभ या हानि ज्ञात कर लेता है तथा अपनी बहियों में शाखा का शुद्ध लाभ या शुद्ध हानि सम्मिलित कर लेता है। यदि शुद्ध लाभ है तो मुख्य कार्यालय निम्नलिखित प्रविष्टि करता है -

Branch A/c Dr.

To Profit and Loss A/c

(Being incorporation of branch net profit)

टिप्पणी

यदि शाखा का लाभ हानि खाता शुद्ध हानि दर्शाता है तो इस शुद्ध हानि को सम्मिलित करने के लिए निम्नलिखित प्रविष्टि करते हैं। -

Profit and Loss A/c Dr.

To Branch A/c

(Being incorporation of net loss of the branch)

इस प्रकार शाखा के शुद्ध लाभ या हानि को मुख्य कार्यालय के लाभ-हानि खाते में सम्मिलित कर लिया जाता है। उपरोक्त प्रविष्टि के पश्चात् शाखा खाता बनाया जाता है। इस खाते का अन्तिम शेष शाखा की सम्पत्तियां व शाखा के दायित्वों के अन्तर के बराबर होना चाहिए। शाखा की सम्पत्तियों में मार्गस्थ रोकड़ भी सम्मिलित होता है।

इस प्रकार ज्ञात शाखा की सम्पत्तियों का शाखा के दायित्वों पर आधिक्य मुख्यालय स्थित शाखा खाते के नाम शेष के बराबर पाया जाय तो फर्म के चिट्ठे में शाखा खाते के शेष की बजाय शाखा की सम्पत्तियां व उसके दायित्व सम्मिलित कर दिये जाते हैं। व्यवहार में अधिकतर यह प्रथम तरीका ही काम में लिया जाता है।

३.१.१.२.२. समामेलन की द्वितीय पद्धति (Second Method of incorporation) :

इस पद्धति के अन्तर्गत मुख्यालय की बहियों में शाखा के शुद्ध लाभ या शुद्ध हानि को सम्मिलित करने के साथ-साथ शाखा की समस्त सम्पत्तियां व दायित्व भी सम्मिलित कर लिये जाते हैं। शाखा के तलपट को मुख्य कार्यालय की बहियों में सम्मिलित करने के लिए निम्नलिखित तीन जर्नल प्रविष्टियां की जाती हैं -

(1) शाखा का शुद्ध लाभ सम्मिलित करना (For incorproration of branch Net Profit) :

Branch A/c Dr.

To profit and Loss A/c

(Being incorporation of banch net proifit)

शाखा की शुद्ध हानि सम्मिलित करना (For incorporation of branch Net Loss) :

Profit and Loss A/c Dr.

To Branch A/c

(Being incorporation of branch net loss)

(2) शाखा की सम्पत्तियां सम्मिलित करना (For incorporation of branch assets) :

Branch Assets (Individual A/c's) A/cs Dr.

To Branch A/c

(Being incorporation of branch assets)

(3) शाखा के दायित्व सम्मिलित करना (For incorporation of branch liabilities) :

Branch A/c Dr.

To Branch Liabilities (Indivudual A/c's) A/cs

टिप्पणी

(Being incorporation of branch Liabilities)

उपरोक्त प्रविष्टियों को शाखा खाते में खताने पर शाखा खाता बन्द हो जाता है तथा शाखा की प्रत्येक सम्पत्ति व प्रत्येक दायित्व का खाता मुख्य कार्यालय की बहियों में खुल जाता है जो कि मुख्य कार्यालय के स्थिति विवरण में दिखाये जाते हैं।

अगले वर्ष की पहली तारीख को ही निम्नलिखित प्रविष्टियों द्वारा शाखा की सम्पत्तियां व शाखा के दायित्व खाते, शाखा खाते में हस्तान्तरित करके बन्द कर दिये जाते हैं।

Branch A/c Dr.

To Branch Assets A/c

(Being branch assets transferred)

Branch Liabilities A/c Dr.

To Branch A/c

(Being branch liabilities transferred)

३.१.१.२.३. समामेलन की तृतीय पद्धति (Third Method of Incorporation) :

शाखा के व्यवहारों को मुख्य कार्यालय की बहियों में सम्मिलित करने के लिए शाखा का सम्पूर्ण तलपट सम्मिलित किया जाता है। इस तरीके में निम्नलिखित प्रविष्टियां की जाती हैं -

(1) शाखा के व्यापार खाते की नाम पक्ष की मदें सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of debit items of branch trading account) :

Branch Trading A/c Dr.

To Branch A/c

(Being incorporation of Opening stock, net Purchases, Wages, Carriage inwards and Goods received from Head Office A/cs exists in branch books)

(2) शाखा के व्यापार खाते की जमा पक्ष की मदें सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of credit side items of branch trading account) :

Branch A/c Dr.

To Branch Trading A/c

(Being incorporation of net Sales and Closing stock of branch)

(3) शाखा का सकल लाभ हस्तान्तरित करने के लिए (For transfer of branch gross profit) :

Branch Trading A/c Dr.

To Branch Profit and Loss A/c

(Being branch gross profit transferred)

OR

शाखा की सकल हानि हस्तांतरित करने के लिए (For transfer of branch gross loss) :

Branch Profit & Loss A/c Dr.

To Branch Trading A/c

(Being branch gross loss transferred)

(4) शाखा के विभिन्न अप्रत्यक्ष खर्चों को सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of branch indirect expenses) :

Branch Profit and Loss A/c Dr.

To Branch A/c

(Being incorporation of various branch indirect expenses)

(5) शाखा की आय को सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of branch income) :

Branch A/c Dr.

To Branch Profit and Loss A/c

(Being incorporation of income items of branch)

(6) शाखा के लाभ-हानि खाते के शुद्ध लाभ या शुद्ध हानि को मुख्य कार्यालय के सामान्य लाभ-हानि खाते में सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of branch net profit or net loss in H.O. general profit and loss account) :

Branch Profit and Loss A/c Dr.

To General Profit and Loss A/c

(Being branch net profit transferred to General Profit and Loss A/c)

OR

General Profit and Loss A/c Dr.

To Branch Profit and Loss A/c

(Being branch net loss transferred to General Profit and Loss A/c)

(7) शाखा की सम्पत्तियों को सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of branch assets)

Branch Assets (individual A/c's) A/c Dr.

To Branch A/c

(Being incorporation of branch assets)

(8) शाखा के दायित्व को सम्मिलित करने के लिए (For incorporation of branch liabilities)

Branch A/c Dr.

To Branch Liabilities (Individual liability A/c's) A/c

टिप्पणी

(Being incorporation of branch liabilities)

उपरोक्त आठ प्रविष्टियों के करने के बाद शाखा का सम्पूर्ण तलपट मुख्य कार्यालय की बहियों में सम्मिलित हो जाता है तथा इन प्रविष्टियों की खतौनी करने पर शाखा खाता बन्द हो जाता है। अगले ही दिन शाखा की सम्पत्तियों एवं दायित्वों के खातों को शाखा खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाता है। इसकी प्रविष्टियां निम्नलिखित होंगी –

Branch A/c Dr.

To Branch Assets A/c

(Being branch assets transferred)

Branch Liabilities A/c Dr.

To Branch A/c

(Being branch liabilities transferred)

उदाहरण (Illustration) : ७

निम्नलिखित के संषोधन या समायोजन के लिये मुख्य कार्यालय व शाखा कार्यालय में प्रविष्टियॉ दीजिये। (Give Journal entries to rectify or adjust the following in the books of Head Office and Branch).

(1) शाखा ने मुख्य कार्यालय के अधिकारी को जो निरीक्षण के लिये आया था, ४,००० रु. वेतन के दिये और अपने वेतन खाते के नाम में लिख दिये। (Branch paid salary Rs. ४,००० to a head office official, who came for inspection and debited the amount to Salary Account).

(2) शाखा ने ८,००० रु. का माल खरीदा जिसके लिये मुख्य कार्यालय ने भुगतान किया। मुख्य कार्यालय ने यह रकम अपने क्रय खाते के नाम में लिख दी। (Goods costing Rs. 8,000 purchased by Branch, but payment made by Head Office. The Head Office has debited this amount to its own Purchases Account).

(3) शाखा की स्थाई सम्पत्ति पर १,६०० रु. ह्रास लगाना है। शाखा की स्थाई सम्पत्ति का खाता मुख्य कार्यालय की बहियों में है। (Depreciation Rs. 1,600 is to be charged on Branch Fixed Assets. The Account of Branch Fixed Assets is maintained in the Head Office books).

(4) शाखा की तरफ से २,००० रु. मुख्य कार्यालय को प्रशासकीय सेवाओं के लिये वसूल करने हैं। (The Head Office has to charge Rs. 2,000 from branch for administrative services).

(5) मुख्य कार्यालय ने २,७०० रु. का माल शाखा को भेजा जो कि शाखा को वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक प्राप्त नहीं हुआ। (Head Office sent goods of Rs. 2,700 which were not received by the branch till the end of the financial year).

हल (Solution) :

Head Office Journal

			Rs.	Rs.
	(1) Salary A/c Dr.		4,000	
	To Branch A/c			4,000
	(Being salary paid by the branch to head office official adjusted)			
	(2) Branch A/c Dr.		8,000	
	To Purchase A/c			8,000
	(Being rectification of purchases for branch debited to Purchase Account)			
	(3) Branch A/c Dr.		1,600	
	To Branch Fixed Assets A/c			1,600
	(Being depreciation provided on Branch Fixed Assets)			
	(4) Branch A/c Dr.		2,000	
	To Administrative Expenses A/c			2,000
	(Being administrative expenses charged)			
	(5) Goods in Transit Dr.		2,700	
	To Branch A/c			2,700
	(Being goods sent to branch not received by the branch till the end of the financial year)			

Branch Journal

			Rs.	Rs.
	(1) Head Office A/c Dr.		4,000	
	To Salary A/c			4,000
	(Being salary paid to head office official wrongly debited to salary account now corrected)			

			Rs.	Rs.
	(2) Purchase A/c Dr.		8,000	
	To Head Office A/c			8,000
	(Being Goods purchased by us but payment made by the head office)			

टिप्पणी

			Rs.	Rs.
	(3) Depreciation A/c Dr.		1,600	
	To Head Office A/c			1,600
	(Being depreciation on Fixed Assets provided; account of which is in Head Office books)			
	(4) Administrative Expenses A/c Dr.		2,000	
	To Head Office A/c			2,000
	(Being expenses charged by head office for administrative services)			

मद संख्या 5 के लिये शाखा कार्यालय में कोई प्रविष्टि नहीं की जावेगी। माल मुख्य कार्यालय ने भेजा था इसलिए इसका समायोजन मुख्य कार्यालय ही करेगा।

उदाहरण (Illustration) : ८

३१ दिसम्बर २००८ को समाप्त वर्ष के लिये जोधपुर मुख्यालय द्वारा बाड़मेर शाखा से निम्नांकित तलपट प्राप्त किया गया। मुख्य कार्यालय की बहियों में ३१.१२.२००८ को शाखा खाते का नाम का शेष ६०० रु. था। २८ दिसम्बर २००८ को मुख्यालय ने २,००० रु. का माल शाखा को भेजा जो शाखा को ३ जनवरी २००९ को प्राप्त हुआ। शाखा ने २९ दिसम्बर २००८ को १,६०० रु. भेजे गये जो मुख्य कार्यालय ने १ जनवरी २००९ को प्राप्त किये। मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा के तलपट को सम्मिलित करने के लिये आवश्यक जरनल प्रविष्टियां कीजिये तथा शाखा खाता बनाइये। (Following Trial Balance of Barmer Branch for the year ending on 31.12.2008 was received by a Jodhpur H.O. The Branch account in the H.O. Books showed a Debit Balance of Rs. 600 on 31.12.2008. The H.O. sent goods costing Rs. 2,000 to Branch on 28 December 2008 which were received by the Branch on 3 January 2009. The Branch remitted a sum of Rs. 1,600 to H.O. on 29 December 2008 which was received by the H.O. on 1 January 2009. Pass necessary Journal entries in the H.O. Books to incorporate the Branch Trial Balance and prepare the Branch Account).

Trial Balance as on 31.12.2008

		Rs.	Rs.
Jodhpur Head Office Account		3,000	—
Stock Jan. 1, 2008		6.000	—
Purchases		34,000	—
Sales		—	60,000
Goods received from Head Office		9,000	—
Salaries		2,000	—
Debtors		3,000	—

		Rs.	Rs.
Creditors		—	2,000
Rent		800	—
Office Expenses		1,600	—
Furniture		2,000	—
Cash		600	
		62,000	62,000

Stock in hand as on 31.12.2008 Rs. 4,000

हल (Solution) :

मुख्यालय की पुस्तकों में शाखा के तलपट को सम्मिलित करने से पूर्व मुख्यालय को भेजी गई १,६०० रु. की राशि जो मार्ग में है, के लिये शाखा द्वारा किये गये निम्नांकित समायोजन की कल्पना करते हुए तलपट में सुधार कर लेना चाहिए। इसके फलस्वरूप मुख्यालय के खाते का १,४०० रु. से नाम शेष रह जावेगा। मार्गस्थ रोकड़ १,६०० रु. तलपट के नाम पक्ष में सम्मिलित हो जावेगा।

Cash in Transit A/c Dr. 1,600

To H.O. A/c 1,600

(Being adjustment for cash in transit)

इस प्रश्न में केवल तलपट को सम्मिलित करने के लिये प्रविष्टियां करने को कहा है इसलिये यह प्रविष्टियां तृतीय तरीके से की जानी चाहिये।

			Rs.	Rs.
2008				
31.12	Goods in Transit A/c Dr.		2,000	
	To Branch A/c			2,000
	(Being goods sent by HO remained in transit)			
"	Branch Trading A/c Dr.		49,000	
	To Branch A/c			49,000
	(Being incorporation of the following items on the debit side of the Branch Trading account Opening Stock Rs. 6,000; Purchases Rs. 34,000 and Goods Received from Head Office Rs. 9,000)			
31.12	Branch A/c Dr.		64,000	
	To Branch Trading A/c			64,000

टिप्पणी

2008			Rs.	Rs.
	(Being Incorporation of the following items on the credit side of Branch Trading Account) Rs. Sales 60,000 Closing Stock 4,000			
"	Branch Trading A/c Dr.		15,000	
	To Branch Profit & loss A/c			15,000
	(Being gross profit transferred to Branch Profit & Loss Account)			
	Branch Profit & Loss A/c Dr.		4,400	
	To Branch A/c			4,400
	(Being incorporation of following items) Rs. Salaries 2,000 Rent 800 Office Expenses 1,600			
	Branch Profit & Loss A/c Dr.		10,600	
	To General Profit and Loss A/c			10,600
	(Being Net Profit transferred)			

2008			Rs.	Rs.
31.12	Branch Cash A/c Dr.		600	
	Branch Cash in Transit A/c Dr.		1,600	
	Branch Debtors A/c Dr.		3,000	
	Branch Stock A/c Dr.		4,000	
	Branch Furniture A/c Dr.		2,000	
	To Branch A/c			11,200
	(Being incorporation of Branch Assets)			
	Branch A/c Dr.		2,000	
	To Branch Creditors A/c			2,000
	(Being incorporated of Branch Creditors)			

Dr. Branch Account **Cr.**

2008		Rs.	2008		Rs.

टिप्पणी

31.12	To Balance b/d	600	31.12	By Goods in Transit A/c	2,000
"	To Branch Trading A/c	64,000	"	By Branch Trading A/c	49,000
"	To Branch Creditors A/c	2,000	"	By Branch P&L A/c	4,400
			"	By Branch Assets A/c	11,200
		66,600			66,600
2009			2009		
01.01	To Branch Assets	11,200	01.12	By Branch Liabilities	2,000

उदाहरण (Illustration) : ९

पंकज लिमिटेड पाली ने एक शाखा जोधपुर में खोली जो मुख्यालय से स्वतंत्र कार्य करेगी। 31 मार्च 2008 को समाप्त होने वाली अवधि में शाखा के व्यवहार निम्नलिखित है – (Pankaj Ltd. Pali opens a new branch at Jodhpur which trades independently of the H.O. The transactions of the branch for the year ended 31st March, 2008 are as under) :

	Rs.
Goods Supplied by H.O.	20,000
Purchases from Outsiders :	
Cash	3,000
Credit	15,500
Sales :	
Cash	4,600
Credit	25,000
Cash received from customers	30,400
Cash paid to creditors	14,200
Expenses paid by branch	8,950
Furniture purchased by branch on credit	3,500
Cash received from head office initially	4,000
Remittances to H.O.	11,000

आप मुख्यालय की पुस्तकों में शाखा का व्यापार एवं लाभ हानि खाता तथा शाखा का खाता और शाखा की पुस्तकों में मुख्यालय का खाता, शाखा के तलपट को समामेलन की प्रथम विधि से समेकित करते हुए बनाइये। निम्नलिखित सूचनाओं को ध्यान में रखना है – (You are required to prepare branch trading and profit and loss account and branch account in the H.O. books and H.O. Account in branch books after incorporation of the branch trial balance using first method, taking following into consideration) :

टिप्पणी

1. शाखा की स्थायी सम्पत्तियों के खाते मुख्यालय की पुस्तकों में रखे गये है। (The account of the branch fixed assets are maintained in head office books).
2. फर्निचर पर 5 प्रतिषत की दर से ह्रास अपलिखित कीजिये। (Write off depreciation on furniture @ 5% p.a.)
3. 2,000 रु. शाखा से मुख्यालय को भेजे जो रास्ते में है। (A remittance of Rs. 2,000 from the branch to the H.O. is in transit).
4. शाखा के अंतिम रहतिये का मूल्यांकन 12,000 रु. है। (Branch closing stock is valued at Rs. 12,000).

हल (Solution) :

In H.O. Books
Branch Trading and Profit & Loss Account

For the year ended 31st March, 2008

		Rs.			Rs.
To Goods Received from H.O.		20,000	By Sales A/c :	Rs.	
To Purchases :	Rs.		Cash	4,600	
Cash	3,000		Credit	25,000	29,600
Credit	15,500	18,500	By Closing Stock		12,000
To Gross Profit		3,100			
		41,600			41,600
To Expenses		8,950	By Gross Profit		3,100
To Depn. on Furniture		1,75	By General P&L A/c		6,025
		9,125			9,125

Jodhpur Branch Account

		Rs.			Rs.
	To Bank A/c	4,000		By Branch Furniture A/c	3,500
	To Goods sent to branch A/c	20,000		By Bank A/c	9,000
	To Branch Furniture A/c	175		By P&L A/c	6,025
				By Balance c/d	5,650
		24,175			24,175

टिप्पणी

Head Office Account

		Rs.			Rs.
	To Bank A/c	11,000		By Bank A/c	4,000
	To Creditors for Furniture	3,500		By Goods recd. from H.O. A/c	20,000
	To P&L A/c	6,025		By Depn. on Furniture A/c	175
	To Balance c/d	5,650		By Cash in Transit A/c	2,000
		26,175			26,175

३.१.२ विदेशी शाखा (Foreign Branch)

किसी भी देश की एक व्यापारिक इकाई अपने व्यवसाय का आकार बढ़ाने के लिए किसी अन्य देश में अपनी शाखा स्थापित कर सकती है। उसे विदेशी शाखा माना जावेगा। इस अध्याय के प्रारंभ में व्यावसायिक नियंत्रण की दृष्टि से 'नियंत्रित' तथा 'स्वतंत्र' दो रूपों में शाखाओं का वर्गीकरण करने के साथ ही साथ देशी तथा विदेशी शाखा का भी उल्लेख किया गया था। यदि दोनों देशों में एक ही मुद्रा का चलन हो तो विदेशी शाखा से संबंधित व्यवहारों के मुख्यालय में लेखाबद्ध करने में कोई कठिनाई नहीं होती। मुख्यालय वाले देश की मुद्रा से शाखा वाले देश की मुद्रा भिन्न होने पर लेखांकन में कठिनाई आ सकती है। एक विदेशी शाखा भी नियंत्रित तथा स्वतंत्र दोनों में से किसी एक प्रकार की हो सकती है। सामान्यतया दूर विदेशों में खोली जाने वाली शाखा स्वतंत्र होने की ही अधिक संभावना रहती है।

विदेशी शाखा अपना तलपट मुख्य कार्यालय को भेजती है जो कि मुख्य कार्यालय की बहियों में सम्मिलित करना होता है। विदेशी शाखा से प्राप्त तलपट विदेशी मुद्रा में होता है, इसलिये इसको मुख्य कार्यालय की बहियों में तब ही सम्मिलित किया जा सकता है जबकि इसे मुख्य कार्यालय के देश की मुद्रा में परिवर्तित कर दिया जाय। उदाहरण के लिए मुंबई में स्थित एक मुख्य कार्यालय की शाखा लन्दन में है। मुख्य कार्यालय को लन्दन से प्राप्त तलपट पौंड में होगा। यह तलपट मुख्य कार्यालय मुम्बई की बहियों में तब ही सम्मिलित हो सकता है जब इसकी राशियाँ रुपयों में परिवर्तित कर दी जायें।

मुख्य कार्यालय द्वारा शाखा के तलपट को अपनी मुद्रा में परिवर्तित करने से पहले यह देखना आवश्यक है कि मार्गस्थ रोकड़ (Cash in transit) तथा मार्गस्थ माल (Goods in transit) कितना है। यदि शाखा ने कोई रकम भेजी है तथा लेखा वर्ष की समाप्ति तक वह रकम मुख्य कार्यालय को प्राप्त नहीं हुई है तो शाखा की बहियों में इसका समायोजन निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा करना पड़ता है -

Cash in Transit A/c   Dr.

    To Head Office A/c   (in foreign currency)

(Being cash sent not received by head office)

टिप्पणी

चूंकि यह प्रविष्टि शाखा कार्यालय की ओर से की जाती है इसलिये शाखा का तलपट परिवर्तित करते समय शाखा के तलपट में एक मद मार्गस्थ रोकड़ (Cash in transit) बढ़ जाती है तथा उतनी ही राशि से शाखा के तलपट में विद्यमान मुख्यालय खाते का जमा का शेष भी बढ़ जाता है। यदि मार्गस्थ माल है तो इसकी निम्नलिखित प्रविष्टि मुख्य कार्यालय करता है -

Goods in Transit A/c Dr.

To Branch A/c (in the Currency of H.O.)

(Being goods sent by Head Office remained in transit)

इसका प्रभाव यह पड़ता है कि मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा खाते का नाम का शेष कम हो जाता है तथा मार्गीस्थ माल खाते का शेष फर्म के चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है।

उपरोक्त दोनों के ठीक विपरीत पारस्परिक पत्राचार या अन्य किसी भी जाँच से यह भी जानकारी मिल सकती है कि मुख्यालय द्वारा शाखा को किसी भी प्रयोजन से भेजी गई राशि तथा शाखा द्वारा किसी भी कारण से मुख्यालय को लौटाये गये माल का कोई भाग अंतिम लेखे बनाने की तिथी तक अपने गन्तव्य स्थान पर नहीं पहुंचा है। यह भी मार्गस्थ नकद (Cash in transit) तथा मार्गस्थ माल (Goods in transit) के ही व्यवहार बनते हैं परन्तु ऊपर समझाये गये दोनों उदाहरणों से ठीक विपरीत मार्गस्थ माल विदेशी मुद्रा में होता है तथा मार्गस्थ नकद मुख्यालय की मुद्रा में होती है। शाखा कार्यालय के तलपट को मुख्यालय की बहियों में सम्मिलित (Incorporate) करने से पूर्व इनका समायोजन भी आवश्यक है।

पहले उदाहरण में मार्गस्थ रोकड़ शाखा द्वारा भेजी गई थी जिसका समायोजन भी शाखा की पुस्तकों तथा शाखा के तलपट में किया गया इसी क्रम से इस दूसरे उदाहरण में राशि मुख्यालय द्वारा भेजी गई है अतः इस मार्गस्थ रोकड़ का समायोजन मुख्यालय करेगा।

Cash in Transit A/c Dr.

To Branch A/c (in H.O. Currency)

स्पष्टतः इसके प्रभाव स्वरूप मार्गस्थ रोकड़ खाता मुख्यालय की पुस्तकों में खोला जाकर फर्म के चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष का एक मद बनेगा तथा पूर्व की ही भांति मुख्यालय की पुस्तकों के शाखा खाते का नाम का शेष कम हो जावेगा।

इसी पूर्व क्रम में चूंकि इस बार मार्गस्थ माल शाखा द्वारा भेजा गया है अतः इसका समायोजन शाखा की पुस्तकों तथा शाखा के तलपट में निम्नांकित प्रविष्टि द्वारा करना होगा -

Goods in Transit A/c Dr.

To H.O. A/c

इससे भी शाखा के तलपट में एक मद मार्गस्थ माल की बढ़ जायेगी तथा उपरोक्त विवरण के अनुरूप ही शाखा कार्यालय के तलपट में विद्यमान मुख्यालय खाते का जमा का शेष भी बढ़ जायेगा।

इन समायोजनों के पश्चात् ही मुख्य कार्यालय के द्वारा शाखा के तलपट का परिवर्तन किया जाता है। शाखा कार्यालय के तलपट का परिवर्तन निम्नलिखित दो परिस्थितियों में समझा जायेगा।

टिप्पणी

(अ) जबकि शाखा तथा मुख्य कार्यालय के देशों के बीच की विनिमय दर में वर्ष भर उतार चढ़ाव आये हो।

(ब) जब यह विनिमय दर स्थिर रही है।

(अ) शाखा तथा मुख्य कार्यालय के बीच की विनिमय दर परिवर्तित होती रही हो (Fluctuating Rates of Exchange): इस परिस्थिति में शाखा के तलपट का परिवर्तन निम्नलिखित नियमों द्वारा किया जाता है।

(1) मुख्य कार्यालय का खाता (Head Office Account) : मुख्य कार्यालय खाते का उपरोक्त समायोजनों के पश्चात् अंतिम रूप से ज्ञात जमा का शेष उतनी ही रकम से बदल दिया जाता है, जितना कि मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा खाते का उपरोक्त समायोजनों के पश्चात् अंतिम रूप से ज्ञात नाम का शेष है। ये शेष मार्गस्थ माल तथा मार्गस्थ रोकड़ की चारों मदों की प्रविष्टियों को करने के बाद का होना चाहिए।

(२) मुख्य कार्यालय से प्राप्त माल का खाता (Goods received from Head Office Account) : मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा को भेजे गये माल खाते का जमा का शेष होता है। शाखा के तलपट में मुख्यालय से प्राप्त माल खाते का नाम का शेष होता है। यह एक दूसरे के बराबर होने की अपेक्षा की जाती है यदि मुख्यालय द्वारा भेजा गया माल मार्ग में नहीं है और न ही वर्ष के दौरान शाखा द्वारा मुख्यालय को लौटाया गया माल ही मार्गस्थ है। अतः विदेशी शाखा के तलपट का मुख्यालय की मुद्रा में परिवर्ततन करते समय मुख्यालय से प्राप्त माल खाते की विदेशी मुद्रा में रकम के स्थान पर मुख्य कार्यालय द्वारा 'शाखा को भेजे गये माल खाते' की मुख्यालय की मुद्रा वाली राशि ही सम्मिलित की जानी चाहिये। व्यावहारिक जीवन में मुख्यालय तथा शाखा के बीच माल का आवागमन निरंतर होता रहता है अतः अंतिम लेखे बनाते समय दोनों पक्षों की ओर से भेजे/लौटाये गये माल मार्गीस्थ रहने की संभवना है। अतः शाखा के विदेशी मुद्रा वाले तलपट में विद्यमान मुख्यालय से प्राप्त माल खाते के नाम शेष में शाखा के तलपट में उसके द्वारा लौटाये गये मार्गस्थ माल (Goods in Transit) को वापस जोड़ने के पश्चात इस राशि के समकक्ष मुख्यालय की बहियों में स्थित शाखा को भेजे गये माल खाते के जमा शेष में से उपरोक्त प्रकार से मुख्यालय की बहियों में सम्मिलित रास्ते में माल की राशि घटाने के पश्चात् बचे हुए शेष के समकक्ष मानना ही उचित होगा।

(3) स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets): स्थायी सम्पत्तियों के विदेशी मुद्रा में स्थित शेष को उस विनिमय दर से परिवर्तित करना युक्ति संगत माना जाता है जो उक्त स्थायी सम्पत्ति खरीदने की तिथि पर विद्यमान थी। स्पष्टतः स्थायी सम्पत्तियों पर शाखा द्वारा अपलिखित ह्रास की राशि को भी उसी विनिमय दर से परिवर्तित करना होगा जो उपरोक्त प्रकार से स्थायी संपत्ति की विदेशी मुद्रा की राशि के परिवर्तन के लिए उपयुक्त की गई हो। उक्त स्थायी सम्पत्ति के क्रय के लिए विदेशी शाखा ने विदेश में ऋण लिया हो और उक्त ऋण खाता भी शाखा के तपलट में विद्यमान हो और यदि मुख्यालय तथा शाखा वाले देशों में से किसी की मुद्रा का अवमूल्यन **(devaluation)** होने से उक्त विदेशी ऋण सम्बन्धी दायित्व में कोई घट बढ़ की गई हो तो इस समायोजन का प्रभाव सम्बन्धित खाते के तलपट स्थित मूल्य में करने के उपरान्त ही सम्पत्ति के मूल्य तथा सम्बन्धित ह्रास की राशियों का मुख्यालय की मुद्रा में परिवर्तित किया जाना चाहिए।

(४) चालू सम्पत्तियों के खाते (Current Assets Account) : चालू सम्पत्तियां पुनः विक्रय के लिए खरीदी जाती हैं। इन चालू सम्पत्तियों में रोकड़, बैंक बाकी, अन्तिम रहतिया, देनदार तथा मार्गस्थ रोकड़ के शेष सम्मिलित

टिप्पणी

होते हैं। इन चालू सम्पत्तियों के शेष वर्ष के अन्त की विनिमय दर से परिवर्तित किये जाते हैं।

(5) चालू दायित्वों के खाते (Current Liabilities Account) : इन खातों के शेष वर्ष के अन्त की विनिमय दर से परिवर्तित किये जाते हैं।

(6) प्रारम्भिक रहतिया (Opening Stock) : प्रारम्भिक रहतिये का शेष वर्ष के प्रारम्भ की विनिमय दर से परिवर्तित किया जाता है।

(7) आयगत मदें (Revenue items) : इन मदों में खरीद, बिक्री, मजदूरी, वेतन, किराया, कमीशन व विविध खर्च इत्यादि खातों के शेष सम्मिलित होते हैं। इन खातों के शेष वर्ष भर की औसत दर से परिवर्तित किये जाते हैं। ये खर्चे तथा आय वर्ष भर तक होते रहते हैं, इसलिए वर्ष की औसत विनिमय दर से परिवर्तित किये जाते हैं।

यदि तलपट उस वर्ष का है जिस वर्ष मुख्य कार्यालय की मुद्रा का अवमूल्यन (Devaluation) हुआ है तो समस्त आयगत मदें भी वर्ष के अन्त की विनिमय दर से परिवर्तित की जाती है।

विदेशी शाखा के तलपट को मुख्य कार्यालय की मुद्रा में बदलने के बाद तलपट के जमा पक्ष तथा नाम पक्ष की जोड़ों का अन्तर "विनिमय अन्तर खाते" में लिख दिया जाता है। विनिमय अन्तर खाते (Difference in Exchange Account) का शेष शाखा के लाभ हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है।

(ब) विदेशी विनिमय दर स्थिर रही है (Stable Rate of Foreign Exchange) : यदि शाखा तथा मुख्य कार्यालय के बीच विदेशी विनिमय दर स्थिर रही है तो विदेशी शाखा का तलपट निम्नलिखित नियमों द्वारा परिवर्तित किया जाता है -

(१) मुख्य कार्यालय खाते का शेष (Balance of Head Office Account) : मुख्य कार्यालय द्वारा मार्गस्थ माल तथा मार्गस्थ रोकड़ की प्रविष्टियाँ करने के बाद मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा खाते का शेष ज्ञात कर लिया जाता है शाखा के तलपट में सम्मिलित मुख्यालय खाते के शेष में भी इससे पूर्व समझाये गये रूप में मार्गस्थ माल तथा मार्गस्थ रोकड की राशियाँ जोड़कर उतनी ही रकम में परिवर्तित किया जाता है जितना मुख्य कार्यालय की बहियों में मार्गस्थ की प्रविष्टियां करने के बाद शाखा का नाम शेष है।

(२) मुख्य कार्यालय से प्राप्त माल का खाता (Goods received from Head Office Account)

मार्गस्थ माल (Goods in Transit) के संबंध में इससे पूर्व पृष्ठों में समझाया गया था कि मुख्यालय से माल भेजने पर और शाखा में पहुंचने पर दोनों पक्ष निम्नलिखित प्रविष्टियाँ करते हैं :

Branch A/c	Dr.	Goods received from H.O. A/c	Dr.
To Goods sent to Branch A/c		To Head Office A/c	

शाखा द्वारा मुख्यालय को माल लौटाने पर यदि माल मुख्यालय पहुंच जाय तो दोनों पक्ष निम्नलिखित प्रविष्टियाँ करते हैं :

Goods sent to Branch A/c	Dr.	H.O. A/c	Dr.
Dr. Cash and Bank Account Cr.

	Rs.			Rs.
To Balance b/d	13,000	By Ass's Loan A/c		10,600
To Zebra's Loan A/c	8,450	By Partner's Capital A/cs	Rs.	
		Ass	7,675	
		Donkey	950	
		Zebra	2,225	10,850
	21,450			**21,450**

४.१.५.२.२ जब एक या अधिक साझेदार अक्षम हो जाये

फर्म के समापन पर वसूली के लाभ-हानि का वितरण करने के बाद यदि एक साझेदार के पूंजी खाते का नाम शेष आता है तो वह यह रकम निजी साधनों से लाकर फर्म को देता है। परन्तु ऐसा साझेदार यदि दिवालिया हो तो फर्म को वह पूरी रकम या उसका अंश चुकाने में असमर्थ होगा। इस कारण फर्म को जो हानि होगी उसे अन्य साझेदार किस अनुपात में सहन करेंगे यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। इसका समाधान निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकता है : (i) साझेदारी अनुबन्ध में जो आधार निर्धारित किया गया हो उसके अनुसार, लाभ-विभाजन अनुपात या अन्य कोई भी आधार हो सकता है। (ii) साझेदारी अनुबन्ध में इस पर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं हो तो गार्नर बनाम मर्रें (Garner v/s Murray) के निर्णय के अनुसार समाधान होगा।

गार्नर बनाम मर्रें का विवाद :

गार्नर बनाम मर्रे का निर्णय इंग्लैण्ड में दिया गया था। यह भारत में लागू होता है या नहीं यह प्रष्न विवादास्पद है। बहुमत इस पक्ष में हैं कि अनुबन्ध में स्पष्ट व्यवस्था न होने पर यह निर्णय भारत में भी लागू होगा। लेखांकन की दृष्टि से इस निर्णय के प्रमुख निष्कर्ष निम्नलिखित हैं :–

(i) वसूली की हानि को दिवालिये साझेदार सहित सभी साझेदारों में उनके लाभ-विभाजत अनुपात में बांटा जाना चाहिये।

(ii) प्रत्येक सक्षम (Solvent) साझेदार वसूली की हानि का अपना भाग नकद लायेगा।

(iii) दिवालिया साझेदार के पूंजी खाते में नाम शेष (हानि) को अन्य साझेदारों में उनके पूंजी अनुपात में बांट दिया जायेगा।

पूंजी अनुपात का अर्थ (Meaning of Capital Ratio)

गार्नर बनाम मर्रें के मुकदमें के निर्णय के अनुसार पूंजी अनुपात में हानि का वितरण करने के लिए 'पूंजी अनुपात' का अर्थ निम्नलिखित है :–

(i) जब पूंजी खाते स्थिर (Fixed) हों तो उन खातों के प्रारम्भिक शेष (समापन से पूर्व अन्तिम चिट्ठे में शेष) से पूंजी अनुपात निर्धारित करेंगे (इस उद्देश्य के लिये चालू खातों के शेषों पर कोई ध्यान नहीं दिया जायेगा।)

(ii) जब पूंजी खाते परिवर्तनशील (fluctuating) हों तो संचय, अवितरित लाभ, पूंजी पर ब्याज, आहरण व इस पर ब्याज (समापन की तिथि तक) आदि के समायोजन करने के बाद (परन्तु वसूली के लाभ-हानि वितरित करने से पूर्व) पूंजी खातों के जो शेष हा उससे पूंजी अनुपात निर्धारित करेंगे।

गार्नर बनाम मर्रे विवाद के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं का विवेचन :

(i) **सक्षम साझेदारों से वसूली खाते की हानि नकद मंगवाना** — इसमें न्यायाधीश का आशय केवल यही था कि सक्षम साझेदारों के पूंजी खातों के शेष पुनः वे ही हो जायं जो वसूली से ठीक पहले थे। अतः जब तक प्रश्न

टिप्पणी

में गार्नर बनाम मर्रे के फैसले को लागू करने का स्पष्ट आदेश न हो, नकद राशि मंगवाना आवश्यक नहीं है

(ii) **अक्षम साझेदार की न्यूनता को सक्षम साझेदारों द्वारा पूंजी अनुपात में सहन करना** — यह निर्णय तत्कालीन मान्यता से भिन्न था। लोग सामान्य हानि की ही भांति इस हानि का भी वितरण लाभ हानि अनुपात में कर दिया करते थे। निर्णय में नया दृष्टिकोण दिया गया। न्यायाधीश का कथन था कि समापन के समय प्रश्न हानि बांटने का न होकर उपलब्ध राशि विभिन्न दावेदारों में बांटने का रहता है। यदि विभिन्न पक्षों के दावों की तुलना में उपलब्ध राशि कम हो तो सामान्य ज्ञान के अनुसार उसे दावों के अनुपात में ही बाँट दिया जावेगा। फलस्परूप कमी भी स्वतः दावों के अनुपात में ही बंट जावेगी। निर्णय में अक्षम साझेदार की न्यूनता साझेदारों के पूँजी अनुपातों में बांटने की बात केवल लेखांकन की दृष्टि से ही नहीं कही गई थी। इसमें व्यावहारिकता भी अधिक थी।

(iii) **निर्णय लागू किये जाने की अनिवार्यता-** यह न्यायालय का निर्णय था न कि अधिनियम की व्यवस्था। अतः साझेदारों में स्पष्ट समझौते के अभाव में अक्षम साझेदार की न्यूनता सहन करने के प्रश्न पर विवाद उठने की स्थिति में ही यह निर्णय लागू होता है। दूसरे शब्दों में साझेदार यदि चाहें तो अपने समझौते में अक्षम साझेदार की न्यूनता बांटने के लिए लाभ हानि अनुपात को उपयुक्त बतावें तो इसका यही उचित आधार होगा। वे अन्य किसी आधार को भी स्वीकार कर सकते हैं। फिर भी विद्वान न्यायाधीश द्वारा गहन विचार के उपरान्त प्रस्तुत किए जाने के कारण यह निर्णय काफी लोकप्रिय हो गया है। अतः प्रश्न में अक्षम साझेदार की न्यूनता अन्य सक्षम साझेदारों द्वारा सहन करने के बारे में कोई निर्देश न दिये गये हों तो विद्यार्थियों को गार्नर बनाम मर्रे के निर्णय के अनुसार ही अक्षम साझेदार की कमी सहन करनी चाहिये।

(iv) **स्थिर पद्धति पर रखे गये पूंजी खातों की दशा में निर्णय की व्यवस्था -** स्पष्ट है कि गार्नर बनाम मर्रे के विवाद में न्यायाधीश के सामने जो तथ्य उपस्थित किये गये उसमें मामला परिवर्तनशीन पद्धति पर रखे गये पूंजी खातों का ही था अतः स्थिर पद्धति वाले पूंजीखातों की समस्या पर विचार ही नहीं किया गया। निर्णय में चूंकि दिवालिये की न्यूनता सक्षम साझेदारों की पूंजियों के आधार पर बांटने की बात कही गई थी अतः परम्परागत पूंजी खातों के स्थिर पद्धति पर होने की दशा में साझेदारों के चालू खातों के शेषों पर ध्यान नहीं दिया जाता है। स्थिर पूंजियों के अनुपात में ही न्यूवता का वितरण कर दिया जाता है। यह व्यवस्था अधिक सुविधापूर्ण अवश्य है परन्तु गार्नर बनाम मर्रें के निर्णायक विद्वान न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत तर्क के विपरीत है। 'उपलब्ध सम्पत्ति बांटने का आधार अन्तिम पूंजी को मानने' के तर्क के आधार पर तो स्थिर पूंजी खातों में चालू खातों का तथा विद्यमान अवितरित लाभ हानि की राशियों का समायोजन करने के उपरान्त ज्ञात पूंजी खातों के शेषों के अनुपात में अक्षम साझेदार की न्यूनता का वितरण किया जाना चाहिये। विद्यार्थियों को हमारा परामर्श परम्परा को मानने का ही है तदनुसार अन्तिम निर्धारित पूंजी अनुपात (last agreed capital ratio) ज्ञात करते समय यदि पूंजी खाते परिवर्तनशील हों तो अवितरित लाभ हानि का बंटवारा करने के पश्चात् लेकिन वसूली खाते के लाभ हानि बांटने से पूर्व पूंजी खातों के शेषों को आधार मानना चाहिये तथा स्थिर पूंजी खातों की दशा में बिना कुछ भी समायोजन किये सीधे स्थिर पूंजी खातों के अन्तिम शेषों को ही इसका आधार बना लेना चाहिये।

(v) **किसी सक्षम साझेदार के पूंजी खाते का नाम शेष होने की दशा में** — उक्त मुकदमें का निर्णय करते समय यह स्थिति भी सामने नहीं थी परन्तु निर्णय में सक्षम साझेदारों की पूंजी के शेषों का अनुपात निकालने की बात कही गई थी अतः केवल जमा के शेष वाले सक्षम साझेदारों की पूंजियों के शेषों का ही अनुपात निकाला जाना चाहिये और केवल ऐसे साझेदार ही अक्षम साझेदार की न्यूनता बांटेंगे। पहले से ही नाम के शेष की पूंजी वाला साझेदार इस हानि को बांटने से बच जावेगा।

(vi) **एक से अधिक दिवालिये साझेदार -** निर्णय की भावना को ध्यान में रखते हुए सभी दिवालिये साझेदारों की कुल न्यूनता, अन्य ऐसे साझेदार अपनी अन्तिम निर्णित पूंजियों के अनुपात में भुगतेंगे जिनके जमा के शेष हों।

(vii) **दिवालिये साझेदार के अतिरिक्त अन्य साझेदारों के पूंजी खातों के नाम के शेष होना -** यह एक ऐसी विचित्र स्थिति है जो निर्णय की परिधि से बाहर ही रह जाती है। निर्णय में अक्षम साझेदार की न्यनता सक्षम साझेदारों की अन्तिम निर्धारित पूंजियों के अनुपात में बांटने की बात कही गई थी जबकि इस काल्पनिक परिस्थिति में माना गया है कि दिवालिये को छोड़कर अन्य साझेदार सक्षम तो हैं परन्तु सभी के पूंजी खाते नाम के शेष दर्शाते हैं। अतः उनकी पूंजियों का अनुपात इस कार्य के लिए उपयोगी नहीं माना जा सकता। इस परिस्थिति में साझेदारों के लाभ हानि विभाजन का अनुपात ही एक मात्र विकल्प रह जाता है।

उदाहरण (Illustration) : 4

लखपति, धनवान, गरीब और भिखारी बराबरी के साझेदार थे। उनकी फर्म के समापन पर सम्पत्तियों की वसूली तथा दायित्वों के भुगतान के पश्चात उनकी स्थिति निम्नलिखित थीः- (Millionere, Rich, Poor and Begger were equal partners. On dissolution of their firm, their position after realization of assets and payment of liabilities was as follows)

	Rs.		**Rs.**
Undistibuted Profits	20,000	Cash in Hand	22,000
Partners Current A/cs :		Loan to Begger	8,000
Millionere	19,000	Partners Current A/c's :	
Rich	7,000	Poor	35,000
Millioner's Loan	10,000	Begger	20,000
Partners Capital A/cs :		Realisation Loss	48,000
Millionere	30,000		
Rich	24,000		
Poor	18,000		
Begger	5,000		
	1,33,000		**1,33,000**

टिप्पणी

भिखारी को दिवालिया घोषित किया जा चुका है। अन्य तीनों साझेदार पूर्णतया सक्षम हैं। गार्नर बनाम मर्रे के नियमानुसार खाते बनाइये। (Begger has been declared insolvent. All the other three partners are fully solvent. Prepare Accounts according to Garner v/s Murray).

(i) साझेदारों के पूंजी खाते तथा चालू खाते बनाइये तथा उन्हें बंद कीजिये। (Prepare and close the Partners Capital and Current Account).

(ii) यदि साझेदारों के पूंजी खाते प्रारम्भ से ही परिवर्तनशील पद्धति पर रखे गये होते तो हल किस प्रकार भिन्न होता। साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिये। (If the capital accounts of the partners had been kept on fluctuating basis from the very beginning, in what respect the solution would have been different ? Prepare the capital accounts of the partners).

हल (Solution) :

(i) यदि पूंजी खाते स्थिर आधार पर रखे गये हो –

Dr. Partner's Current Accounts Cr.

	M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.		M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.
To Balance b/d	—	—	35,000	20,000	By Balance b/d	19,000	7,000	—	—
To Realisation A/c	12,000	12,000	12,000	12,000	By Cash A/c	12,000	12,000	12,000	—
To Capital A/cs	24,000	12,000	—	—	By P&L A/c	5,000	5,000	5,000	5,000
					By B's Cap.A/c	—	—	—	27,000
					By Ps' Capital A/c	—	—	30,000	
	36,000	**24,000**	**47,000**	**32,000**		**36,000**	**24,000**	**47,000**	**32,000**

Dr. Partner's Capital Account Cr.

	M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.		M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.
To B's Current A/c	—	—	—	27,000	By Balance b/d	30,000	24,000	18,000	5,000
To B's Loan A/c	—	—	—	8,000	By M Capital A/c	—	—	—	12,500
To P's Current A/c	—	—	30,000	—	By R Capital A/c's	—	—	—	10,000
To B's Capital A/c	12,500	10,000	7,500	—	By P Capital A/c	—	—	—	7,500
To Cash A/c	41,500	26,000	—	—	By Partner Current A/c	24,000	12,000	—	—
					By Cash A/c	—	—	19,500	—
	54,000	**36,000**	**37,500**	**35,000**		**54,000**	**36,000**	**37,500**	**35,000**

नोट :–

i. भिखारी की पूंजी की न्यनूता ३०,००० रु. को लखपति, धनवान एवं गरीब अपनी स्थाई पूंजी अनुपात ५:४:३ में भुगतेंगे।

ii. यदि पूंजी खाते परिवर्तनषील पद्धति से रखे गये हो : यदि साझेदारों के पूंजी खातों को परिवर्तनषील विधि से रखा गया होता तो समापन से पूर्व उनके खातों का निम्नलिखित शेष रहता :

	M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.
Balance of Capital Accounts	30,000	24,000	18,000	5,000
Add : Undistributed Profits	5,000	5,000	5,000	5,000
Adjustment of Current Accounts	(+)19,000	(+)7,000	(–)35,000	(–)20,000
	(+)54,000	(+)36,000	(–)12,000	(–)10,000

चूंकि गरीब के पूंजी खाते का डेबिट शेष है अतः वह भिखारी की पूंजी की न्यूनता को सहन नहीं करेगा। भिखारी की पूँजी की न्यूनता ३०,००० रु. को लखपती एवं धनवान ३ : २ अनुपात में सहेंगे।

Partner's Capital Accounts

Particulars	M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.	Particulars	M Rs.	R Rs.	P Rs.	B Rs.
To Balance b/d	—	—	17,000	15,000	By Balance b/d	49,000	31,000	—	—
To Realisation A/c	12,000	12,000	12,000	12,000	By P&L A/c	5,000	5,000	5,000	5,000
To B's Loan A/c	—	—	—	8,000	By Cash A/c	12,000	12,000	12,000	—
To B's Cap. A/c	18,000	12,000	—	—	By M Cap. A/c	—	—	—	18,000
To Cash A/c	36,000	24,000	—	—	By R Cap. A/c	—	—	—	12,000
					By Cash A/c	—	—	12,000	—
	66,000	**48,000**	**29,000**	**35,000**		**66,000**	**48,000**	**29,000**	**35,000**

टिप्पणी

उदाहरण (Illustration) : ५

अ, ब तथा स एक फर्म के लाभ हानि को २:१:२ के अनुपात में बांटते थे। ३१ दिसम्बर २००८ को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था :- (A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in proportions of 2:1:2. Their balance sheet on 31 December, 2008 was as follows) :–

		Rs.			Rs.
P.F.		1,500	Cash in hand and at Bank	Rs.	1,500
Workers Saving A/c		1,000	Investments		10,000
Investment Fluctuation Reserve		1,000	Debtors	15,000	
Firm Extension Reserve		5,000	Less : Provision	1,500	13,500
Creditors	10,000		Furniture		2,500
Less : Res.for discount	500	9,500	Stock		10,000
A's Loan A/c		5,000	Machinery		25,000
A's Capital A/c		50,000	Trade Mark		5,000
C's Capital A/c		2,000	B's Capital A/c		5,000
			Profit & Loss A/c		2,500
		75,000			**75,000**

इस तिथि को स को दिवालिया करार दे दिया गया। विभिन्न सम्पत्तियों की वसूली तथा दायित्वों का भुगतान इस प्रकार किये गये :- (On this date, C was declared as insolvent. The various assets were realized and liabilities paid off as follows) :–

(i) देनदारों को २५० रु. की छूट दी गई तथा १,००० रु. डूब गये। (Rs. 250 was allowed as discount to debtors and debtors worth Rs. 1,000 proved bad.)

(ii) आधा स्कंध १० प्रतिषत कम मूल्य पर लेनदारों को दे दिया गया तथा शेष लेनदारों का भुगतान चैक द्वारा कर दिया गया। (Half of the Stock was given to Creditors at 10% less than the book value of stock and the balance of the creditors were paid through cheque.)

(iii) विनियोगों से ९,५०० रु. वसूल हुए, फर्निचर अ द्वारा लिया गया, संयंत्र को १२,५०० रु. में नीलाम कर दिया गया; व्यापारिक चिन्ह २५ प्रतिषत कम मूल्य पर ब द्वारा रख लिया गया तथा शेष स्कंध पुस्तक मूल्य पर बेच दिया गया। (Investments were realized at Rs. 9,500, Furniture was taken by A, Machinery was auctioned for Rs. 12,500, B kept the trade marks at 25% less than the book value and the balance of the stock was sold at book value.)

(iv) १,००० रु. ऐसी सम्पत्तियों से वसूल हुए जिन्हें पुस्तकों में नहीं दर्षाया गया था। (Rs. 1,000 were realized from assets not shown in the books.)

(v) वसूली व्यय २,००० रु. हुए। (Realisation expenses amounted to Rs. 2,000.)

वसूली खाता, साझेदारों के पूंजी खाते तथा नकद व बैंक खाता यह मानते हुए बनाइये कि ब अपना वैधानिक दायित्व चुकाने के लिए पूर्णतया सक्षम है। (Prepare Realisation Account, Partner's Capital Account and the Cash and Bank Account assuming that B is fully competent to pay his legal dues).

हल (Solution) :

Realisation Account

		Rs.			Rs.
To Sundry Assets A/c :	Rs.		By Provident Fund A/c		1,500
Investment	10,000		By Provision for Bad Debts A/c		1,500
Debtors	15,000		By Workers Saving A/c		1,000
Furniture	2,500		By Investment Flu. Fund A/c		1,000
Stock	10,000		By Creditors A/c		10,000
Machinery	25,000		By Bank A/c:	Rs.	
Trade Mark	5,000	67,500	Debtors	13,750	
To Reserve for Dis. on Creditors A/c		500	Stock	5,000	
To Bank (Creditors) A/c		5,500	Machinery	12,500	
To Bank (PF & Saving A/cs) A/c		2,500	Investment	9,500	
To Bank (Realisation Expenses) A/c		2,000	Sundry Assets	1,000	41,750
			By B's Capital A/c (Trade Mark)		3,750
			By A's Capital A/c (Furniture)		2,500
			By Partners Capital A/c :	Rs.	
			A's Capital	6,000	
			B's Capital	3,000	
			C's Capital	6,000	15,000
		78,000			78,000

Cash and Bank Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	1,500	By Realisation A/c	5,500
To Realisation A/c	41,750	By Realisation A/c	2,500
To B's Capital A/c	11,250	By Realisation A/c	2,000
		By A's Loan A/c	5,000
		By A's Capital A/c	39,500
	54,500		**54,500**

Partners Capital Accounts

	A	B	C		A	B	C
	Rs.	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.	Rs.
To Balance b/d	—	5,000	—	By Balance b/d	50,000	—	2,000
To Realisation A/c	2,500	3,750	—	By Firm Extension			
To P&L A/c	1,000	500	1,000	Reserve A/c	2,000	1,000	2,000
To Realisation A/c	6,000	3,000	6,000	By Bank A/c	—	11,250	—
To C's Capital A/c	3,000	—	—	By A's Capital A/c	—	—	3,000
To Bank A/c	39,500	—	—				
	52,000	**12,250**	**7,000**		**52,000**	**12,250**	**7,000**

टिप्पणियाँ :-

(i) लेनदारों को दिये गये स्कंध के मूल्य १०,००० रु. x ½ x 90/100 = 4,500 रु. के लिए कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। लेनदारों को शेष भुगतान वसूली खाते में दर्षाया गया है।

(ii) पुस्तकों में न लिखी गई सम्पत्तियों की वसूली अन्य वसूली के साथ ही दर्शाई गई है।

(iii) भविष्य निधि तथा कर्मचारी बचत खाता फर्म के लेनदार होते हैं। उनका भुगतान किया गया है। विकास संचिति अवितरित लाभ का शेष है जो साझेदारों में लाभ हानि अनुपात में बांट दिया गया है।

(iv) स के पूंजी खाते की न्यूनता अकेला अ सहन करेगा क्योंकि अवितरित लाभ में ब के हिस्से के 1,000 रु. लिखने पर भी ब के पूंजी खाते का नाम का शेष है।

(v) प्रश्न में गार्नर बनाम मर्रे का फैसला लागू करने का उल्लेख न होने से सक्षम साझेदारों से वसूली की हानि के बराबर रोकड़ राशि मंगवाने का प्रावधान लागू नहीं किया गया है लेकिन दिवालिये साझेदार की पूंजी की हानि सहन करने का आधार सक्षम साझेदारों की पूंजी के शेष को ही माना गया हैं। इसका कारण यह है कि दिवालिये साझेदार की न्यूनता गार्नर बनाम मर्रे के फैसले के अनुसार सक्षम साझेदारों द्वारा अपनी वसूली की हानि के हस्तांतरण से पूर्व की पूंजियों के शेषों के अनुपात में ही सहन की जाती है चाहे उक्त निर्णय का पालन करने का संकेत साझेदारी समझौते में हो या नहीं।

उदाहरण (Illustration) : 6

अ, ब, स तथा द साझेदार है, लाभ हानि ४:३:२:१ के अनुपात में बांटते हैं। ३० जून, २००८ को उनकी स्थिति निम्नलिखित थी - (A, B, C and D are partners, sharing profits and losses in the ratio of 4:3:2:1. Their position on 30.06.2008 was as follows) :

		Rs.		Rs.
Capital A/c's :			Sundry Assets	32,000
	A	11,000	Loss to date	15,000
	B	11,000	B's Drawings	4,000
	C	6,000	D's Drawings	1,000
	D	4,000		
Creditors		20,000		
		52,000		52,000

१०,००० रु. के उधार क्रय का लेखा बहियों में नही हुआ था जबकि माल स्कन्ध में शामिल था। इस तिथि को उन्होंने फर्म का विघटन करने का निर्णय किया। सम्पत्तियों से वसूली २७,००० रु. हुई। अ तथा ब दोनों दिवालिये है। ब की निजी सम्पत्तियां ८,००० रु. तथा निजी दायित्व ७,००० रु. के है। द की निजी सम्पत्तियां ६,००० रु. तथा निजी दायित्व १,००० रु. है। यह मानते हुए कि सभी व्यवहार समय पर पूरे हो गये, सम्बन्धित खाते बनाइये। ब तथा द की सम्पत्तियों की वसूली क्रमश ४,००० रु. व ५,००० रु. हुई। साझेदारी संलेख के अनुसार दिवालिये साझेदार की हानि सक्षम साझेदार अपने लाभ हानि विभाजन अनुपात में बांटेंगे।

Credit purchase worth Rs. 10,000 were omitted from the books. However goods were included in stock. They decided to dissolve the firm on that date. The assets realised Rs. 27,000. A and B both are insolvent. B's private assets amounted to Rs. 8,000 and his private liabilities were Rs. 7,000. D's private assets are Rs. 6,000 and his private liabilities were Rs. 1,000. Show the relevant accounts assuming that all the transactions are put through on that date. B's estate realised Rs. 4,000 and D's estate realised Rs. 5,000. Partnership deed provides that deficiency of insolvent partners borne by solvent partners in their priofit sharing ratio.

टिप्पणी

हल (Solution) :

Realisation Account

	Rs.			Rs.
To Sundry Assets	32,000	By Creditors A/c Rs. (20,000+ 10,000)		30,000
To Cash A/c	30,000	By Cash A/c		27,000
		By Partners Capital A/c :	Rs.	
		A	2,000	
		B	1,500	
		C	1,000	
		D	500	5,000
	62,000			**62,000**

Cash Account

	Rs.		Rs.
To Realisation A/c	27,000	By Realisation A/c	30,000
To C's Capital A/c	2,000		
To D's Capital A/c	1,000		
	30,000		**30,000**

Partners Capital Account

Particulars	A	B	C	D	Particulars	A	B	C	D
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
To P&L Adjustment A/c	4,000	3,000	2,000	1,000	By Balance b/d	11,000	11,000	6,000	4,000
To Drawings A/c	—	4,000	—	1,000	By C's Capital A/c	667	1,333	—	—
To P&L A/c	6,000	4,500	3,000	1,500	By D's Capital A/c	333	667	—	—
To Realisation A/c	2,000	1,500	1,000	500	By Cash A/c	—	—	2,000	1,000
To A's Capital A/c	—	—	667	333					
To B's Capital A/c	—	—	1,333	667					
	12,000	**13,000**	**8,000**	**5,000**		**12,000**	**13,000**	**8,000**	**5,000**

टिप्पणी

जो लेनदार लेखांकित नहीं है उन्हें लाभ हानि समायोजन खाते के माध्यम से बहियों में लिया गया। वैकल्पिक तौर पर सीधा साझेदारों के पूंजी खातों को उनके लाभ हानि अनुपात में नाम कर लेनदारों को बहियों में लिया जा सकता है।

४.१.५.२.३ जब फर्म के सभी साझेदार अक्षम हों जाय (When all the partners of firm are in the position of Insolvency)

समापन के समय यदि फर्म के सभी साझेदार आर्थिक दृष्टि से अक्षम हो गये हों तो स्थिति जटिल हो सकती है। यदि फर्म की सम्पत्तियों से इतनी राशि वसूल हो जाय कि सारे लेनदारों के दावे पूरे किये जा सकें तो केवल साझेदारों के खातों का निपटारा ही शेष रह जाता है परन्तु इसके विपरीत उपलब्ध सम्पत्तियों की वसूली से इतनी राशि भी प्राप्त न हो जिससे लेनदारों का भुगतान पूरा किया जा सके तो लेनदारों को उपलब्ध राशि से संतोष करना पड़ेगा और उनके दावों का कुछ भाग बकाया (un paid) रह जावेगा और साझेदारों के ऋण खातों पर या पूंजी खातों पर फर्म से कुछ भी नहीं मिलेगा।

सभी साझेदारों के दिवालिया घोषित हो जाने से उनके निजी लेनदारों को चुकाने के पश्चात् अवशिष्ट थोड़ा बहुत आधिक्य भले ही फर्म में प्राप्त किया जाय अन्यथा फर्म की कमी पूरी करने के लिए वांछित राशि जुटाने की आशा उनसे नहीं की जा सकती अतः यदि फर्म के पास उपलब्ध राशि लेनदारों के लिए भी अपर्याप्त हो तो उपर लिखे अनुसार लेनदारों को उनके दावों तथा उपलब्ध राशि के अनुपात में भुगतान किया जायेगा। इसके विपरीत लेनदारों को चुकाने के पश्चात भी कुछ राशि अवशिष्ट रहे तो यह देखना होगा कि किन्हीं साझेदारों ने पूंजी के अतिरिक्त फर्म को कुछ ऋण तो नहीं दिये हैं। पूंजी लौटाने की अपेक्षा ऋणों के ब्याज सहित भुगतान को प्राथमिकता दी जावेगी। यदि राशि पूरे ऋण चुकाने के लिए अपर्याप्त हो तो विभिन्न साझेदारों के ऋण खातों की बकाया राशियों के अनुपात में उन्हें उपलब्ध राशि का भुगतान कर दिया जावेगा। इस स्थिति में ऋण खातों पर कुछ भाग बकाया (unpaid) रह जावेगा तथा किसी भी साझेदार के पूंजी खाते पर कुछ भी नहीं लौटाया जा सकेगा।

इससे कुछ अधिक अनुकूल स्थिति में लेनदारों के अतिरिक्त साझेदारों के ऋणों का भी पूरा पूरा भुगतान किया जा सकता है तदुपरान्त अवशिष्ट राशि कम रह जाय और किसी साझेदार के पूंजी खाते का अन्तिम रूप से नाम का शेष है परन्तु वह कुछ भी लाने में असमर्थ है तत्पश्चात जमा शेष वाले साझेदारों को उनके बकाया शेषों के अनुपात में उपलब्ध राशि बांट दी जावेगी।

अन्तिम रूप से सभी खातों के शेष एक विशेष तौर पर खोले गये ''बिना चुकाई गई राशि का खाता'' (Amount Unpaid Account) में स्थानान्तरित कर दिये जाते हैं। इस प्रकार अन्य सभी खाते तो बन्द होते ही हैं यह नया खाता भी स्वयं बन्द हो जाता है।

टिप्पणी

उदाहरण (Illustration) : ७

अ,ब तथा स समान साझेदार थे। ३१ दिसम्बर २००८ को फर्म का विघटन किया गया तब उनका चिट्ठा निम्नलिखित था – (A,B and C were equal Partners. Their Balance Sheet on 31.12.2008 Stood as under, when the firm was dissolved) :

	Rs.		Rs.
Creditors	32,000	Machinery	12,000
A's Capital	4,000	Furinture	3,000
B's Capital	3,000	Debtors	5,000
		Stock	4,000
		Bank	2,800
		C's Capital	12,200
	39,000		**39,000**

सम्पत्तियों की वसूली निम्नलिखित हुई – (The assets realised as under) :

मशीनरी ६,००० रु., फर्नीचर १,००० रु., देनदार ४,००० रु., स्कन्ध ३,००० रु.। वसूली व्यय १,४०० रु. (Machinery Rs. 6,000, Furniture Rs. 1,000, Debtors Rs. 4,000 and Stock Rs. 3,000. The expenses of realisation came to Rs. 1,400).

अ की निजी सम्पत्तियां उसके निजी दायित्व चुकाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं जबकि ब तथा स की निजी सम्पत्तियों में क्रमशः २,४०० रु. व ३,००० रु. का आधिक्य हैं। फर्म की बहियां बन्द करने के लिए आवश्यक खाते बनाइये। (A's personal properties are not sufficient to pay his personal liabilities. Whereas in B's and C's private estate there is a surplus of Rs. 2,400 and Rs. 3,000 respectively. Show necessary accounts closing the books of firm).

हल (Solution) :

Realisation Account

	Rs.			
To Machinery A/c	12,000	By Bank A/c		14,000
To Furniture A/c	3,000	Rs. (6,000 + 1,000 + 4,000 +3,000)		
To Debtors A/c	5,000	By Partner's Capital A/c	Rs.	
To Stock A/c	4,000	A	3,800	
To Bank A/c	1,400	B	3,800	
		C	3,800	11,400
	25,400			**25,400**

Creditors Account

		Rs.			Rs.
	To Bank A/c	20,800		By Balance b/d	32,000
	To Amount not paid or Deficiency A/c	11,200			
		32,000			**32,000**

Bank Account

		Rs.			Rs.
	To Balance b/d	2,800		By Realisation A/c	1,400
	To Realisation A/c	14,000		By Creditors A/c	20,800
	To B's Capital A/c	2,400		(Balancing Figure)	
	To C's Capital A/c	3,000			
		22,200			**22,200**

Partners Capital Account

	A Rs.	B Rs.	C Rs.		A Rs.	B Rs.	C Rs.
To Balance b/d	–	–	12,200	By Balance b/d	4,000	3,000	–
To Realisation A/c	3,800	3,800	3,800	By Bank A/c	–	2,400	3,000
To Amount unpaid or Deficiency A/c	200	1,600	–	By Amount unpaid or Deficiency A/c	–	–	13,000
	4,000	**5,400**	**16,000**		**4,000**	**5,400**	**16,000**

Amount unpaid or Deficiency Account

		Rs.			Rs.
	To C's Capital A/c	13,000		By Creditors A/c	11,200
				By A's Capital A/c	200
				By B's Capital A/c	1,600
		13,000			**13,000**

टिप्पणी

४.१.५.३ पुनर्मूल्यांकन खाते तथा वसूली खाते में अन्तर (Difference between Revaluation Account and Realisation Account)

क्रम सं.	अन्तर का आधार	पुनर्मूल्यांकन खाता	वसूली खाता
१.	बनाने की आवष्यकता	नये साझेदार के प्रवेष, साझेदार के अवकाष ग्रहण करने, साझेदार की मृत्यु होने तथा फर्मों का एकीकरण व संविलियन होने पर (यदि पुरानी बहियॉ चालू रखी जायं) बनाया जाता है।	फर्म के विघटन, कम्पनी का व्यवसाय बेचने आदि पर बनाया जाता है
२.	बनाने की विधि	सम्पत्तियॉ तथा दायित्वों के पुस्तक मूल्य तथा वर्तमान में निर्धारित मूल्य का अन्तर इसमें हस्तान्तरित करते हैं।	इसे दोनों ही रीतियों से बनाया जा सकता है। सामान्यतः सम्पत्तियों व दायित्वों के पुस्तक मूल्य इस खाते में हस्तांतरित किये जाते हैं।
३.	अन्य नाम	इसे लाभ–हानि समायोजन खाता भी कहते हैं।	इसे समापन खाता भी कहते हैं।
४.	हानि विभाजन	इसमें हानि का विभाजन साझेदारों के आपसी ठहराव के अनुसार करते हैं। यदि ठहराव हो तो कोई एक साझेदार भी पूरी हानि सहन कर सकता है।	इसका लाभ अथवा हानि फर्म में लाभ हानि विभाजन अनुपात में सभी साझेदारों मे बांटा जाता है।
५.	हानि की रकम नकद लाना	इसकी हानि की रकम नकद लाने की स्थिति उत्पन्न नहीं होती है।	गार्नर बनाम मर्रे के मुकदमें का निर्णय लागू होने पर वसूली की हानि नकद लानी होती है।
६.	फर्म का अस्तित्व	इसके बनाने के बाद फर्म के संगठन में परिवर्तन आ जाता है।	इसके बनाने के बाद फर्म का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है।

४.२ सम्पत्तियों की धीरे-धीरे वसूली तथा राशि का क्रमिक वितरण (Gradual realization of assets and piecemeal distribution of amounts)

पिछले में पृष्ठों में फर्म के विघटन का विवेचन करते समय यह माना गया कि सभी सम्पत्तियों की वसूली एक साथ हो जाती है तथा लेनदारों एवं साझेदारों को भुगतान भी तत्काल ही कर दिया जाता है। यह मान्यता व्यावहारिक नहीं है क्योंकि व्यवहार में सम्पत्तियों को धीरे-धीरे उचित समय आने पर ही बेचा जाता है जिससे अधिक से अधिक वसूली की जा सके। बेचनें में शीघ्रता करने से अधिक हानि होने का भय भी रहता है। समापन कार्य का अंतिम परिणाम सभी सम्पत्तियों की वसूली एवं सभी दायित्वों के भुगतान हो जाने के बाद ही ज्ञात हो सकता है लेकिन प्राप्त रोकड़ राशि का वितरण विभिन्न पक्षों में वसूली के साथ ही कर दिया जाता है।

४.२.१ भुगतान का क्रम (Order of Payment)

वसूली सम्बन्धी व्यय घटाने के पश्चात् उपलब्ध राशि विभिन्न पक्षों को निम्नलिखित क्रम से भुगतान की जाती है :-

(i) सुरक्षित लेनदारों के दावों का निपटारा : सुरक्षित लेनदारों से अभिप्राय फर्म के उन लेनदारों से है जिनके पास फर्म की संपत्ति जमानत के रूप में विद्यमान है। जमानत के रूप में दी गई संपत्ति का मूल्य उक्त लेनदारों के कुल दावे की राशि के बराबर, या उससे अधिक या कम हो सकता है। प्रथम दो स्थितियों में लेनदारों पूर्ण सुरक्षित लेनदार माना जाता है जबकि अंतिम स्थिति में उसे अंशतः सुरक्षित लेनदार कहते हैं। स्पष्टतः पूर्णतया सुरक्षित लेनदार सर्वप्रथम अपना भुगतान प्राप्त कर लेते हैं। उनका दावा पूर्णतः भुगतान हो जाने के बाद अवशिष्ट राशि फर्म को वापस मिल जाती है। इससे ठीक विपरीत अंशतः सुरक्षित लेनदार अपने पास विद्यमान जमानत के मूल्य तक अपने दावे का भुगतान प्राप्त कर लेते हैं तथा शेष दावे के लिए ये भी फर्म के असुरक्षित लेनदारों के ही समान फर्म की संपत्तियों से होने वाली वसूली में से भुगतान की आशा करते हैं।

(ii) प्राथमिकता वाले लेनदारों का पूर्व भुगतान : असुरक्षित लेनदारों में से कुछ लेनदारों को अन्य लेनदारों की तुलना में भुगतान में प्राथमिकता दी जाती है। उन्हें पूर्वाधिकारी लेनदार (Preferential creditors) कहते हैं। इनके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं :- केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों को देय कर, स्थानीय सत्ताओं तथा अर्द्ध सरकारी संस्थाओं को देय बकाया राशि, दिवालिया अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित सीमाओं तक कर्मचारियों का वेतन, किराया आदि। पर्याप्त राशि उपलब्ध होने की अवस्था में इनको पूरा भुगतान करने के बाद ही असुरक्षित लेनदारों के दावों पर विचार किया जा सकता है। इसके विपरीत यदि कुल उपलब्ध राशि इनके लिए भी अपर्याप्त रहे तो इन्हें इनके दावों के अनुपात में भुगतान कर दिया जाता है तथा अन्य लेनदारों को भुगतान करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(iii) असुरक्षित लेनदारों को उनके दावों का भुगतान : जब तक किसी विशेष लेनदारों को किसी विशिष्ट संपत्ति पर प्रभार (Specific charge) या सभी संपत्तियों पर समान प्रभार (floating charge) न सौंपा गया हो, तो उन्हें फर्म के असुरक्षित लेनदारों की श्रेणी में रखा जाता हैं तथा साझेदारों के ऋण अथवा पूंजी पर कोई भी राशि लौटाने से पूर्व इनका पूरा भुगतान किया जाता है। इनके कुल दावों की तुलना में राशि अपर्याप्त होने की स्थिति में इनको भी इनके दावों के अनुपात भुगतान किया जाता है।

(iv) साझेदारों से ऋण : इसके पश्चात् साझेदारों से प्राप्त किये गये ऋण का भुगतान किया जाता है। यदि एक से अधिक साझेदारों से ऋण लिये गये हों और राशि अपर्याप्त हो तो इन्हें भी भुगतान ऋणों की राशि के अनुपात में किया जाता है।

(v) साझेदारों को उनकी पूंजी लौटाना : भुगतान क्रम में साझेदारों की पूंजी लौटाने का कार्य सबसे अंत में होता है। विभिन्न साझेदारों को उनके पूंजी खातों पर देय अंतिम राशि की गणना करते समय उनके पूंजी खातों के शेषों में निम्नलिखित मदों का समायोजन करना आवश्यक होता है :-

(i) अवितरित लाभ जैसे सामान्य संचिति, लाभ हानि खाते का जमा का शेष तथा अन्य संचितियाँ आदि।
(ii) लाभ हानि खाते का नाम का शेष (यदि पहले हस्तान्तरित न किया गया हो।)
(iii) साझेदारों के आहरण तथा चालू खातों के शेष।
(iv) पूंजी खातों पर देय ब्याज तथा आहरण खातों पर वसूली योग्य ब्याज की राशि।
(v) संपत्तियों की वसूली पर होने वाले लाभ अथवा हानि।

टिप्पणी

फर्म के विघटन की तिथि पर बहियों में दर्शाये गये पूंजी खातों के शेषों में उपरोक्त के लिए आवश्यक समायोजन करने के बाद साझेदारों को अंतिम रूप से देय या उनसे प्राप्य राशियां ज्ञात हो जाती हैं। उपलब्ध राशि का वितरण साझेदारों में करने के लिए कोई सर्वसम्मत या परम्परागत ऐसी विधि अपनानी होती है जो न्याय संगत हो तथा साझेदारों में कोई विवाद भी उत्पन्न न हो।

४.२.२ साझेदारों में राशि के क्रमिक वितरण का आधार (Basis of gradual distribution of cash amongst the partners)

शेष रकम को साझेदारों में लाभ-हानि अनुपात में बांटना उचित नहीं हैं, क्योंकि यदि आरम्भ से ही उनकी पूंजी लाभ-हानि अनुपात में समायोजित न हो तो अन्त में न चुकाई जा सकने वाली राशियां, लाभ-हानि अनुपात में नहीं होंगी। इसी प्रकार साझेदारों में, उपलब्ध रोकड़ को उनके पूंजी अनुपात में भी नहीं बांटा जा सकता है क्योंकि ऐसा करने पर अतंतः न चुकाई जाने वाली राशियां पूंजी अनुपात में रह जायेंगी। अतः इस समस्या के हल हेतु एक विशेष विधि अपनानी होगी जिससे अन्त में वसूली की हानि (Realisation Loss) को साझेदार, लाभ-हानि विभाजन अनुपात में सहन करें तथा एक बार भुगतान के बाद उनसे रकम वापस मंगवानी न पड़े। यदि किसी फर्म के साझेदारों के पूंजी अनुपात तथा लाभ विभाजन अनुपात समान हैं तो उपलब्ध रकम का वितरण किसी भी अनुपात में किया जा सकता है परन्तु दोनों भिन्न-भिन्न होने पर उपलब्ध रकम का वितरण निम्नलिखित में से किसी एक रीति द्वारा किया जाना चाहिये।

४.२.२.१ अधिकतम पूंजी पद्धति (Surplus Capital Method)

इस रीति के अन्तर्गत साझेदारों की पूंजी लौटाते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि लाभ-विभाजन अनुपात के अनुसार एक साझेदार की पूंजी दूसरे साझेदार की पूंजी की तुलना में कितनी अधिक है। इसके लिए प्रत्येक साझेदार को देय अंतिम पूंजी के शेष में उसके लाभ विभाजन अनुपात का भाग दिया जायेगा। जिसका भागफल न्यूनतम आये उसे आधार मानते हुए प्रत्येक साझेदार की पूंजी का आधिक्य ज्ञात किया जाता है। जिस साझेदार की पूंजी का आधिक्य हो उसे पहले भुगतान किया जायेगा। जब प्रत्येक साझेदार की पूंजी लाभ-विभाजन अनुपात में रह जाय तब वितरण लाभ-विभाजन अनुपात में किया जायेगा। उदाहरण के लिए 'अ' की पूंजी ७,५०० रु., 'ब' की पूंजी ६,००० रु. तथा 'स' की पूंजी २,००० रु. है। उनका लाभ-विभाजन अनुपात २ : २ : १ है।

'स' की पूंजी भी न्यूनतम है तथा लाभ अनुपात भी कम है। इसे आधार मानने पर लाभ - विभाजन अनुपात के अनुसार 'ब' की पूंजी ४,००० रु. तथा 'अ' की पूंजी ४,००० रु. होगी। आधिक्य पूंजी निम्नलिखित है :-

	A (Rs.)	B Rs.	C Rs.
Actual Balance	7,500	6,000	2,000
Adjustment of capital on the basis of C	4,000	4,000	2,000
Surplus Capitals	3,500	2,000	—

टिप्पणी

'अ' तथा 'ब' के बीच तुलना करने पर यह ज्ञात होता है कि दोनों का अनुपात समान होने के कारण 'अ' का आधिक्य 'ब' की अपेक्षा १,५०० रु. अधिक है। 'ब' तथा 'स' को पूंजी लौटाने के पहले 'अ' की पूंजी का आधिक्य १,५०० रु. जो 'ब' के आधिक्य से भी अधिक है, पहले चुकाया जायेगा फिर 'अ' तथा 'ब' का पूरा आधिक्य चुकाने के बाद तीनों को २:२:१ के अनुपात में भुगतान मिलना प्रारम्भ हो जावेगा। आधिक्य पूंजी का भुगतान हो जाने के बाद तीनों के पूंजी खातों के शेष लाभ-विभाजन अनुपात में हो जावेंगे। इसके बाद वितरण करने में कोई कठिनाई नहीं होगी क्योंकि अब वितरण लाभ-विभाजन अनुपात में किया जावेगा।

अर्थात साझेदारों के ऋणों का पूरा भुगतान कर देने के पश्चात सम्पत्तियों की शेष वसूली में से प्रथम १,५०० रु. 'अ' को चुकाये जायेंगे। अगली वसूली में से प्रथम ४,००० रु. तक की वसूली 'अ' तथा 'ब' में बराबर (२:२) के अनुपात में वितरित की जायेगी। इसके बाद होने वाली वसूली तीनों साझेदारों में २:२:१ के अनुपात में वितरित की जायेगी।

यदि इस उदाहरण में प्रथम वसूली के समय २,५०० रु. प्राप्त हों तो अ को १,५०० रु. + ५०० रु. = २,००० रु. तथा ब को ५०० रु. प्राप्त होंगे। द्वितीय वसूली में ४,००० रु. प्राप्त होने पर क्रमशः अ, ब और स को १,९०० रु. (१,५०० रु. + ४०० रु.); १,९०० रु. (१,५०० रु. + ४०० रु.) तथा २०० रु. प्राप्त होंगे। इससे भिन्न यदि इसी फर्म में प्रथम वसूली से ५,५०० रु. प्राप्त हों तो अ तथा ब को क्रमशः ३,५०० रु. तथा २,००० रु. प्राप्त होंगे।

उदाहरण (Illustration) : ८

अ, ब तथा स साझेदार है **२:१:१** के अनुपात में लाभ-हानि बांटते है। फर्म के समापन की तिथि को उनका चिट्ठा इस प्रकार था : (A, B and C are partners share Profits and Losses in proportions of 2:1:1. On the date of dissolution their Balance Sheet was as follows) :

		Rs.		**Rs.**
Creditors		14,000	Sundry Assets	40,000
Capital A/c's :				
A	10,000			
B	10,000			
C	6,000	26,000		
		40,000		40,000

सम्पत्तियों से ३४,००० रु. वसूल हुए जो १४,००० रु.; १०,००० रु. तथा १०,००० रु. की किस्तों में प्राप्त हुए। अधिकतम पूंजी विधि से वसूली की राशि का विवरण पत्रक बनाइये। (The assets realized Rs. 34,000 which were received in instalments of Rs. 14,000 Rs. 10,000 and Rs. 10,000. Show distribution of proceeds of realization according to surplus capital method).

टिप्पणी

हल (Solution) :

Statement Showing Distribution of Proceeds

Liabilities and Capital / Particulars	Creditors	A	B	C
	Rs.	**Rs.**	**Rs.**	**Rs.**
Amount due	14,000	10,000	10,000	6,000
First Instalment of Rs. 14,000 paid to creditors	14,000	—	—	—
Balance due	Nil	10,000	10,000	6,000
Second Instalment of Rs. 10,000				
Rs. 4,000 paid to B		—	4,000	—
Balance due		10,000	6,000	6,000
Rs. 2,000 paid to B and C in the ratio of 1 : 1		—	1,000	1,000
Balance due		10,000	5,000	5,000
Rs. 4,000 paid to partners in proportions of 2 : 1: 1		2,000	1,000	1,000
Balance due		8,000	4,000	4,000
Third Instalment of Rs. 10,000 distributed in partners in the ratio of 2 : 1 : 1		5,000	2,500	2,500
Balance unpaid or loss realisation bear in the				
ratio of 2 : 1 : 1		**3,000**	**1,500**	**1,500**

कार्य टिप्पणी (Working notes) :

Calculation of Surplus Capital

	A	B	C
Profit sharing ratio	2	1	1
	Rs.	Rs.	Rs.
Balance of Capital	10,000	10,000	6,000
Proportionate Capital (Taking A as the basis)	10,000	5,000	5,000
Excess Capital	—	5,000	1,000
Proportionate capital between B and C (Taking "C" as basis)	—	1,000	1,000
Excess of B's Capital	—	4,000	—

इसमें सबसे पहले ब को ४,००० रु. का भुगतान होगा इसके बाद अगले २,००० रु. ब तथा स में बराबर बांटे जायेंगे। इसके बाद वसूल हुई राशि तीनों साझेदारों में २:१:१ के अनुपात में बांटी जायेगी।

साझेदारों को अन्तिम रूप से देय कुल राशि की गणना करते समय उनके पूंजी खातों में अवितरित लाभ-हानि खातों का समायोजन कर देना चाहिए। यह इससे पूर्व स्पष्ट किया जा चुका है कि जब तक साझेदार सक्षम हों उनके द्वारा फर्म को दिये गये अथवा फर्म से लिये गये दोनों प्रकार के ऋणों को पूंजी खातों में स्थानान्तरित नहीं किया जाना चाहिए। साझेदारों के ऋण खातों पर लेन देन पहले किया जायेगा इसके बाद ही पूंजी खातों के लिए भुगतान करना प्रारम्भ किया जा सकता है। साझेदारों के ऋण खातों को पूंजी खातों में केवल तभी हस्तांतरित किया जाना चाहिए जब साझेदार दिवालिया हो चुका हो और उसकी पूंजी की न्यूनता की गणना की जा रही हो।

यदि प्रश्न में कोई सम्पत्ति किन्हीं लेनदारों के पास गिरवी रखी हुई हो तो उससे वसूल राशि में से लेनदार का भुगतान करने पर शेष राशि ही उपलब्ध राशि में शामिल की जावेगी। इसके विपरीत यदि वसूल हुई राशि लेनदार के दावे से कम पाई जाय तो शेष दावे का भुगतान आगामी वसूली होने वाली किश्त में से किया जावेगा।

उदाहरण (Illustration) : ९

अमित, कपिल तथा विपिन साझेदार हैं तथा २:१:१ के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते हैं। ३१ दिसम्बर २००८ को फर्म का समापन हुआ। उस तिथि को चिट्ठा निम्नलिखित था :- (Amit, Kapil and Vipin were in partnership sharing profits and losses in the ratio of 2:1:1. The firm was dissolved on 31.12.2008. On that date, the Balance Sheet was as under) :

		Rs.		Rs.
Sundry Creditors		5,000	Premises	40,000
Loan (on mortgage of premises)		30,000	Sundry Debtors	60,000
Amit's Loan		15,000	Stock	70,000
General Reserve		10,000	Cash	3,000
Partner’s Capitals A/c's :	Rs.			
Amit	50,000			
Kapil	40,000			
Vipin	23,000	1,13,000		
		1,73,000		**1,73,000**

सम्पत्तियाँ निम्नलिखित प्रकार से शनैः शनैः वसूल की गई। (The assets were realized in piecemeals as follows) :

जून २००९ - भवन के सुरक्षित ऋण के भुगतान के पश्चात् शेष ५,००० रु. प्राप्त हुए। (Rs. 5,000; received after meeting in full the mortage loan).

टिप्पणी

जुलाई २००९ - देनदारों से १५,००० रु. तथा स्टाक से १०,००० रु. (Rs. 15,000 from Debtors; Rs. 10,000 from Stock)

अगस्त २००९ - देनदारों से २०,००० रु. तथा स्टाक से २५,००० रु. (Rs. 20,000 from Debtors; Rs. 25,000 from Stock)

सितम्बर २००९ - देनदारों से १७,००० रु. तथा स्टाक से २०,००० रु. (अन्तिम) (Rs. 17,000 from Debtors; Rs. 20,000 from Stock finally)

कपिल ने शेष स्टॉक ३,००० रु. में ले लिया। (The remaining stock was taken over by Kapil at an agreed value of Rs. 3,000).

विविध लेनदारों को ४,००० रु. पूर्ण भुगतान के रूप में चुकाये गये। (The Sundry creditors were settled for Rs. 4,000).

साझेदारों ने प्राप्त राशि को उसी समय बांटने का निर्णय लिया जब वह वसूल हों (The partners decided to distribute cash as and when realized).

'अधिकतम सापेक्ष पूंजी' विधि का प्रयोग करते हुए रोकड़ वितरण पत्रक बनाइये। (You are required to show the distribution of cash, applying the 'Highest Relative Capital' method).

हल (Solution) :

(i) ऋण के चुकाने के पष्चात् बचे ५,००० रु. को प्रारंभिक शेष ३,००० रु. में जोड़ना होगा।

(ii) साझेदारों की आधिक्य पूंजी की गणना

(Calculation of Surplus Capital)

	Amit	Kapil	Vipin
	Rs.	Rs.	Rs.
Capital (After adjustment of Reserve)	55,000	42,500	25,500
Profit Sharing ratio	2	1	1
Proportionate Capitals taking Vipin as base	51,000	25,500	25,500
Excess Capital	4,000	17,000	—
Proportionate Capitals between Amit and Kapil			
taking Amit as base	4,000	2,000	—
Excess of Kapil's Capital	—	15,000	—

(iii) प्राप्त रोकड़ में से कपिल को सर्वप्रथम १५,००० रु. प्राप्त होंगे। इसके बाद अगले ६,००० रु. का भुगतान अमित व कपिल में २:१ में किया जायेगा। इसके बाद की वसूली तीनों साझेदारों में २:१:१ में बांटी जायेगी।

अमित के ऋण को चुकाने के बाद जुलाई में बचे १४,००० रु. कपिल को दिये जाय। अगस्त की वसूली में से प्रथम १,००० रु. कपिल को तथा ४,००० रु. अमित एवं २,००० रु. कपिल को देने के पश्चात् शेष ३८,००० रु. को तीनों साझेदारों में लाभ-हानि अनुपात में बांटना है।

Liabilities & Capital / Particulars		S. Crs.	Amit's loan	Amit's capital	Kapil's capital	Vipin's capital
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Amount due		4,000	15,000	55,000	42,500	25,500
	Rs.					
June : Opening Balance	3,000					
Surplus from fully secured Crs.	5,000					
Payment made	8,000	4,000	4,000			
Amount due		—	11,000	55,000	42,500	25,500
Balance Due		Nil	11,000	55,000	42,500	25,500
July :						
Realisation from assets Rs. 25,000						
used for Payment to Amit's Loan & Kapil Capital		—	11,000	—	14,000	—
August : Balance due		—	—	55,000	28,500	25,500
Realisation from assets Rs. 45,000						
used for Payment to partners against Capital		—	—	23,000	12,500	9,500
Balance due				32,000	16,000	16,000

Liabilities & Capital / Particulars	S. Crs.	Amit's loan	Amit's capital	Kapil's capital	Vipin's capital
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
September :					
Realisation from assets Rs. 40,000					
(including stock) used for					
Payment *including stock Rs. 3,000 to partners			20,000	10,000*	10,000
Realisation Loss			12,000	6,000	6,000

टिप्पणी

४.२.२.२ अधिकतम हानि पद्धति (Maximum Loss Method)

इस रीति के अन्तर्गत प्रत्येक वसूली का वितरण करते समय यह माल लिया जाता है कि सम्पत्तियों से या किसी साझेदार से भविष्यि में कुछ भी वसूल नहीं हो सकेगी। इस हानि को साझेदारों के बीच लाभ-विभाजन अनुपात में बाँट देंगे। शेष बची हुई रकम साझेदारों को वितरण में मिलने वाली रकम होगी। यदि वितरण के समय साझेदारों की पूंजी का शेष नाम पक्ष का आ जाय तो उसे अन्य साझेदारों में गार्नर बनाम मर्रे के मुकदमें के निर्णय के अनुसार पूंजी अनुपात में बांट दिया जायेगा। गार्नर बनाम मर्रे का निर्णय लागू न होता हो तो हानि को लाभ-विभाजन अनुपात में बांटेंगे।

पत्रक निर्माण की प्रक्रिया (Procedure for preparation of statement) : इस रीति के अन्तर्गत रोकड़ वितरण पत्रक के निर्माण में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनानी चाहिए –

(अ) हस्तस्थ रोकड़ तथा वसूली की राशि को सर्वप्रथम बाह्य ऋणों तथा लेनदारों को चुकाना होगा तथा उसके बाद साझेदारों के ऋणों का भुगतान करना होगा।

(आ) शेष उपलब्ध राषि का वितरण साझेदारों के मध्य करना है इसके लिए साझेदारों के पूंजीखातों के शेष, चालू खातों के शेष (यदि कोई हो) संचय तथा लाभ–हानि खाते के शेषों को समायोजित करके साझेदारों को कुल देय राषि (Amount due) ज्ञात करनी होगी। यदि उपलब्ध राषि साझेदारों को देय राषि के समान हो तो वितरण प्रक्रिया सरल हो जाती है।

(इ) प्रत्येक किस्त से प्राप्त राशि की तुलना साझेदारों को देय कुल राशि से करनी होती है। इस अन्तर को (यह मानते हुए कि भविष्य में सम्पत्तियों से कुछ भी वसूली नहीं होगी) सम्भावित अधिकतम हानि (Probable Maximum Loss) कहेंगे। वास्तविक हानि का पता तो सभी सम्पत्तियों को बेचने के बाद ही लग सकता है।

(ई) इस अधिकतम हानि को सभी साझेदारों में लाभ-हानि विभाजन अनुपात (Profit and Loss Sharing Ratio) में बाँटते हैं। तत्पश्चात् साझेदारों के खातों के शेष उपलब्ध राशि के बराबर होंगें।

(उ) इस हानि (उपरोक्त ई के अनुसार) को बांटने के पश्चात् यदि किसी साझेदार के खाते का शेष नाम का आ जाय तो उसकी पूंजी की हानि को शेष साझेदार 'गार्नर बनाम मर्रे' के नियम के अनुसार पूंजी अनुपात में बाँट लेंगे। इन नियम के लागू न होने की स्थिति में ऐसे साझेदार की पूंजी की हानि को शेष साझेदार लाभ विभाजन अनुपात में सहन करेंगे।

(ऊ) जैसे ही साझेदारों के शेष उपरोक्त प्रक्रिया में घनात्मक (जमा शेष) आ जाते हैं उनको भुगतान कर दिया जायेगा। यह वही राशि होगी जो वसूली से प्राप्त हुई है।

(ए) यदि एक साझेदार के पूंजी खाते के नाम शेष वितरित करने पर दूसरे साझेदार के पूंजी खाते में

नाम शेष हो जाये तो उसकी कमी भी शेष साझेदार उपरोक्त बतलाये गये (उ) के अनुसार सहन कर लेगें।

(ऐ) साझेदारों को भुगतान के पश्चात् पुनः उनके खातों के शेष ज्ञात किये जायेंगे तथा अगली किश्त की प्राप्त राशि से तुलना करके पुनः पिछली प्रक्रिया दोहराई जायेगी।

(ओ) विपरीत सूचना के अभाव में यही माना जायेगा कि गार्नर बनाम मर्रे का नियम लागू होता है।

सावधानियाँ

(१) हस्तस्थ रोकड़ (Cash in hand) को पत्रक बनाते समय की किश्त की भांति समझा जाय।

(२) प्रत्येक किश्त की वसूली में हुए वास्तविक व्यय को घटाकर ही बांटने योग्य राशि ज्ञात होती है।

(३) पत्रक बनाते समय साझेदारों को देय राशि सामान्य संचिति (General Reserve), लाभ-हानि खाता (Profit and Loss Account) आदि के शेषों को समायोजित करके ही ज्ञात करनी चाहिए।

(४) यदि समापन व्यय के लिए एक मुश्त रकम (Lump Sum) अलग रखनी होती होती है तो बांटने योग्य किश्त की राशि उस समय इससे कम कर दी जायेगी। आगे चलकर इस प्रावधान तथा इससे सम्बन्धित वास्तविक व्यय की तुलना करके, अंतर से अंतिम किश्त को समायोजित कर देना चाहिए।

(५) कभी कभी प्रश्न में विभिन्न संपत्तियों से समय समय पर होने वाली वसूली तथा प्रत्येक बार चुकाये गये खर्च के संबंध में विस्तृत विवरण दिया जाता है। इससे उपरोक्त प्रक्रिया में कोई अन्तर नहीं आता। प्रत्येक अवसर पर उपलब्ध राशि की गणना करते समय उस समय विभिन्न संपत्तियों से वसूली गई राशियों के योग में से इससे संबंधित खर्चे घटा दिये जाते हैं। अन्त में वसूली समाप्त होने पर पुस्तक मूल्य में से कुल वसूली घटाने पर तथा ज्ञात शेष हानि में वसूली के खर्चे जोड़ने पर कुल हानि ज्ञात हो जाती है। अन्यथा वितरण पत्रक बनाने की प्रक्रिया में कोई अन्तर नहीं आता।

(६) यदि साझेदारों में कोई अवयस्क साझेदार है तो वह हानियों में हिस्सेदार नहीं होता इसलिए उसे साझेदारों को भुगतान करते समय सर्वप्रथम भुगतान किया जाता है।

उदाहरण (Illustration) : १०

अ, ब तथा स एक फर्म में लाभ हानि वितरण अनुपात ३:२:१ था। ३० जून २००८ को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था :- (The ratio of sharing profit or loss of A, B and C in the firm was 3 : 2 : 1. Their Balance sheet as on 30 June, 2008 was) :–

टिप्पणी

	Rs.		Rs.
Creditors	2,10,000	Cash in Hand	28,000
Capital A/cs :		Sundry Debtors	2,94,000
A	1,40,000	Stock	1,12,000
B	70,000		
C	14,000		
	4,34,000		**4,34,000**

फर्म द्वारा एक ५,००० रु. का प्राप्तव्य बिल बैंक से कटौती पर भुनाया गया था जिसकी भुगतान तिथि ३० नवम्बर २००८ है। यह निर्णय किया गया कि प्रत्येक माह की वसूली माह के अंत में सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखते हुए उचित क्रम से वितरित कर दी जाय। विभिन्न वसूलियां तथा उन पर वसूली व्यय इस प्रकार हुए :- (The firm had discounted a bills receivable with the bank worth Rs. 5,000, the due date of which was 30 November, 2008. It was decided that each month's collections be distributed in the due order at the end of the month as safely as possible. The various realisations and expenses related to them were as follows) :–

	देनदार तथा स्कंध (Drs. and Stock)	वसूली व्यय (Realisation Expenses)
	Rs.	Rs.
31.07.2008	84,000	7,000
31.08.2008	1,26,000	15,400
30.09.2008	70,000	4,900
31.10.2008	77,000	3,500
30.11.2008	35,500	3,500

सारा स्कंध बेच दिया गया। देनदारों से अब कोई वसूली होने की आशा नहीं है। कटौती पर किये गये प्राप्य विपत्र के स्वीकृतिकर्त्ता ने दातव्य तिथि पर बिल का भुगतान कर दिया। अधिकतम हानि पद्धति के अनुसार राशि के वितरण का पत्रक बनाइये। (The entire stock was disposed off. No further recoveries are expected from the Debtors. The acceptor of the bills receivable under discount paid the amount on the due date. Prepare a statement of distribution of cash under the maximum loss method).

हल (Solution) :

Particulars		Creditors	A	B	C
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Balance	Rs.	2,10,000	1,40,000	70,000	14,000
Cash in hand	28,000				
31.07 Realisation from assets	77,000				
(after deducting exp.)					
Used for payments to Creditors	1,05,000				
		1,05,000	—	—	—
Amount due		1,05,000	1,40,000	70,000	14,000
31.08 Realisation from assets Rs. 1,10,600 used for payments to creditors and retained for contingent liability of bills discontuned Rs. 5,000 and remaining Rs. 600 paid to A against Capital as per W.N. 1)		1,05,000	600	—	—
Amount due		—	1,39,400	70,000	14,000
30.09 Realisation from assets Rs. 65,100 used for payment to partners against capital as per working note - 2)		—	51,995	13,105	—
Amount due		—	87,405	56,895	14,000

Particulars	Creditors	A	B	C
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
31.10 Realisation from assets Rs. 73,500 used for payment to partners as per W.N. - 3)	—	44,916	28,584	—
Amount due	—	42,489	28,311	14,000
30.11 Realisation from assets Rs. 32,000 + Rs. 5,000 provided for contingent liabilities, now not required and paid to partners as per WN-4	—	18,589	12,378	6,033
Realisation Loss	**—**	**23,900**	**15,933**	**7,967**

Working Note :

31.08 Max. Loss = Total amount due to Partner – Available Amount

= Rs. 2,24,000 – Rs. 600 or Rs. 2,23,400

टिप्पणी

	A	B	C
August	**Rs.**	**Rs.**	**Rs.**
Balance due	1,40,000	70,000	14,000
Less : Max. Loss allocated in (3:2:1)			
= 2,24,000 – Rs. 600 or Rs. 2,23,400	(–)1,11,700	(–)74,467	(–)37,233
	28,300	(–) 4,467	(–) 23,233
Adjustment for negative balance borne by A	27,700	(+) 4,467	(+) 23,233
Paid	600	—	—
September			
Balance due	1,39,400	70,000	14,000
Less : Max. Loss allocated in (3:2:1)			
= 2,23,400 – Rs. 65,100 or Rs. 1,58,300			
distribute in 3 : 2 : 1	(–) 79,150	(–) 52,767	(–) 26,383
	60,250	17,233	(–) 12,383
Adjustment for negative balance borne by A & B in			
the ratio of 2 : 1	(–) 8,255	(–) 4,128	(+) 12,383
Paid	51,995	13,105	—
October			
Balance due	87,405	56,895	14,000
Less : Max. Loss = Rs. 158300 – Rs. 73,500 or			
Rs. 84,800 distribute in 3 : 2 : 1	(–) 42,400	(–) 28,267	(–) 14,133
	45,005	28,628	(–) 133
Adjustment of C's deficiency in 2 : 1	(–) 89	(–) 44	(+) 133
Paid	44,916	28,584	—
November			
Amount due	42,489	28,311	14,000

Realisation from Assets Rs. 37,000 including Prov. for B.R. discounted. Max. loss = Rs. 84,800 – Rs. 37,000 = Rs. 47,800 distribute in 3 : 2 : 1	(–) 23,900	(–) 15,933	(–) 7,967
Paid	**18,589**	**12,378**	**6,033**

उदाहरण (Illustration) : ११

अ, ब तथा स एक फर्म के लाभ-हानि को ५ : ३ : २ के अनुपात में बांटने वाले साझेदार थे। ३१ दिसम्बर २००७ को उनकी फर्म का स्थिति-विवरण निम्नांकित था जिस दिन उन्होंने फर्म का विघटन करना स्वीकार किया। (A, B and C were partners sharing the profits and losses in a firm in proportions of 5:3:2. The Balance Sheet of their firm on 31 December, 2007 was as follows, on which date they agreed to dissolve their firm).

	Rs.		**Rs.**
Creditors	5,000	Cash in hand	1,000
Bank overdraft	3,000	B.R.	10,000
Loan from X (mortgaged on stock)	2,000	Stock	9,000
General Reserve	6,000	Debtors	15,000
A's Loan	5,000	Furniture	7,500
B's Loan	2,500	Machinery	10,000
A's Caital A/c	23,500	Buildings	15,000
B's Caital A/c	11,600	Loss for the year	3,000
C's Caital A/c	11,900		
	70,500		**70,500**

सम्पत्तियों की वसूली पर १,५०० रु. व्यय होने का अनुमान था। सम्पत्तियों की वसूली शनैः शनैः इस प्रकार हुई : (The expenses of realization were estimated at Rs. 1,500. The assets were realized gradually as follows) :

(i) १० जनवरी को स्कंध के पुस्तक मूल्य का ५० प्रतिषत वसूल हुआ। (On 10th January, Stock was realized at 50% of book value.)

टिप्पणी

(ii) १५ फरवरी को देनदारों व प्राप्त विपत्रों पर आंशिक भुगतान ६,००० रु. मिला। (On 15th February, Debtors and B/R were partially realized at Rs. 6,000.)

(iii) २० मार्च को संयंत्र ६,००० रु. में बेचा गया। (On 20th March, Machinery was sold at Rs. 6,000.)

(iv) ३१ मार्च को फर्निचर का विक्रय ४,००० रु. पर किया गया। (On 31st March, Furniture was sold for Rs. 4,000.)

(v) ३० अप्रेल को भवन ५,००० रु. में बेच दिया गया। (On 30th April, Building was sold off at Rs. 5,000.)

(vi) १५ मई को शेष में से कुछ देनदार तथा प्राप्य विपत्रों से ९,००० रु. वसूल हुए। (On 15th May, some of the remaining Debtors and B/R realized Rs. 9,000.)

(vii) इसी दिन अ ने १,००० रु. के देनदारे ले लिये। (On very this day, A took the Debtors for Rs. 1,000 on his A/c.)

वास्तविक वसूली व्यय १,७५० रु. हुए। शनैः शनैः वसूल राशि का वितरण बताइये। (Actual realization expenses amounted to Rs. 1,750.) Show the distribution of amounts realized gradually.

हल (Solution) :

Distribution statement of Amounts realized gradually

Liabilities & Capital Particulars		Crs.	Bank over draft	A's Loan	B's Loan	Capital Accounts A	B	C
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Amount due		5,000	3,000	5,000	2,500	23,500	11,600	11,900
Add General Reserve		—	—	—	—	3,000	1,800	1,200
						26,500	13,400	13,100
Less : Loss		—	—	—	—	1,500	900	600
Amount due		5,000	3,000	5,000	2,500	25,000	12,500	12,500
Rs								
10th Jan. Cash in hand	1,000							
Surplus realized from								
Fully secured creditors	2,500							
	3,500							
Less : Provision for	1,500							

expenses Amount available for 2,000 Payment to Creditors & Bank overdraft in 5 : 3	1,250	750					
Amount due	3,750	2,250	5,000	2,500	25,000	12,500	12,500
15th Feb. Realised from Debtors & B/R and paid to Creditors and BOD in 5:3 Rs. 6,000	3,750	2,250					
Amount due	—	—	5,000	2,500	25,000	12,500	12,500
20th March Realised from Machinery Rs. 6,000 and paid to Partners Loan in 2 : 1			4,000	2,000			
	—	—	1,000	500	25,000	12,500	12,500
31st March Realised from Furniture Rs. 4,000 out of which Rs. 1,500 paid for partners Loan in 2:1 and cash remained Rs, 2,500			1,000	500	—	—	—
Amount payable for Rs. Capitals 50,000 Less : Cash available 2,500 Loss on realisation 47,500 Shared in 5 : 3 : 2 amongst Partners					23,750	14,250	9,500

					1,250	— 1,750	3,000
B's deficiency shared by A & Cin 2 : 1 (Original Capital ratio)					1,167	+1,750	583

Liabilities & Capital Particulars	Crs.	Bank over draft	A's Loan	B's Loan	Capital Accounts		
					A	B	C
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Amount paid					83	—	2,417
Amount due					24,917	12,500	10,083
30th April Realised Rs. 5,000							
From Building.							
